सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:40
अधिकतम तापमान : 25.5
न्यूनतम : 10.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-213 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 22 जनवरी 2026
02 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# लोकतंत्र की असली ताकत शुद्ध मतदाता सूची

■ एसआईआर पर विपक्ष के सवालों के बीच सीईसी ज्ञानेश कुमार का जवाब



**नई दिल्ली।** देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी चर्चाओं के बीच चुनाव आयोग ने अपना रुख साफ किया है। आयोग ने एसआईआर को लेकर विपक्ष के सवालों के बीच बुधवार को कहा कि शुद्ध मतदाता सूची ही लोकतंत्र को मजबूत करने की कुंजी है। यह बात मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने अंतरराष्ट्रीय चुनाव प्रबंधन संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में कही। उन्होंने बताया कि बिहार में पिछले साल हुए मतदाता सूची संशोधन के दौरान किसी भी मतदाता की शामिल या हटाने की कार्रवाई को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई।

ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में मतदाता सूची संशोधन और चुनाव संचालन में स्थानीय चुनाव मशीनरी ने बहुत दक्षता दिखाई। विपक्षी दल इस विशेष मतदाता सूची संशोधन पर भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर आरोप लगा रहे हैं कि यह वोटों में हेरफेर का एक प्रयास है, लेकिन सरकार और आयोग ने इसे खारिज कर दिया है।

विशेष मतदाता सूची संशोधन का दूसरा चरण 4 नवंबर, 2025 से अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में शुरू हुआ था। असम में अलग से 'विशेष संशोधन' जारी है। आयोग का कहना है कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य जन्म स्थान की जांच कर अवैध प्रवासियों को हटाना है, खासकर बांग्लादेश और म्यांमार से आए लोगों को। चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि नागरिकों का चुनाव प्रबंधन संस्थाओं पर रखा विश्वास अनमोल है। हर चुनाव के केंद्र में नागरिक होता है और यह सुनिश्चित करना चुनाव प्रबंधन संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि उनके चुनावी अधिकारों का सम्मान हो। आयोग के सदस्य विवेक जोशी ने कहा कि दुनिया के विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकाय, शोधकर्ता और छात्र भाग ले रहे हैं, जो चुनावों के विभिन्न पहलुओं पर विचार कर अपने संस्थानों में योगदान देंगे। इस सम्मेलन में लगभग 100 प्रतिनिधि करीब 70 देशों से शामिल हुए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की शक्ति पर उठाए गंभीर सवाल

■ मतदाता सूची से नाम कटे तो क्या होगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा है कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कोई साधारण प्रक्रिया नहीं है। अगर किसी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट से बाहर हो जाता है, तो इसके गंभीर नागरिक परिणाम हो सकते हैं। अदालत ने कहा कि किसी भी संवैधानिक संस्था की शक्ति असीमित नहीं हो सकती। यह टिप्पणी उन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान आई, जिनमें चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को चुनौती दी गई है।

यह मामला उस फैसले से जुड़ा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। इन याचिकाओं में बिहार सहित कई राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती दी गई है। मुख्य न्यायाधीश और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह देखा यह प्रक्रिया जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 व उसके तहत बने नियमों के अनुरूप है या नहीं। अगर किसी प्रक्रिया से नागरिक अधिकार प्रभावित होते हैं, तो कानून का पालन जरूरी है। मुख्य न्यायाधीश ने धारा 21(2) का हवाला देते हुए पूछा कि जब कानून में मतदाता सूची संशोधन की स्पष्ट प्रक्रिया दी गई है, तो उससे हटकर काम कैसे किया जा सकता है।

# जनभागीदारी से और भव्य होगा उत्तर प्रदेश दिवस : सीएम योगी

■ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि



**लखनऊ।** इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा जिसमें प्रदेश के प्रत्येक जनपद की सक्रिय सहभागिता, सांस्कृतिक विविधता और विकास यात्रा प्रदर्शित की जाएगी। 24 से 26 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास की उपलब्धियों को जनभागीदारी के माध्यम से एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा, यह केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं में गरिमा, अनुशासन और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह उपस्थित रहेंगे, जिससे आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान मिलेगी। राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर मुख्य समारोह आयोजित होगा और इसका सीधा प्रसारण पूरे प्रदेश में किया जाएगा। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर विशेष प्रदर्शनी और शिल्प मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश की विकास यात्रा, नवाचार, बुनियादी ढांचा, उद्योग, कृषि, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

### विशिष्ट व्यंजन एक ही परिसर में

इस साल 'एक जनपद-एक व्यंजन' को आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। इसके तहत प्रत्येक जनपद के पारंपरिक और विशिष्ट व्यंजन एक ही परिसर में उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि आगंतुक उत्तर प्रदेश के विविध स्वाद, खान-पान परंपराओं और स्थानीय पहचान से परिचित हो सकें।

# 2031 तक जारी रहेगी अटल पेंशन योजना

■ केंद्रीय मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला, अगले 5 साल तक मिलेगा फायदा




**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकार की प्रमुख अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही प्रचार, विकासात्मक गतिविधियों और गैप फंडिंग के लिए वित्तीय सहायता के विस्तार को भी स्वीकृति दी गई है। वित्तीय कमी की पूर्ति को गैप फंडिंग कहते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, असंगठित क्षेत्र के कामगारों के बीच पहुंच बढ़ाने के लिए जागरूकता एवं क्षमता निर्माण जैसी गतिविधियों को सरकारी समर्थन मिलता रहेगा। अटल पेंशन योजना की शुरुआत नौ मई 2015 को की गई थी। जिसका मकसद असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आय सुरक्षा प्रदान करना है। विज्ञप्ति के अनुसार, 19 जनवरी 2026 तक एपीवाई के तहत 8.66 करोड़ से अधिक सदस्य पंजीकृत हो चुके हैं। योजना के तहत योगदान के आधार पर 60 वर्ष की आयु के बाद 1,000 रुपये से 5,000 रुपये प्रति माह तक की न्यूनतम पेंशन की गारंटी का प्रावधान है।

## राजभवन अब जन भवन कहलायेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास राजभवन का नाम परिवर्तित कर जन भवन किया गया है। बुधवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली द्वारा राज्यपाल के आधिकारिक आवासों के नामकरण के मानकीकरण के संबंध में निर्गत निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास का नाम परिवर्तन किया गया है।

विज्ञप्ति के अनुसार इस निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल का आधिकारिक आवास तत्काल प्रभाव से समस्त शासकीय एवं वैधानिक प्रयोजनों के लिए जन भवन के नाम से अभिहित एवं संबोधित किया जाएगा।

# सरकार विपक्ष को ज्यादा मौका देने पर नाराज नहीं होती

■ पीठासीन सम्मेलन में बोले सीएम योगी




**लखनऊ।** विधानसभा मंडप में बुधवार को तीन दिवसीय 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन समारोह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि पीठ और सरकार की सोच प्रोएक्टिव (सक्रिय पहल की) होती है, रिएक्टिव (प्रतिक्रियावादी) नहीं होता। पीठ ने विपक्ष को अधिक मौका दे दिया तो सरकार रिएक्टिव नहीं होती।

योगी ने कहा कि पीठ पक्ष-विपक्ष में संतुलन बनाती है। सीएम ने यूपी के विधानसभा अध्यक्ष व विधान परिषद के सभापति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जहां भी ऐसे सम्मेलन होते हैं, दोनों लोग जाते हैं। वे केवल सदन की कार्यवाही तक सीमित नहीं रहते। सीएम ने ऐसे सम्मेलनों को सीखो-सिखाओ का मंच बताया। योगी ने कहा कि विधायिका लोकतंत्र की आधारभूत इकाई है। संविधान संरक्षक के रूप में यह अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए देश में न केवल विधायी कार्यों के लिए रूपरेखा तैयार करती है, बल्कि यह समग्र विकास की कार्ययोजना का मंच भी होती है।

सीएम ने कहा कि संविधान के तीन शब्द (न्याय, समता और बंधुता) भारत के लोकतंत्र की आत्मा के रूप में काम करते हैं। न्याय कैसे प्राप्त होना है, इसका कानून विधायिका के मंच पर तैयार होता है। समतामूलक समाज की स्थापना में सरकार की योजनाएं योगदान दे सकें, उसकी कार्ययोजना का स्थल विधायिका है। विधायिका बंधुता का उदाहरण प्रस्तुत करती है, जहां सहमति व असहमति के बीच संवाद के माध्यम से समन्वय होता है।

सीएम ने कहा, सतीश महाना ने 2022 में विधानसभा अध्यक्ष का दायित्व संभाला तो मैंने उनसे कहा कि प्रश्नकाल में 20 तारांकित प्रश्न सूचीबद्ध होते हैं, लेकिन सवा घंटे के प्रश्नकाल में केवल दो-तीन सदस्य ही बोल पाते हैं। क्या हम भी इसे संसद की तर्ज पर आगे बढ़ा सकते हैं। इस पर उन्होंने तत्काल नियमावली में परिवर्तन किया। अब सवा घंटे में 20 तारांकित प्रश्न और हर प्रश्न के साथ दो-तीन अनुपूरक प्रश्न भी पूछ लिए जाते हैं। प्रश्न करने वाले और उत्तर देने वाले मंत्रीगण, दोनों पूरी तैयारी के साथ आते हैं। संसद हमारे लिए प्रेरणा बनी। संसद के प्रति श्रद्धा हर भारतवासी का दायित्व है। संसद को आदर्श के रूप में बढ़ाएंगे तो विधायिका मजबूत होगी।

योगी ने कहा कि राज्य विधानमंडल स्वायत्त होते हैं और नियम सदन द्वारा ही तय किए जाते हैं, लेकिन लोकसभा इस वर्ष 'मॉडल यूनिफॉर्म रूल्स' तैयार करने की दिशा में काम कर रही है, जिसे राज्यों की विधानसभाओं से अनुमोदित कराना होगा। कार्यपालिका की जवाबदेही पर उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि नियमों और तथ्यों से परिचित हों तो वे कार्यपालिका को प्रभावी ढंग से जवाबदेह बना सकते हैं। इस दिशा में स्थायी समितियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कुछ अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों से फोन पर हुई बातचीत को सोशल मीडिया पर साझा किए जाने पर उन्होंने इसे अनुचित परंपरा बताया।

### संसद सबके लिए प्रेरणा

पांच बार लोकसभा सदस्य रहे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संसद में रहकर सीखा कि सामान्य जीवन में सरकार की गतिविधियों, आपसी व्यवहार और नियम के अंतर्गत इन कार्यक्रमों को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है। विधान सभा व विधान परिषद, संसद के नियमों-परिनियमों की जानकारी ले लें तो सदन संचालन में काफी आसानी होगी।

### विधानमंडल की न्यूनतम 30 बैठकों का प्रस्ताव सराहनीय : योगी

सीएम ने कहा कि हम विजन 2047-विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के संकल्प के साथ हम आगे बढ़े हैं। सीएम ने यूपी में सदन की कार्यवाही की प्रशंसा की। कहा, यहां कार्यवाही अत्यंत सुगमता से चलती है। सीएम ने वर्ष में कम से कम 30 बैठकों का प्रस्ताव पारित किए जाने को भी सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि यह संसद और विधानसभा के लिए ही नहीं, बल्कि नगर निकायों, ग्राम पंचायतों, जिला पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों के लिए भी प्रेरणा है। जब सरकार के सामने यह बात आई कि ई-विधान होना है तो हमने कहा कि तत्काल इसे लागू कीजिए। सीएम ने कहा कि यूपी विधानसभा ज्वलंत मुद्दों पर लगातार चर्चा-परिचर्चा चलाती है। स्थाई विकास लक्ष्यों पर भी यहां लगातार 37-38 घंटे चर्चा हुई। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि हमने विजन डॉक्यूमेंट में जनता से सुझाव लिए। पोर्टल पर 98 लाख लोगों के सुझाव आए। एआई टूल के माध्यम से आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर हम उसे फाइनल रूप दे रहे हैं।

### सदन में नियोजित व्यवधान लोकतंत्र के लिए घातक : ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य विधानमंडलों में प्रति वर्ष कम से कम 30 बैठकें अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन जितना अधिक चलेगा, उतनी ही सार्थक चर्चा होगी और लोकतंत्र मजबूत होगा। नियोजित तरीके से सदन में बाधा डालना एक गलत परंपरा है, जिससे सबसे अधिक नुकसान आम नागरिक का होता है, जिसकी समस्याओं पर चर्चा होनी होती है। लोकसभा अध्यक्ष 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विरोध लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन विरोध का सबसे उचित मंच सदन है, जहां शब्दों और तर्कों के माध्यम से अपनी बात रखी जानी चाहिए। इससे जनता का लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास बना रहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रयास होना चाहिए कि सदन एक घंटे के लिए भी बाधित न हो, क्योंकि जनप्रतिनिधि हर क्षण जनता के प्रति जवाबदेह हैं।

# दुनिया में छाया इंडिया का एआई मॉडल

■ दावोस में भारत की दमदार शुरुआत



**दावोस।** दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत न केवल एआई को तेजी से अपना रहा है, बल्कि इसे आम लोगों तक पहुंचाने और कम लागत में ज्यादा फायदा देने पर भी काम कर रहा है।

अश्विनी वैष्णव ने एआई पावर प्ले नामक उच्चस्तरीय वैश्विक पैनल चर्चा में हिस्सा लिया। इस पैनल में एआई से जुड़ी वैश्विक राजनीति, आर्थिक असर, शासन की चुनौतियां और इसके समावेशी उपयोग पर चर्चा हुई। इस चर्चा का संचालन यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष इयान ब्रेमर ने किया। पैनल में आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा, माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ, सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद अल-फलीह सहित कई बड़े वैश्विक नेता शामिल थे। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत खुद को दुनिया के उन शुरुआती देशों के समूह में मानता है जो एआई को तेजी से अपना और विकसित कर रहे हैं।

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी के जरिए जीपीयू की कमी दूर करने का फैसला किया है। इसके तहत 38000 जीपीयू को एक साझा राष्ट्रीय कंप्यूटिंग सुविधा के रूप में उपलब्ध कराया गया है, जिसे छात्रों, शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स को वैश्विक लागत के लगभग एक-तिहाई दाम पर दिया जा रहा है। उन्होंने देशभर में एआई स्किल कार्यक्रम का भी जिक्र किया, जिसका लक्ष्य एक करोड़ लोगों को प्रशिक्षित करना है। एआई के नियमन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सिर्फ कानून काफी नहीं हैं। पक्षपात पहचानने, डीपफेक को सटीक तरीके से पकड़ने और सुरक्षित एआई के लिए तकनीकी उपाय जरूरी हैं।

### भारत की रणनीति

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने एआई आर्किटेक्चर के सभी पांच स्तरों एप्लिकेशन, मॉडल, चिप्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा में व्यवस्थित प्रगति की है। भारत का फोकस सिर्फ बहुत बड़े एआई मॉडल बनाने पर नहीं है, बल्कि असल दुनिया में उनके उपयोग और निवेश पर लाभ पर है।

## ईयू के साथ एफटीए समझौते पर स्पेन के विदेश मंत्री ने रखी अपनी बात

# भारत एक भरोसेमंद पार्टनर : मैनुअल अल्बेरेस



**नई दिल्ली।** स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे हुए हैं। बुधवार को उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ डेलिगेशन स्तर की बातचीत की। इस दौरान स्पेन के विदेश मंत्री ने एक भरोसेमंद अंतरराष्ट्रीय साझेदार के तौर पर भारत की बढ़ती अहमियत और आपसी सहयोग को और गहरा करने की जरूरतों पर जोर दिया।

स्पेनियाई विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत-यूरोपीय यूनियन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को फाइनल करना एक अच्छा कदम होगा। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात देश की राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में हुई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ मीटिंग के दौरान, अल्बेरेस ने कहा कि स्पेन के लिए यह बहुत जरूरी है कि वह भारत जैसे भरोसेमंद देश के साथ अपने रिश्ते को बढ़ावा दे, एक ऐसा देश जो अंतरराष्ट्रीय कानून में विश्वास करता है, जो यूएन चार्टर के सिद्धांतों को मानता है, और जो बहुपक्षवाद में विश्वास करता है।

**पीएम मोदी के भी स्पेन जाने की उम्मीद :** यूरोपियन यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौते का फाइनल एग्रीमेंट एक बहुत अच्छा संकेत होगा, जिसे हम आगे बढ़ते हुए देखना बहुत पसंद करेंगे। स्पेन के विदेश मंत्री ने कहा कि एयरबस स्पेन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के बीच साझेदारी सहयोग का एक असली उदाहरण है जिसे दोनों देश बढ़ावा देना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज जल्द ही भारत का दौरा करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्पेन आ पाएंगे।

उन्होंने कहा कि हम यूरोपियन यूनियन के साथ-साथ बहुपक्षवाद के क्षेत्र में भी द्विपक्षीय तौर पर काम करते रहेंगे। हमें हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होकर बहुत खुशी होगी, और मैं उस पल को यादगार बनाने के लिए आपके लिए यह चिट्ठी लाया हूं। अल्बारेस ने भारत और स्पेन के बीच बढ़ते सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि हम अपने रिश्ते को एक रणनीतिक एसोसिएशन में अपग्रेड करने की अपनी इच्छा भी जाहिर करेंगे, जो दोस्तों के साथ हमारे सबसे ऊंचे स्तर का रिश्ता हो, जैसा कि भारत में है।

### जयशंकर ने की घायल लोगों के ठीक होने की कामना

विदेश मंत्री अल्बेरेस ने मुश्किल समय में भारत ने स्पेन के लोगों के प्रति जो एकजुटता दिखाई, उसके लिए शुक्रिया अदा किया। इससे पहले ईएएम जयशंकर ने स्पेन के एडमुज में हुए ट्रेन एक्सीडेंट में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई और हादसे में घायल लोगों के जल्दी ठीक होने की कामना की।

## समृद्धि यात्रा में हंगामा महिला भाजपा विधायक से दुर्व्यवहार के आरोप

**छपरा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के पांचवें दिन बुधवार को जब काफिला सारण जिले के छपरा पहुंचा, तब कार्यक्रम स्थल पर अचानक अफरातफरी का माहौल बन गया। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन से पहले ही बड़ी संख्या में एनडीए समर्थक और कार्यकर्ता स्थल पर जुटे थे, जहां प्रवेश को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया।

कार्यक्रम स्थल के भीतर उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब छपरा से भाजपा की महिला विधायक छोटी कुमारी को लेकर हंगामा शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर्मियों व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी हुई, जो कुछ देर में बढ़कर हंगामे का रूप ले गई। हालांकि मौके पर मौजूद अधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं की सूझबूझ से स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया। इस पूरे घटनाक्रम में भाजपा जिला महामंत्री ने अधिकारियों पर महिलाओं से अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

# भारत ने बांग्लादेश से राजनयिकों के परिवारों को बुलाने का किया फैसला

■ बांग्लादेश की सरकार के कारण भारत के द्विपक्षीय संबंध खराब हो रहे



**नई दिल्ली।** भारत को बांग्लादेश में अपने राजनयिकों तथा उनके परिवारों पर संभावित आतंकवादी खतरे की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है, जिसके मद्देनजर वहां से राजनयिकों के परिजनों को वापस लाने का निर्णय लिया है, हालांकि इस बारे में औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कदम एक एहतियाती उपाय है और यह इस बात का संकेत भी है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की सरकार के कारण द्विपक्षीय संबंध खराब हो रहे हैं। खुफिया जानकारी के अनुसार अगस्त 2024 में छात्रों के विद्रोह के बाद बड़ी संख्या में रिहा किए गए कई उग्रवादी ने बांग्लादेश में फिर से संगठित हो गए हैं और वहां उन्हें एक तरह की मान्यता भी मिल रही है।

खुफिया आकलन में कहा गया है कि ये तत्व भारतीय राजनयिकों और उनके परिवारों को निशाना बना सकते हैं। इस संभावित खतरे के मद्देनजर सरकार ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए बांग्लादेश में तैनात भारतीय राजनयिकों के परिवारों को ऐहतियात के तौर पर स्वदेश बुलाने का निर्णय लिया है। भारत की रणनीतिक व्यवस्था को बांग्लादेश में उग्रवादी ताकतों के पुनरुत्थान और इस्लामवादी आतंकवादी संगठनों द्वारा भारत के खिलाफ बढ़ती कटु भाषा और शत्रुतापूर्ण रुख को लेकर बढ़ती चिंता है। अधिकारियों का मानना है कि यह सुरक्षा परिदृश्य पिछले दशक में दोनों देशों के बीच निरंतर आतंकवाद-रोधी सहयोग से हासिल की गई स्थिरता की तुलना में काफी बिगड़ गया है। इस महीने की शुरुआत में एक साक्षात्कार में मॉरीशस सरकार के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी शांतनु मुखर्जी ने कहा था कि देश की पूर्वी सीमा के पार हाल के घटनाक्रम से यह संकेत मिलते हैं कि उग्रवादियों को रिहा किये जाने से आतंकवाद के खिलाफ मिली सफलता पर विपरीत असर पड़ सकता है।

# 4 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खीरी पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत 1.मु0अ0सं0 49/2026 धारा 109 (1)/115 (2) /190/191 (2) /191 (3) बीएनएस व 3/25 आर्मस एक्ट व 2.मु0अ0सं0 07/2026 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस व 3.मु0अ0सं0 14/2026 धारा 309(4) /317 (2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित संगीन अपराध (जान से मारने की नियत से फायर कर लूट व चोरी जैसे जघन्य अपराध) कारित करने वाली घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 04 नफर वांछित अभियुक्तों 1. पंकज पुत्र माताप्रसाद निवासी ग्राम बेलवा डिंगरा थाना लहरपुर जनपद सीतापुर 2.सुरेन्द्र कुमार उर्फ कल्लू पुत्र सोबरनलाल निवासी ग्राम देवीसहायपुरवा मजरा मंझरा गोढी थाना शारदानगर जनपद लखीमपुर खीरी 3.सरवन पुत्र दीनबन्धू निवासी ग्राम लोनियपुरवा मजरा अशोगापुर थाना व जिला खीरी 4.भानू सिंह पुत्र भगवानबक्श सिंह निवासी ग्राम चाऊपुर पड़री थाना व जिला खीरी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 अदद अवैध तंमचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 02 अदद पायल सफेद धातु, 01 अदद सिक्का सफेद धातु व कुल 8400/- रूपये तथा घटना के दौरान प्रयुक्त कार संख्या UP32JE5609 (डिजायर) बरामद हुई। बरामद कार को कब्जे में लेकर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

## एक तरफ सड़क निर्माण कार्य तो दूसरी तरफ उसी सडक को जल मिशन योजना के तहत खोदा गया

### ठेकेदार ने दी संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को सूचना

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर शहर में गढ़ी रोड पर एक तरफ सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि दूसरी तरफ जल मिशन योजना के तहत सड़क को खोद दिया गया है। इस स्थिति को लेकर ठेकेदार की ओर से संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को सूचना दी जा चुकी है स्थानीय लोगों का कहना है कि लखीमपुर शहर में यह समस्या कोई नई नहीं है। जब तक सड़कें खराब पड़ी रहती हैं, तब तक किसी भी सरकारी विभाग को काम की याद नहीं आती, लेकिन जैसे ही सड़क बननी शुरू होती है या बनकर तैयार होती है, तभी अलग-अलग विभाग फावड़ा-बेलचा लेकर सड़क खोदने पहुंच जाते हैं। इससे न सिर्फ सरकारी धन की बर्बादी होती है।

## पाल समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के मणिकर्णिका घाट पर स्थापित राजमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा एवं उससे जुड़ी कलाकृतियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार को युवा पाल समाज सेवा एवं उत्थान समिति के सदस्यों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए विरासत संरक्षण की मांग की। समिति के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पाल समाज के लोग जिला मुख्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की गौरवशाली विभूति रही हैं और उनसे संबंधित प्रतिमाएं व कलाकृतियां हमारी सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा और संरक्षण सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई कि काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में अहिल्याबाई होलकर से जुड़ी कलाकृतियों को विरासत संरक्षण के अंतर्गत विशेष सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान जिन कलाकृतियों को क्षति पहुंची है, उनका शीघ्र संरक्षण एवं पुनरुद्धार कराया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस ऐतिहासिक धरोहर से प्रेरणा ले सकें। प्रदर्शन में ओपिन पाल, पार्षद शोपिन पाल, एडवोकेट मुकुल पाल, डॉ. सागर पाल, महेश पाल, करण पाल, रवि पाल, महावीर पाल, पप्पू पाल, हरिओम पाल सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाने की मांग की।

## मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली ने सहारनपुर में शुरू की एक्सक्लूसिव ऑन्कोलॉजी ओपीडी

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली ने सहारनपुर के मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डॉ. अंकुर उपाध्याय क्लिनिक में एक्सक्लूसिव ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की है। इस ओपीडी का उद्घाटन मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के ऑन्कोलॉजी एवं हेड एंड नेक सर्जरी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. ख्याति भाटिया की उपस्थिति में किया गया। डॉ. ख्याति भाटिया प्रत्येक माह के पहले और तीसरे बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ. अंकुर उपाध्याय क्लिनिक, सहारनपुर में उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान मरीजों को कैंसर से संबंधित प्राथमिक परामर्श एवं फॉलोअप कंसल्टेशन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. ख्याति भाटिया ने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण लोग कैंसर के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे बीमारी एडवांस स्टेज में पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि कैंसर की रोकथाम के लिए जीवनशैली में बदलाव, सेल्फ-एग्जामिनेशन और समय पर जांच बेहद जरूरी है। ओरल, हेड और नेक कैंसर के इलाज में रोबोटिक सर्जरी एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन समय पर डायग्नोसिस ही मरीज की जान बचाने में सबसे अहम भूमिका निभाता है।

## विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन




**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश राज्य विधि सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष शिव कुमार सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आज दिनांक 21-01-2026 को तहसील धौरहरा के सभागार कक्ष में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अपर जिला जज/सचिव वीरेंद्र नाथ पांडे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व उप जिला अधिकारी शशिकान्त मणि एवं तहसीलदार आदित्य विशाल धौरहरा उपस्थित रहे । उपस्थिति आम जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा मध्यस्थता अभियान 02 को सफल बनाने हेतु एवं महिलाओ से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 व लोक अदालत देहज एक्ट व बच्चों के अधिकारों के बारे एवं माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशो/य का हिन्दी रूपान्तर माननीय उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर मे लगभग 55 आम जनता लाभान्वित हुए ।

# बाइक से घर जा रहे युवक पर दो लोगों ने बांके से किया कातिलाना हमला

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र में देर रात बाइक से घर जा रहे युवक पर दो लोगों ने बांके से कातिलाना हमला कर दिया। युवक के चेहरे और हाथों पर बांके लगे और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन फानन उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसको लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घायल के चाचा ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने अज्ञात में केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मथना में रहने वाला 38 वर्षीय सुनील वर्मा गन्ने की खरीद और बिक्री का काम करता है। सोमवार की देर रात वह अपने दो साथियों के साथ बाइक से घर मथना जा रहा था।गांव के पास ही उसको बाइक सवार दो लोगों ने रोक लिया। बताया जाता है कि सुनील के साथियों को हमलावरों ने भाग जाने की हिदायत दी और उसके ऊपर बांके से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। बांका उसके चेहरे और हाथों पर लगा। जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उधर शोर शराबा होने पर ग्रामीण मौके पर आ गए। लोगों को आता देख हमलावर भाग गए। हमलावरों को कोई पहचान नहीं पाया। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसको लखनऊ रेफर कर दिया गया है। लखनऊ में उसका इलाज जारी है। उधर घायल के चाचा ने कोतवाली पुलिस को दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात में जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## आबकारी विभाग की टीम ने चेकपोस्ट पर चलाया सघन चैकिंग अभियान



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** संयुक्त आबकारी आयुक्त के निर्देशन पर पर आज आबकारी विभाग की टीम ने सरसावा चेकपोस्ट पर हरियाणा व चंडीगढ़ से आने वाले वाहनों की सघन चैकिंग की। सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन विभाग अवधेश कुमार वर्मा, सहायक आबकारी आयुक्त नीरज कुमार द्विवेदी, सहायक आबकारी आयुक्त हरिशंकर शुक्ल ने हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ से आने वाले वाहनों की सघन चैकिंग की। उप आबकारी आयुक्त सुधीर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश प्रदेश की अंतर्राज्यीय सीमाओं पर अवैध शराब की तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज आबकारी विभाग की टीम ने सरसावा चैकपोस्ट पर हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ आदि राज्यों से आने वाले वाहनों की गहनता के साथ चेकिंग की। विभाग को सूचना मिली थी कि अंतर्राज्यीय सीमाओं पर दूसरे राज्यों से आने वालों द्वारा अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। इसी के मद्देनजर आज आबकारी विभाग अलर्ट मोड पर आ गया। सरसावा चैकपोस्ट सहित अन्य सीमावर्ती चेकपोस्टों पर भी गहन चैकिंग की गई। उन्होंने बताया कि अन्य प्रांतों से अवैध मदिरा की तस्करी की खबरों के चलते वाहनों के उत्तर प्रदेश में प्रवेश के दृष्टिगत वाहनों के गहन जांच करने के लिए टीम की तैनाती की गई है। चेकिंग के दौरान सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन अवधेश वर्मा, स.आ. आ. प्रवर्तन नीरज कुमार द्विवेदी, सहायक आबकारी आयुक्तक प्रवर्तन हरिशंकर शुक्ला, आबकारी निरीक्षक शिखर श्रीवास्तव मय स्टाफ मौजूद रहे।

## गिल कॉलोनी में अवैध व्यावसायिक भवनों पर कार्रवाई की मांग, मंडल आयुक्त से मिले क्षेत्रवासी

### पार्किंग, अग्निशमन मानकों की अनदेखी से जाम व सुरक्षा संकट, आंदोलन की चेतावनी

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** वार्ड 37 गिल कॉलोनी के पार्षद गौरव कपिल के साथ क्षेत्रवासियों ने मंडलायुक्त से मुलाकात कर अपने क्षेत्र में मानक विरुद्ध एवं अवैध रूप से बनाए गए और बनाए जा रहे व्यावसायिक भवनों की शिकायत दर्ज कराई। क्षेत्रवासियों ने बताया कि गिल कॉलोनी एक पुरानी एवं सुव्यवस्थित आवासीय कॉलोनी है, लेकिन सहारनपुर विकास प्राधिकरण की लापरवाही के चलते यहां लगातार नियमों को ताक पर रखकर व्यावसायिक निर्माण किए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि इन भवनों में न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही अग्निशमन विभाग के मानकों का पालन किया गया है। गली नंबर 2 में अवैध रूप से बनाए गए होटलों में ऐसे कार्य किए जा रहे हैं जो एक सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हैं। गली नंबर 1, 2 और 3 में इन व्यावसायिक भवनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि दो बार आग लगने की घटनाओं के दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को संकरी गलियों में प्रवेश करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं इन भवनों में आने वाले लोगों के वाहन मोहल्ले में इधर-उधर खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी होती है। विरोध करने पर वाहन चालक दुर्व्यवहार पर उतारू हो जाते हैं, जिससे कई बार तनावपूर्ण स्थिति बन जाती है। लोगों ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि सहारनपुर विकास प्राधिकरण जानबूझकर आवासीय कॉलोनी में अवैध व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर स्थानीय निवासियों को पलायन के लिए मजबूर कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि नक्शा पास होने के बाद निर्माण कार्य नक्शे के अनुरूप हुआ या नहीं, इसकी निगरानी प्राधिकरण द्वारा क्यों नहीं की जाती। क्षेत्रवासियों ने यह भी बताया कि कई व्यावसायिक भवनों में अवैध रूप से बेसमेंट बनाए गए हैं। गली नंबर 2 स्थित एक इमारत के बेसमेंट में पानी भरा रहता है, जहां सैकड़ों कर्मचारी कार्यरत हैं, जो किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। इसकी तत्काल जांच की मांग की गई। इसके अलावा गली नंबर 2 और रोडवेज वर्कशॉप के पास दो नए जिम खुलने की तैयारी है, जिससे समस्याएं और बढ़ने की आशंका जताई गई। मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्रवासियों ने सभी अवैध व्यावसायिक भवनों की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध निर्माण जारी रहे और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कॉलोनीवासी बड़े स्तर पर आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर नारायणपुरी रेजिडेंट संगठन के सचिव राजेश कपूर, अनिल जैन, रामकुमार सिंह, डॉ. संजय कपिल, भारतेश जैन, शोभित त्यागी, संजीव वर्मा, राजेश ओझा, रमेश ओझा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## सातवें परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए पूर्व कमिश्नर ज्ञानचंद आजाद

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** सामाजिक न्याय एंव समतामूलक समाज की स्थापना हेतु जीवनपर्यन्त संघर्षरत रहे दलित आन्दोलन के पुरोधा एंव बामियान बुद्ध विहार के संस्थापक श्रद्धेय ज्ञानचन्द आजाद के 7वें परिनिर्वाण दिवस पर एक श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन बामियान बुद्ध विहार अम्बेडकरपुरम में भंते विनयदीप महाथेरो ने परितित्राण कर किया गया। शोकसभा में श्रद्धांजलि देते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार ने नमन करते हुए श्री आजाद के जीवन से सीख लेने और उनके विचारों पर चलने की बात कही और दिल्ली रोड से बौद्ध विहार तक बनने वाली सड़क का नाम श्री आजाद के नाम करने घोषणा की। कांग्रेस पार्टी (एससी विभाग) प्रदेश महासचिव अरविन्द पालीवाल ने शिक्षण व सामाजिक संस्थान बनाने का श्रेय श्री आजाद को दिया। अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक मोहर सिंह ने कहा कि श्री आजाद समाज के लिए आजीवन कार्य करने वाले को हमेशा याद किया जाता है।

उन्होंने समाज की वोटो से जीतकर समाज को समय न देकर दूरी बनाने वाले नेताओं से बदला लेने और सोच समझकर वोट देने की बात कही साथ ही समाज को संविदा नहीं परमानेंट नौकरी की वकालत की। नगर विधायक राजीव गुंबर ने भी श्री आजाद को नमन करते हुए उनके जीवन संघर्ष को याद किया।

श्री आजाद के पुत्र सतीश गौतम ने शिक्षा सुरक्षा व सम्मान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि कितनी ही मजबूरी क्यों न हो लेकिन शिक्षा की नींव कभी भी कमजोर नहीं पड़नी चाहिए।

उन्होंने श्री आजाद के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। विशेष रूप से संत सूरज दास जी महाराज, समाजसेवी व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य योगेश दहिया व एबीएसएस जिलाध्यक्ष साधुराम व जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार मावी ने भी विचार रखे। गायक मुकेश कुमार राणे ने मार्मिक भजनों से व पत्रकार एसडी गौतम ने शायरी के माध्यम से श्री आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन वर्षवर्धन ने किया।

इस दौरान डॉ. वेदप्रकाश शांति, रंगकर्मी दिनेश तेजान, हिमांशु गुर्जर, राव आरिफ प्रधान, कांग्रेस नेता सत्यम संयम भूर्यान सैनी, जेपी देवल, इंजी. मांगेराम, प्रधान प्रीतम सैनी, नीलकमल गौतम, मोहन सिंह, पीयूष गौतम, सतेन्द्र कुमार, देशराज बौद्ध, युवराज गौतम, तारा गौतम, श्रीमती सावित्री आजाद, श्रीमती इंदु आजाद व शालू भूर्यान सैनी समेत सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 26 जनवरी को तहसील-ब्लॉक स्तर पर निकलेगी ट्रैक्टर परेडः भाकियू

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय सचिव चैधरी विनय कुमार ने कहा कि 26 जनवरी को जनपद में ट्रैक्टर परेड का आयोजन किया जाएगा, जो तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर निकाली जाएगी। उन्होंने यह घोषणा कलेक्ट्रेट स्थित खनन परिसर में आयोजित भाकियू की मासिक पंचायत को संबोधित करते हुए की। चैधरी विनय कुमार ने कहा कि जनपद की टोडरपुर और गगनौली चीनी मिलों पर किसानों का गन्ना मूल्य बकाया है, जिसका शीघ्र भुगतान कराया जाना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि समय रहते भुगतान नहीं हुआ तो किसान बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। मंडल अध्यक्ष चैधरी अशोक कुमार ने कहा कि विद्युत समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन करेंगे। वहीं जिला अध्यक्ष नरेश स्वामी ने कहा कि किसानों को समय से खाद व उर्वरक नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन से मांग की कि किसानों की समस्याओं को देखते हुए खाद एवं उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पंचायत में विद्युत बिलों के बकाया भुगतान के नाम पर हो रहे शोषण को बंद करने तथा आवारा पशुओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की भी मांग की गई, ताकि किसानों की फसलों को नुकसान न हो। इस मौके पर अमित मुखिया, भाग सिंह, हरपाल सिंह, मास्टर सत्यपाल, अजय कंबोज, मूसा प्रधान, प्रदीप, संजय चैधरी, बबली कंबोज, योगेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, विजेश, श्यामवीर सिंह, ओम कुमार शर्मा, अरुण राणा, मुकेश तोमर सहित बड़ी संख्या में किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे। पंचायत की अध्यक्षता ऋषि पाल आडवाणी ने की तथा संचालन चैधरी संजय सिंह ने किया।

# खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग नॉर्थ जोन लीग में पंच व किक का दम दिखाएंगी सहारनपुर की बेटियां

### रवाना होने से पूर्व किकबॉक्सिंग खिलाड़ी गुनगुन और हिना का हुआ भव्य स्वागत, शुभकामनाओ के साथ किया रवाना

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** जम्मू यूनिवर्सिटी (जम्मू) में 22 से 25 जनवरी तक आयोजित होने वाली खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग जोनल लीग 2025-26 (नॉर्थ जोन) के लिए सहारनपुर की दो होनहार खिलाड़ी गुनगुन और हिना का चयन उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में दोनों खिलाड़ियों का भव्य स्वागत कर उन्हें शुभकामनायें देकर प्रतियोगिता के लिए रवाना किया गया। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ सहारनपुर के अध्यक्ष अजय कुमार और सचिव मनोज प्रजापति ने बताया कि इस जोनल लीग के लिए मेरठ में कड़े ट्रायल आयोजित किए गए थे। गुनगुन ने प्वाइंट फाइट इवेंट के -32 किलोग्राम वर्ग में और हिना ने -65 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर यूपी टीम में अपनी जगह पक्की की। ये दोनों खिलाड़ी पूर्व में भी कई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। खिलाड़ियों के सम्मान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित कार्यक्रम में क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा ने दोनो खिलाड़ियों का स्वागत कर उम्मीद जताई कि गुनगुन व हिना, खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग नॉर्थ जोन लीग में पदक जीतकर जिले व प्रदेश का मान बढ़ाएंगी। खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग नॉर्थ जोन लीग के लिए रवाना होने से पूर्व दोनों किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों को सहारनपुर मंडल ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, जिला ओलम्पिक संघ सहारनपुर के सचिव डॉ.संदीप गुप्ता, सहायक प्रशिक्षक (बॉक्सिंग) प्रवीन कुमार, कुश्ती प्रशिक्षक आदेश कुमार, विशाल, मनोज प्रजापति, अजय कुमार, रवि कोरी, रमा आर्य, लखन कुमार आदि ने खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं।

## सीवर व सफाई व्यवस्था के लिए निगम ने खरीदे एक दर्जन से अधिक नये वाहन

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज गैराज से एक दर्जन से अधिक नये वाहनों को हरी झंडी दिखाकर महानगर के लिए रवाना किया। इन वाहनों में टैऊक्टर ट्रॉली, बैकहोलोडर, सक्शन मशीन, पानी के टैंकर व हॉपर टिपर डंपर आदि शामिल रहे। शहर की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए नगर निगम द्वारा वाहन खरीदे गए है। आज गैराज परिसर में महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त ने इन वाहनों की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़कर वाहनों का महानगर के लिए लाकार्पण किया गया, तत्पश्चात हरी झण्डी दिखाकर महानगर के लिए रवाना किया गया। इन वाहनों में सीवर सफाई के लिए चार सक्शन मशीन के अलावा एक बैकहोलोडर, 3 टैऊक्टर, 5 ट्रॉली, एक हॉपर टिपर डंपर आदि शामिल है।

## जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों के लिए निगम ने खोली नयी विंडो

### महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने किया शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** नगर निगम ने जन्म मृत्यु विभाग में आने वाले लोगों की सुविधाओं के लिए निगम परिसर में आज एक नयी विंडो तथा विश्राम कक्ष की शुरुआत की गयी। शुभारंभ महापौर डॉ.अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने रिबन काटक्र किया। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए विभाग में भारी भीड़ को देखते हुए निगम परिसर में आवेदन जमा कराने के लिए नगर निगम द्वारा एक नयी विंडो स्थापित की गयी थी। आज निगम परिसर में ही एक और विंडो स्थापित की गयी। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने बताया कि इस विंडो में दो काउण्टर शुरु किये गए है। एक काउण्टर पर वर्ष 2005 से वर्ष 2025 तक जन्म प्रमाण पत्र सम्बंधी कार्य सम्पादित किये जायेंगे जबकि दूसरे काउण्टर पर 31 दिसंबर 2025 से पूर्व तक के मृत्यु प्रमाणपत्रों से सम्बंधित कार्य किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि निगम में आने वाले आवेदनकर्ताओं व प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आने वाले लोगों के लिए एक विश्राम कक्ष भी बनाया गया है। इसी विश्राम कक्ष के एक हिस्से में डाक डिस्पैच की व्यवस्था भी की जायेगी। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज नयी विंडो का शुभारंभ व विश्राम कक्ष का रिबन काट कर लोकार्पण किया। महापौर व नगरायुक्त ने लोगों की सुविधाओं के लिए अनेक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर उप सभापति मयंक गर्ग, अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, गैराज प्रभारी स्वप्निल जैन, मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद व इद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक, प्रबल प्रताप सिंह द्वारा बुधवार को जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

# डीएम की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कलैक्ट्रेट सभागार में डीएम गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। डीएम ने 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के आयोजन को भव्य एवं गरिमामय बनाने के लिए आयोजित बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए जनपद में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं के आसपास साफ सफाई व रोशनी तथा माल्यार्पण आदि किए जाने के निर्देश दिए।



बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आजादी के महापुरुषों के बारे में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सभी स्कूलों में बच्चों को बताएं व सभी स्कूलों के कार्यालयों में महापुरुषों के चित्रों को भेजकर स्थापित कराया जाएं। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को सभी सरकारी भवनों की बेहतरीन तरीके से सजावट की जाए तथा डीपीआरओ को सभी पंचायत भवन, प्रधान कार्यालयों की सजावट करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा की सभी चिकित्सालयों में साफ-सफाई की जाए तथा विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि 25 व 26 जनवरी को 24 घंटे विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि सभी विद्यालयों में बच्चों को मतदाता दिवस, सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई जाए।उप कारागार में बंदियों को तथा अनाथालय, वृद्धा आश्रम में फल वितरण कराया जाएगा। स्कूलों के बच्चों के द्वारा नगर में प्रभात फेरी व महापुरुषों की झांकी निकाली जाएगी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि सभी पार्कों में साफ-सफाई व पेंट कराया जाए तथा सभी सरकारी भवनों की साफ सफाई कराई जाए एवं मलिन बस्तियों में 24 व 25 जनवरी को साफ-सफाई कराएं। और कहा की नगर पालिका/नगर पंचायत द्वारा विद्युत् पोलों में लगे तिरंगा लाइट को सही करवाया जाए। अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पार्क एवम मूर्तियों की साफ सफाई कराई जाए तथा जिला विद्यालय निरीक्षक,बीएसए को निर्देशित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त,राजस्व कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला विकास अधिकारी, पंकज यादव, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, राम गुप्ता, मनु गुप्ता, दाऊ तिवारी सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में ओटीडी सेल व आसुस सर्वेक्षण और पीएलएफएस सर्वेक्षण की बैठक सपन्न



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय ओटीडी सेल व आसुस सर्वेक्षण और पीएलएफएस सर्वेक्षण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाए जाने को लेकर समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वेक्षण कर्ताओं को गुणवत्ता में कोई भी त्रुटि व कमी के बिना आंकड़े एकत्रित किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक क्षेत्र के आंकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए द्वितीय व तृतीय क्षेत्र में वृद्धि करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों और आम जनमानस से वर्तमान समय में कराई जा रहे सर्वेक्षण में वांछित सूचना सर्वेक्षणकर्ताओं को उपलब्ध कराने के लिए बात कही। मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वेक्षण कर्ताओं को निर्देश दिए गए की आंकड़ों की गुणवत्ता में कोई भी कमी ना रह जाए तथा आंकड़े गुणवत्तापूर्ण एकत्रित किए जाएं। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य पर सरकार सक्रिय है और हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की, जिसमें विभागों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट आवंटन और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

# अजय राय और नाना पटोले ने बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन, मणिकर्णिका घाट नहीं पहुंच पाए

अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता नाना पटोले आज बुधवार दोपहर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने पहुंचे। उनके पहुंचने की सूचना पाते ही प्रशासन चौकन्ना हो गए और मणिकर्णिका घाट द्वार पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया और सुरक्षा व्यवस्था और चौकन्ना कर दी गई। पुलिस का आशंका थी कि अजय राय कांग्रेस नेताओं के साथ मणिकर्णिका की ओर जा सकते हैं। इस अवसर पर श्री राय ने कहा कि हमें मणिकर्णिका घाट जाने से रोका गया है, जो कि एक गंभीर मुद्दा है। इससे यह साबित हो जाता है कि कुछ तो गड़बड़ है। पत्रकार द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद हमारे गुरु हैं और हम



उनके साथ खड़े हैं। उनके साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ कांग्रेस आंदोलन करेगी। वही कांग्रेस नेता नाना पटोले,जो महाराष्ट्र से वाराणसी आए थे, मणिकर्णिका घाट जाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन पुलिस की सख्ती के कारण वे वहां नहीं जा सके। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर जाकर दर्शन किए और कहा कि वहां जाने से रोकना साबित करता है कि वहां कुछ गड़बड़ है। पटोले ने कहा कि सरकार द्वारा एआई के संबंध में जो बातें कही जा रही हैं,वे झूठी हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस आगे भी आंदोलन करेगी और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ खड़ी रहेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि,स्वामी के प्रति सम्मान और श्रद्धा के साथ,हम उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे । उन्होंने कहा कि यह केवल एक धार्मिक मामला नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज के मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा का भी प्रश्न है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**कृषि वैज्ञानिकों ने कीट रोग व फसल प्रबंधन की दी जानकारी**

**अलीगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी योगेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में क्वार्सी फार्म परिसर स्थित किसान कल्याण केन्द्र में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में सर्वप्रथम वैज्ञानिक के0वी0के0 छेरत डा0 असरफ खान द्वारा कृषकों को रबी की मुख्य फसल गेंहू, आलू में कीटरोग प्रबंधन एवं जायद में बोयी जाने वाली मक्का, बाजरा, उर्द, मूंग के फसल प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी व कृषकों द्वारा पूछी गई समस्याओं का भी मौके पर समाधान किया गया।

किसान दिवस में कृषक प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा के0वी0के0 सवाई माधोपुर राजस्थान में आयोजित अमरूद महोत्सव में प्राप्त जानकारी और अपने अनुभव से कृषक भाइयों को अवगत कराया। कृषक चौधरी नवाव सिंह ने जंगली जानवर जैसे- जंगली सूअर, हिरन, नीलगाय से फसल की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा उपाय किये जाने के साथ ही ऐसे निजी नलकूप उपभोक्ता जो फ्री बिजली आपूर्ति के पात्र नहीं हैं उन सभी को शीघ्र अति शीघ्र बिल उपलब्ध कराये जायें ताकि उनको अधिक मूल्य का भुगतान एक साथ न करना पड़े। सीडीओ ने कृषक बन्धुओं को आश्वस्त करते हुए बताया कि कृषकों की अधिक समस्याओं का हमारा व अन्य अधिकारियों द्वारा निराकरण का प्रयास रहता है। उन्होंने प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को कार्यवाही करते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने को कहा।

## नाबालिग किशोरी के अपहरण का आरोप, पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** कटरा बाजार थाना क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी के कथित अपहरण का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने कटरा बाजार पुलिस पर लापरवाही और प्रभावशाली आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए उप-महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल, गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर अपनी बेटी की सकुशल बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।प्राप्त प्रार्थना पत्र के अनुसार, आवेदक ओंकारनाथ पुत्र शिवप्रसाद थाना कटराबाजार ने बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री को अभियुक्त सुजीत कुमार द्वारा दिनांक 13 जनवरी 2026 को सुबह करीब 10 बजे बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया। पीड़ित पिता का कहना है कि उनकी पुत्री नाबालिग है।

# भेलूपुर क्षेत्र के संकुलधारा पोखरा किनारे अतिक्रमण हटाया गया




अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** नगर निगम ने संकुलधारा और डोमरी जैसे क्षेत्रों में सरकारी जमीनों से भी अवैध कब्जे मुक्त करवाया। जिससे शहर को जाम-मुक्त और व्यवस्थित किया जा सके। वही आज बुधवार को

थाना भेलूपुर अंतर्गत संकुलधारा पोखरा किनारे अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया था। यहां नगर निगम के प्रवतदल के साथ स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचे और सड़क किनारे अवैध रूप से बने गुमटी को ढाहाया दिया गया।बताते चले की संकुल धारा पोखरा में कई धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होते रहते हैं। इनमें से प्रमुख कार्यक्रम सामूहिक विवाह कथा जिसमें स्वयं संघप्रमुख मोहन भागवत पहुंचकर 125 जोड़ी का कन्यादान किया था। उसी समय पोखरा किनारे लगे सभी ठेलागाड़ी, गुमटी, मिट्टी के बने दुकान को नगर निगम के कार्रवाई द्वारा हटाया गया। कार्यक्रम समाप्त होने के चंद महीने बाद फिर से अवैध दुकान स्थापित होना शुरू हो गया।

# ई-ऑफिस व्यवस्था में लापरवाही पर डीएम सख्त, वेतन अवरुद्ध करने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने ई-ऑफिस प्रणाली को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल ई-ऑफिस के माध्यम से ही समस्त पत्रावलियों का प्रेषण एवं परिचालन अनिवार्य रूप से किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी पत्र के माध्यम से यह संज्ञान में लाया गया है कि कतिपय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ई-ऑफिस पर कार्य नहीं किया जा रहा है, जो शासन के निर्देशों की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। शासन द्वारा ऐसे मामलों में संबंधित कार्मिकों, अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध किए जाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी ने साफ शब्दों में कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली पारदर्शिता, समयबद्धता एवं दक्ष प्रशासन का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसे लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पूर्व में बैठकों एवं विभिन्न पत्रों के माध्यम से ई-ऑफिस के जरिए शत-प्रतिशत पत्राचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जा चुके हैं, इसके बावजूद कुछ स्तरों पर अभी भी पत्रावलियों का पूर्ण रूप से ई-ऑफिस के माध्यम से प्रेषण नहीं किया जा रहा है, जो अत्यंत ही खेदजनक है।

जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारीगण, एवं समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी पत्रावलियों का प्रेषण एवं परिचालन केवल ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाए। निर्देशों का अनुपालन न होने की स्थिति में संबंधित कार्मिकों एवं अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध किया जाएगा। उन्होंने अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं नोडल अधिकारी, ई-ऑफिस अनिल कुमार को भी निर्देश दिए हैं कि जिला स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

## शराब ठेका हटवाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाएं

**महोबा।** तहसील कुलपहाड़ के बरेडा बुजुर्ग गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित शराब ठेके से हो रही ग्रामीणों और छात्राओं की परेशानी को देखते हुए गांव की महिलाएं एकजुट हो गई। महिलाओं ने ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध जताया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आबादी क्षेत्र से शराब ठेके को हटाए जाने की मांग उठाई साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द इस ठेके को नहीं हटाया जाता तो धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगी।

थाना महोबकंठ के अंतर्गत आने वाले बरेंडा बुजुर्ग गांव की महिलाओं ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित शराब का ठेका उनके लिए समस्या बन गया है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि ठेके के पास सुबह से असामाजिक तत्वों और शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। महिलाओं के अनुसार, शराबी अक्सर आपत्तिजनक स्थिति में सड़क पर खड़े रहते हैं और वहां से गुजरने वाली लड़कियों व महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां करते हैं, जिससे कई छात्राओं ने स्कूल जाना भी कम कर दिया है।

# ड्रिल रॉड रिपेयरिंग दुकान से शटर का ताला तोड़ लाखों का सामान-गोल्लक में रखी नकदी लेकर फरार हुए चोर

**दुकानदार के आने पर उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने की जांच की शुरू**

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर के बीजा नगर पक्षी बिहार के समीप स्थित एक ड्रिल राड की दुकान पर बीती रात अज्ञात चोरो ने शटर का ताला तोड़कर दुकान पर रखे सामान सहित करीब साढ़े पांच लाख रुपये की चोरी कर भाग गए। सुबह जब मुनीम दुकान पहुंचा तो ताला टूटा देखा तो घटना की सूचना दुकान मालिक को दी गई। दुकानदार के आने पर उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वारदात की जांच शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के बीजा नगर पक्षी विहार रोड पर मां शांति ड्रिल रॉड रिपेयरिंग के नाम से रामप्रकाश श्रीवास दुकान किए हुए है, जहां पर मुनीम सुल्तान खान सहित अन्य लोग काम करते है। मंगलवार को प्रतिदिन की तरह काम करने के बाद सभी लोग अपने अपने घर चले गए। देर रात अज्ञात चोरों ने एकांत होने का फायदा उठाते हुए दुकान की शटर में लगे तालों को तोड़ा और दुकान में प्रवेश करने के बाद ड्रिल रॉड का सामान और गोल्लक में रखी नगदी लेकर मौके से फरार हो गए। सुबह जब मुनीम दुकान खोलने के लिए आया तो ताले टूटे देख उसके होश उड़ गए और उसने दुकान मालिका को कॉल करके चोरी की घटना के बावत जानकारी दी।

दुकान मालिक आनन फानन में दुकान पहुंचा और मुनीम के साथ



अंदर जाकर देखा तो सामान और नगदी गायब मिली। दुकान मालिक ने डायल 112 पर कॉल कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का मुआयना करते हुए आसपास की दुकानों व सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में लग गई है। पुलिस का कहना है कि चोरी की वारदात का जल्द ही खुलासा किया जाएगा। उधर मुनीम ने बताया कि दुकान से चाइनीज रेपर बटन बिट की कुल 12 पेटियां ले गए, जिसमें 50 पीस वाली 3 पेटियां और 70 पीस वाली 9 पेटियां शामिल थी। बाजार में एक पीस बिट की कीमत लगभग 600 रुपए है, जिससे चोरी हुए माल की कुल कीमत करीब 5 लाख रुपए आंकी गई है साथ ही गुल्लक से 40 हजार रुपये के नोट व दस हजार रुपये के सिक्के भी चोर चोरी कर ले गए।

## पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**फर्रुखाबाद।** थाना जहानगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत जरारी के मजरा खलासपुर मे प्राप्त जानकारी के अनुसार पति ने चाकू से गोद गोद कर पत्नी की हत्या कर दी मृतका चार बच्चों की मां ग्रामीणों के अनुसार हत्या का आरोपी पति नशे का आदी था मृतक पत्नी अपने देवर की चार बच्चों का पालन पोषण कर रही थीमृतक पत्नी के बच्चों ने बताया कि हम सब लोग छत पर थे और मम्मी पापा सिर्फ अंदर थे। जब चिल्लाने और चीखने की आवाज आई तब हम लोग नीचे आए और हमने देखा कि पिताजी ने मां की हत्या कर दी- पुत्री जानकारी के अनुसार मृतका की देवरानी और देवर का लंबी बीमारी के चलते पहले ही निधन हो चुका हैजिनके बच्चों का पालन पोषण मृतिका पत्नी( नन्ही देवी कठेरिया )व पति कर रहे थे। मौके पर थानाध्यक्ष व सीओ मोहम्दाबाद भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे पुलिस ने हत्यारोपी पति को हिरासत में लिया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस हेतु जनपदस्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 10 फरवरी को 01 बर्ष से 19 बर्ष तक के बच्चों व किशोरों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएगी, सभी कार्य टाइमलाइन के अनुसार हो रहे है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि 05 फरवरी तक सभी जगह दवा पहुँचा दे, आंगनवाड़ी, ए0एन0एम0 बी0आर0सी0के माध्यम से सभी स्कूलों में नोडल बनाकर दवा उपलब्ध करा दे, सभी कार्यो की रिपोर्टिंग पोर्टल पर टाइमलाइन के अनुसार करे। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, व संवंधित मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की ताकत से उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी : राम अचल राजभर



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष,पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में संगठन द्वारा मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा हैं, वही वाराणसी में समाजवादी पार्टी महानगर वाराणसी के तत्वाधान में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्छ्रक्र कार्य को सुगम तरीके से करने के लिए महानगर की तीनों विधानसभाओं (उत्तरी, दक्षिणी, कैंट) के समस्त जोनल, सेक्टर और वार्ड प्रभारियों की पीडीए प्रहरी BLA बैठक नामक एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी से अकबरपुर विधानसभा के विधायक राम अचल राजभर थे। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव डॉ. अजय चौरसिया एवं महानगर के अध्यक्ष दिलीप डे, महानगर के महासचिव योगेंद्र यादव,हजरत अली सिद्दीकी सहीत आदि लोग उपस्थित थे।

# म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में माध्यमिक स्तर की जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिताएं संपन्सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) फर्रूखाबाद, सुभाष राजपूत तथा जिला विद्यालय निरीक्षक फर्रूखाबाद नरेंद्र पाल सिंह के निर्देशन में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर द्वारा विद्यालय में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। इस प्रतियोगिता में पूरे जनपद के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं की शुरुआत म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर द्वारा कराई गई। मंच का संचालन विद्यालय के शिक्षक डॉ दिनेश चंद्रा द्वारा किया गया।

छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता सम्बन्धी पोस्टर, भाषण



तथा लघु नाटिका प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन श्री सुभाष राजपूत मुख्य अतिथि/ मुख्य निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का परीक्षण करने के उपरांत प्रातः 11.00 बजे से भाषण, चित्रकला तथा लघु नाटिका प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सुभाष राजपूत तथा निर्णायक मंडल ने संयुक्त रूप से सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

भाषण प्रतियोगिता में रखा बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ की आयशा प्रथम स्थान पर, दयानंद इंटर कॉलेज अमृतपुर की पल्लवी अग्निहोत्री द्वितीय स्थान पर जबकि के.आर.आर. रस्तोगी इंटर कॉलेज फर्रूखाबाद के सक्षम पांडेय तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज फर्रूखाबाद की ललिता कुशवाहा प्रथम स्थान पर, डीपीएस इंटर कॉलेज मूसाखिरिया की जैनब द्वितीय स्थान पर जबकि मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज फर्रूखाबाद की कुमारी जेसिका तृतीय स्थान पर रही। लघु नाटिका में प्रथम स्थान पर नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज फर्रूखाबाद की नव्या, सृष्टि मिश्रा व वैष्णवी की टीम, द्वितीय स्थान पर म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के हर्षवर्धन, आलोक सिंह चौहान, सूरज तथा वंश की टीम तथा डीपीएस इंटर कॉलेज मूसाखरिया के प्रशांत, आयुष व सोनी की टीम तृतीय स्थान पर रही।

इन तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 31 जनवरी, 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में पुरस्कृत किया जाएगा। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं तथा विशेष कर विजेता छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए आगे भी अच्छा प्रदर्शन करने की अपील की। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सुभाष राजपूत ने सभी विजेता छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए ट्रैफिक के नियमों का सदैव पालन करने के निर्देश दिए।

## दिव्यांग बर्तन व्यापारी से साइबर ठगी, फर्जी मुकदमे की धमकी

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** लखनऊ क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर एक ठग ने शहर के दिव्यांग बर्तन व्यापारी से बातों में फंसाकर 4500 रुपये भेजे गए क्यूआर कोड में ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद ठगों की लालच और बढ़ने लगी। ठगों ने व्यापारी को निशाना बनाते हुए दो लाख रुपये की और मांग की साथ ही पैसा न दिए जाने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर धराया जा रहा है, जिससे पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मोहल्ला जारीगंज निवासी अरविंद ताम्रकार जन्म से ही साफ बोलने में असमर्थ हैं और एक छोटी सी बर्तन की दुकान खोलकर अपने परिवार का भरण पोषण करता हैं। पीड़ित ने साइबर थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि पिछले कुछ दिनों से एक अज्ञात नंबर से कॉल आ रहा है, जिसमें फोन करने वाला स्वयं को



लखनऊ क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया रहा है और अश्लील फिल्मों के धंधे में शामिल होने का झूठा आरोप लगाते हुए बड़ी कार्रवाई की धमकी दे रहा है, जिससे वह खासा डरा और सहमा हुआ है।

पीडित ने बताया कि ठग ने एक क्यूआर कोड भेजा गया और पैसे न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी मिलने के बाद, पीड़ित ने घबराहट में दो बार में लगभग 4500 रुपए ट्रांसफर कर दिए। हालांकि, ठगों का लालच कम नहीं हुई और वे लगातार अरविंद को फोन कर रहे हैं और उससे 2 लाख रुपए की बड़ी रकम की मांग कर रहे हैं।

## महाराजा निषाद राज जयंती समारोह की तैयारी बैठक संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रेस क्लब सिविल लाइन में 21 जनवरी 2026 को 14वाँ महाराजा निषाद राज जयंती समारोह समिति की तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व एवं संचालन जयंती अध्यक्ष अरुण निषाद (पहलवान) ने किया।बैठक में जयंती समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप देने पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, कार्यक्रम स्थल, विभिन्न प्रकार की झांकियों के माध्यम से समाज के महापुरुषों की स्मृतियों को जीवंत करने तथा सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षिक उत्थान के माध्यम से समाज को एक सूत्र में बाँधने का संकल्प लिया गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जयंती के अवसर पर निशुल्क गरीब बच्चों की शादियाँ कराई जाएँगी, शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। उपस्थित सामाजिक लोगों ने अपने-अपने विचार रखे, जिन्हें समिति द्वारा नोट कर आगे की रणनीति तय की गई। सभी ने एकमत से संकल्प लिया कि 14वाँ जयंती वर्ष ऐतिहासिक और भव्य होगा।अंत में अध्यक्ष अरुण निषाद (पहलवान) ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

## अयोध्या के 87 गो-आश्रय स्थलों में सीसीटीवी से 24 घंटे निगरानी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अयोध्या जनपद में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिले के सभी 87 गो-आश्रय स्थलों में अब वाई-फाई, सोलर एवं सिम बेस्ड सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक गो-आश्रय स्थल पर दो-दो कैमरे लगाए गए हैं। एक कैमरा प्रवेश द्वार पर स्थापित किया गया है, जिससे आने-जाने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जा सके, जबकि दूसरा कैमरा गोशाला के अंदर लगाया गया है, जिसके माध्यम से गोवंशों की स्थिति, भूसा, हरा चारा, पानी, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। कैमरे सोलर बेस्ड होने के कारण सूर्य की रोशनी से चार्ज होकर बिना बिजली बाधा के लगातार कार्य कर रहे हैं। वाई-फाई एवं सिम आधारित प्रणाली के चलते मोबाइल फोन व ऐप के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग को कहीं से भी आसानी से देखा जा



सकता है। सभी कैमरों की स्थापना ग्राम पंचायत निधि से की गई है। सभी 87 गो-आश्रय स्थलों की निगरानी के लिए अयोध्या विकास भवन में एक केंद्रीय कंट्रोल रूम संचालित किया गया है। यहां 11 विकास खंडों के अलग-अलग ग्रुप बनाकर टेलीविजन स्क्रीन पर एक बार में चार-चार कैमरों की लाइव स्थिति देखी जाती है। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी बारी-बारी से सभी गो-आश्रय स्थलों की सतत निगरानी करते हैं और किसी भी कमी के पाए जाने पर तत्काल निवारण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। सीसीटीवी कैमरे 360 डिग्री रोटेशन की क्षमता से युक्त हैं, जिससे गोशाला के अंदर और आसपास के क्षेत्रों की निगरानी संभव है। स्मार्ट डिटेक्शन सेंसिटिविटी के माध्यम से गतिविधियों का स्वतः पता चलता है। ह्यूमन डिटेक्शन एवं स्मार्ट ट्रैकिंग से केयरटेकर व अन्य मानव गतिविधियों की पहचान कर नोटिफिकेशन और क्लिप क्लाउड स्टोरेज में सुरक्षित होती है।डिटेक्शन एरिया सेटिंग से नाद, बैठने के स्थान, साफ-सफाई व भूसा भंडारण की निगरानी की जा सकती है। सायरन सेटिंग अवांछनीय गतिविधियों को रोकने में सहायक है।

नाइट विजन मोड से रात्रि में भी स्पष्ट दृश्य उपलब्ध होते हैं, जिससे चोरी और गोवंशों के बाहर निकलने की घटनाओं पर रोक लगी है। डिवाइस कॉल सुविधा के माध्यम से ऐप से गोशाला में मौजूद लोगों से सीधे संवाद भी किया जा सकता है। इस प्रणाली से गोशालाओं में पाई जाने वाली कमियों का तुरंत पता चल रहा है। समय पर भूसा, हरा चारा, पानी एवं अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होने से सुरक्षा, स्वच्छता और गोवंशों की देख-रेख में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि जिले के 87 गो-आश्रय स्थलों में अब तक 14 हजार 800 निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी आधारित निगरानी व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ी है और गो-आश्रयों की व्यवस्थाएं पहले से अधिक प्रभावी और विश्वसनीय हुई हैं। सोलर बेस्ड सिम सीसीटीवी प्रणाली के केंद्रीकृत संचालन से अयोध्या के सभी गो-आश्रय स्थलों की निगरानी अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और दक्ष हो गई है। इससे निराश्रित गोवंशों के संरक्षण की व्यवस्था मजबूत हुई है और पूरी प्रणाली अब अधिक सुदृढ़ एवं भरोसेमंद बन गई है।

## अवधी केवल बोली नहीं, हमारी सांस्कृतिक अस्मिता की धड़कन हैः डॉ. राम बहादुर मिश्र



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रचेता भवन में अवधी भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग द्वारा 'अवधी साहित्य: विरासत, वर्तमान चुनौतियां और भविष्य की संभावनाएं' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रख्यात अवधी साहित्यकार डॉ. राम बहादुर मिश्र ने अवधी को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताते हुए कहा कि यह केवल बोली नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक अस्मिता की धड़कन है। संगोष्ठी में डॉ. प्रत्याशा मिश्रा, प्रदीप सारंग, विक्रम मणि त्रिपाठी सहित वक्ताओं ने अवधी के समक्ष वर्तमान चुनौतियों और डिजिटल युग में उसकी संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

## ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से की शिष्टाचार भेंट

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** राजभवन गवर्नर हाउस, लखनऊ में ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष अयोध्या शिवेंद्र सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर शिवेंद्र सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।भेंट के दौरान जनप्रतिनिधित्व, ग्रामीण विकास एवं स्थानीय स्वशासन से जुड़े विषयों पर संक्षिप्त चर्चा हुई। शिवेंद्र सिंह ने अयोध्या जनपद की विभिन्न समस्याओं एवं विकास से संबंधित मुद्दों से लोकसभा अध्यक्ष को अवगत कराया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित, मलौली इंडियंस ने किंग्स इलेवन को हराया



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** क्षेत्र के मलौली गांव में चल रही एमपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के आखिरी दिन सेमी फाइनल व फाइनल मुकाबले खेले गए। फाइनल में मलौली इंडियंस ने किंग्स इलेवन को हराकर खिताब पर कब्जा किया। पहले खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में मलौली इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केसरी मिश्रा के ताबड़तोड़ 119 रन व विवेक तिवारी के 46रनों की मदद से दस ओवरों के मैच में 177रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मलौली पैंथर की टीम ने मोनू के जबरदस्त 70रनों की पारी के बावजूद मलौली पैंथर की टीम 165रनों तक पहुंच पाई हालांकि उसको हार का सामना करना पडा। वहीं फाइनल मुकाबला मलौली इंडियंस व किंग्स इलेवन के मध्य खेला गया मलौली इंडियंस की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी दस ओवरों में विवेक तिवारी के 36रनों की सहायता से 116रनों का लक्ष्य दिया जवाब में किंग्स इलेवन ने 101रनों पर ही आल आउट हो गई। इससे पूर्व फाइनल मुकाबले का शुभारंभ सचिन मिश्रा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर केसरी मिश्रा, रामकृपाल शुक्ला, विवेक मिश्रा मौजूद रहे।

## कलश यात्रा निकाली, बड़ी संख्या में ग्रामीण हुए शामिल

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** हरख ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत टेरा में भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कथा स्थल से बाबा कनक भारतीय मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई।यह कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से करीब 12 बजे निकाली गई। इसमें गांव की महिलाएं, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।भागवत कथा प्रयागराज के प्रसिद्ध विद्वान पंडित अंकित जी महाराज द्वारा की जाएगी।कलश यात्रा में ग्राम प्रधान टेरा राकेश वर्मा, सुनील, मास्टर देशराज, इंद्र कुमार, रोहित, मोनू, अरुण यादव सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## प्राचीन शिव मन्दिर को बचाने के लिए राष्ट्रीय जागरण मंच ने सौपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय जागरण मंच के अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के नेतृत्व में दुर्गापुरी स्थिति प्राचीन शिव मंदिर के संरक्षण हेतु जिलाधिकारी से राष्ट्रीय जागरण मंच पदाधिकारियों व हिन्दूवादी संगठनों की वार्ता हुई। ज्ञापन के माध्यम से सूचित किया गया कि कुछ कतिपय गैर हिन्दू समाज के लोग धीरे-धीरे शिवमंदिर को पाट कर उसका अस्तित्व समाप्त करने का प्रयास कर रहे हैं तथा मंदिर परिसर की जमीन को कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञात हो की मन्दिर से सटा पीपल का पुराना पेड़ है जिसकी डाल काटकर और पेड़ की जड़ो मे किट नाशक दवा डालकर जलाने का भी प्रयास किया गया है। जबकि मन्दिर की ज़मीन भी नुजुल की बताई जा रही है जिसको फर्जी कागज बनाकर बेच दिया गया है। राष्ट्रीय जागरण मंच ने प्रशासन से मांग की है कि मन्दिर की ज़मीन को जल्द से जल्द अवैध कब्जा से मुक्त करवाया जाए और मंदिर परिसर को सौन्दर्यरीकरण करने हेतु नगर पालिका के सुपुर्द किया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विश्व हिन्दू परिषद नगर अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल, हिन्दू जागरण मंच अवध प्रांत प्रभारी मनीष श्रीवास्तव,भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष देवराज त्रिपाठी, पूर्व सभासद सोनू यादव, पूर्व सभासद अजय तिवारी, राजीव श्रीवास्तव, रवींद्र तिवारी, अधिवक्ता दिवाकर सिंह, नरेन्द्र पांडेय अधिवक्ता अंबरीष श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अधिवक्ता अनुराग शुक्ला, अरविन्द श्रीवास्तव, अधिवक्ता देवीलाल व प्रमोद कुमार सहित काफी संख्या में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## कबड्डी प्रतियोगिता मे हरख ने मारी बाजी, बंकी टीम उपविजेता



*अवधनामा संवाददाता*

**बंकी बाराबंकी।** हिंदू युवा बलवान बने विश्व हिंदू परिषद युवा इकाई बजरंग दल के द्वारा ओम नगर बंकी शाखा मैदान पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रखंड हरख बंकी नगर बाराबंकी के बजरंग दल के युवाओं द्वारा प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया हरख प्रखंड की टीम विजेता बंकी उपविजेता रही विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राम नाथ मौर्य ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया जिला विशेष संपर्क प्रमुख व राज्य स्तरीय खिलाड़ी तुलसीराम चौहान और उन्होंने कहा मेहनत लगन ईमानदारी से कबड्डी प्रतियोगिता विभाग लेकर अपनी टीम को विजेता बनाएं इस प्रतियोगिता में नगर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल सौरभ सह मंत्री रितेश कुमार बजरंग दल संयोजक बंकी चंद्रशेखर उपाध्याय जिला सह मंत्री राम सजीवन यादव देशराज सोनी सचिन गुप्ता जितेंद्र जायसवाल सहित तमाम दर्शक मौजूद थे।

## 23 जनवरी से शुरू होगी सातवीं बरेली प्रीमियर टी-20 क्रिकेट लीग

**बरेली!** बरेली के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बार फिर रोमांचक मुकाबलों का मंच सजने जा रहा है। पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब (रजि.), बरेली की ओर से सातवीं बरेली प्रीमियर टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग का आयोजन 23 जनवरी से 30 जनवरी तक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता शकुंतला देवी की स्मृति में आयोजित हो रही है।टूर्नामेंट के सभी मैच निशांत पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम (जी.पी.), दोहरा रोड पर खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच 23 जनवरी को सुबह 9 बजे से खेला जाएगा। आयोजन को लेकर आयोजित पत्रकार वार्तामें क्लब अध्यक्ष सुनील सक्सेना और सचिव प्रशांत रायजादा ने बताया कि यह लीग लगातार सातवें वर्ष आयोजित की जा रही है। इस बार कुल 12 टीमें भाग लेंगी, जिनमें स्थानीय खिलाड़ियों को भी अवसर दिया गया है, ताकि जिले के युवा क्रिकेटर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

## टेंट व्यापारी ने खुद को मारी गोली, मौक़े पर मौत, जाँच मे जुटी पुलिस



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आजाद नगर मोहल्ले में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब टेंट और किराना व्यवसाय से जुड़े एक प्रतिष्ठित व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान संजय जायसवाल 45 वर्ष पुत्र राजेंद्र जायसवाल के रूप में हुई है। आत्महत्या का कारण पता नही चल पाया है। पुलिस जाँच मे जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे घर के भीतर अचानक गोली चलने की आवाज़ सुनाई दी। आवाज़ सुनते ही परिजन जब कमरे की ओर दौड़े तो संजय जायसवाल गंभीर अवस्था में मिले। उनके सिर से खून बह रहा था और पास में ही लाइसेंसी पिस्टल पड़ी थी। परिजन उन्हें तत्काल लखनऊ रोड स्थित हिंद मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संजय जायसवाल शहर के जाने-माने व्यवसायी थे। वे जायसवाल टेंट हाउस और खुशी किराना स्टोर के नाम से बड़े स्तर पर कारोबार करते थे। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर बीसी कमेटी का भी संचालन कर रहे थे। बताया जा रहा है कि नवंबर माह में उनके पुत्र ऐश्वर्य जायसवाल का विवाह हुआ था, जिसके बाद से वे आर्थिक दबाव में चल रहे थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, आर्थिक कारणों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस, फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

## बरेली की रहबर मीट फैक्ट्री में अचानक पड़ा छापा, कई गाड़ियों से पहुंची टीम, एक्शन से मची भगदड़

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** टैक्स चोरी के शक में बरेली की रहबर फूड्स (मीट) फैक्ट्री पर बुधवार को जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) ने ताबड़तोड़ छापा मारकर पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। कार्रवाई इतनी सख्त रही कि टीम के पहुंचते ही फैक्ट्री को चारों तरफ से घेर लिया गया, गेट सील कर दिए गए और किसी को भी अंदर-बाहर आने की इजाजत नहीं दी गई।

अचानक हुई इस कार्रवाई से फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी और भगदड़ का माहौल बन गया। जीएसटी विभाग को लंबे समय से रहबर फूड्स पर बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी और वित्तीय हेराफेरी की शिकायतें मिल रही थीं। आरोप है कि फैक्ट्री में उत्पादन और बिक्री के आंकड़ों में जानबूझकर भारी हेरफेर किया गया। इसी इनपुट पर एसआईबी की टीम ने छापेमारी कर स्टॉक रजिस्टर, बिल-वाउचर, जीएसटी रिटर्न और अन्य अहम दस्तावेज जब्त कर जांच शुरू कर दी। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने फैक्ट्री में मौजूद कच्चे माल और तैयार माल का बारीकी से भौतिक सत्यापन किया। दस्तावेजों में दर्ज आंकड़ों और मौके पर मिले स्टॉक के बीच बड़े अंतर को लेकर जांच एजेंसी खासा सतर्क है।

फैक्ट्री के कंप्यूटर सिस्टम, सर्वर और डिजिटल रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि किसी भी तरह की डिजिटल गड़बड़ी को पकड़ा जा सके।

सूत्रों के मुताबिक, करीब दो महीने पहले संभल और बरेली में इसी समूह से जुड़े मीट कारोबारियों के यहां हुई छापेमारी में कई अहम सुराग मिले थे। उस वक्त कुछ कड़ियां अधूरी रह गई थीं। अब उन्हीं सुरागों को जोड़ने के लिए यह सख्त और निर्णायक कार्रवाई की गई है।

## आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से फूटा गुस्सा, पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों का धरना

**बरेली।** मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत के बाद कार्रवाई में देरी से नाराज़ परिजनों ने बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पर हंगामा करते हुए धरना प्रदर्शन किया। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान मौके पर भारी भीड़ जुट गई, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। बारादरी थाना क्षेत्र के डोहरा निवासी पप्पू ने बताया कि 14 जनवरी 2026 को उनका पुत्र राहुल अपने परिचित भीमा, लकी लबेड़ा और आकाश ठाकुर के साथ बैठकर शराब पी रहा था।

इसी दौरान राहुल द्वारा पहले दिए गए उधार पैसों को लेकर भीमा से कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने राहुल के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन राहुल को इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसका लगातार उपचार चल रहा था। इस मामले में बिथरी चैनपुर पुलिस ने 18 जनवरी 2026 को मुकदमा दर्ज किया। मंगलवार को इलाज के दौरान राहुल की रामपुर गार्डन स्थित नारायण हॉस्पिटल में मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

बुधवार को पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस पर धरना देते हुए आरोप लगाया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। परिजनों का कहना था कि यदि समय रहते गिरफ्तारी होती, तो राहुल की जान बच सकती थी। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में गंभीर धाराएं बढ़ा दी गई हैं और आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कोर्ट में बदले बयान, दुष्कर्म के आरोपी डॉक्टर को मिली बड़ी राहत

### गवाहों के पलटने पर पॉक्सो कोर्ट ने सभी आरोपों से किया बरी

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** दुष्कर्म के एक चर्चित मामले में अदालत ने आरोपी डॉक्टर को बड़ी राहत देते हुए दोषमुक्त करार दिया है। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट की अदालत ने यह फैसला तब सुनाया, जब पीड़िता और उसके परिजन सुनवाई के दौरान अपने पूर्व बयानों से मुकर गए। मामला इज्जतनगर थाना क्षेत्र से जुड़ा था।

आरोप था कि बहेड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी डॉक्टर, जो इज्जतनगर इलाके में क्लीनिक संचालित करता था, ने सितंबर 2023 में 17 वर्षीय किशोरी को इलाज के बहाने बुलाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। शिकायत में जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया था। पुलिस जांच के बाद आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया गया। 28 मार्च 2024 को अदालत ने आरोपी के खिलाफ आरोप तय कर नियमित सुनवाई शुरू की।

'बहकावे में आकर लिखाई थी रिपोर्ट'

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष को उस समय गहरा झटका लगा, जब पीड़िता, उसकी मां और पिता तीनों ने अपने पहले दिए गए बयानों को गलत बताया। पीड़िता के पिता ने अदालत में कहा कि घटना के समय उनकी बेटी बालिग थी और डॉक्टर ने उसके साथ कोई जबरदस्ती नहीं की।

## ईपीएस-95 पेंशनर्स ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति (पेंशनर्स यूनियन) के बैनर तले पेंशनरों ने पेंशन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। मंडल अध्यक्ष ओपी शर्मा के नेतृत्व में पेंशनर्स ने क्षेत्रीय भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) कार्यालय और जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्र सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राऊत, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह रजावत और उत्तर प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी के आह्वान पर आयोजित किया गया। पेंशनर्स ने ज्ञापन के जरिए चार प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें ईपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम 7500 रुपये मासिक पेंशन के साथ महंगाई भत्ता देने, पति-पत्नी को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, पेंशन योजना से वंचित सदस्यों को 5000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने तथा उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित करने की मांग शामिल है।

## मिशन शक्ति टीम ने स्कूली बच्चों को किया जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा महराजगंज।** चौक थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा चैनपुर में 21 जनवरी 2026 दिन बुधवार को मिशन शक्ति फेज 5º0 के तहत मिशन शक्ति टीम ने कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय चैनपुर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनानाए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना और विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ.साथ साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाना था। बालिकाओं और महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 181ए श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओश्ए श्सखी.वन स्टॉप सेंटरश्ए श्पॉक्सो एक्टश् और श्मिशन शक्तिश् से जुड़ी अन्य कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्तए कार्यक्रम में बाल विवाहए दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरूकता फैलाई गई। उपस्थित लोगों को 1090ए 181ए 112 और 1930 जैसे अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया।

## बाल विवाह मुक्त के संकल्प के साथ 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ

### जिलाधिकारी ने जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** बाल विवाह मुक्त भारत के अंतर्गत 100 दिवसीय अभियान के तहत बुधवार को जनपद में जागरूकता रैलीए हस्ताक्षर अभियान एवं नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी महराजगंज श्री संतोष कुमार शर्मा ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया। यह अभियान पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति एवं यूनिसेफके सहयोग से संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित हस्ताक्षर अभियान में जिलाधिकारीए पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के निदेशक फादर शाजी जोसेफए यूनिसेफ के मंडलीय बाल संरक्षण सलाहकार शैलेश प्रताप सिंह सहित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर बाल विवाह मुक्त महराजगंज का संकल्प लिया। इसके पश्चात विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी हस्ताक्षर किए।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि बाल विवाह किसी भी परिस्थिति में न करें तथा विवाह निर्धारित आयु पूर्ण होने के बाद ही करें। उन्होंने श्बाल विवाह को ना और शिक्षा को हांश् का संदेश देते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने पर जोर दिया। अभियान के अंतर्गत जागरूकता वाहन जिलाधिकारी कार्यालय से प्रारंभ होकर विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए ठूठीबारी तक पहुंचा। इस दौरान बस अड्डों व सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098ए महिला हेल्पलाइन 181 और पुलिस हेल्पलाइन 112 की जानकारी दी गई। यूनिसेफ के मंडलीय बाल संरक्षण सलाहकार ने 27 नवंबर से 8 मार्च तक चलने वाले अभियान की जानकारी देते हुए ऑनलाइन शपथ अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

अवधनामा

लखनऊ, गुरुवार, 22 जनवरी 2026



## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर चल रही योजनाओं के रैंकिंग की डीएम व सीडीओ ने की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** बुधवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही विकास कार्यक्रमों के योजनाओं के रैंकिंग की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने एनआरएलएम विभाग, जल निगम विभाग, फैमिली आईडी, पंचायत विभाग, विद्युत विभाग, पर्यटन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोवेशन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग आदि विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि कार्यो का शतप्रतिशत कार्य करते हुए फीडिंग कराकर रैंकिंग में सुधार लायें। समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यों/योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा है कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, उपनिदेशक कृषि, डीपीआरओ, जिला प्रोवेशन अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, डीसी उद्योग बाबूराम, सहायक पर्यटन अधिकारी सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीगण, समस्त बीडीओ, समस्त एडीओ पंचायतगण, नेडा विभाग उपस्थित रहे।

## जनपद की गौ-शालाओं के सुचारु संचालन एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु आयोजित की गई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**




**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की गौ-शालाओं के सुचारु संचालन एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन तथा मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने की। बैठक में जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गौ-शालाओं की वर्तमान स्थिति, गौवंशों के संरक्षण, चारा व्यवस्था एवं आधारभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विकास खण्डों में स्थित गौ-शालाओं के निकट उपलब्ध चारागाह की भूमि पर गौवंशों के लिए हरे चारे की बुआई अनिवार्य रूप से कराई जाए, जिससे गौवंशों को पौष्टिक एवं पर्याप्त चारा सुलभ हो सके और बाहरी निर्भरता कम की जा सके। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने निर्देश दिये कि जनपद की सभी गौ-शालाओं में सुरक्षा एवं निगरानी के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं। साथ ही, इन कैमरों की मॉनिटरिंग हेतु मुख्यालय स्तर पर एक सुदृढ़ कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए, जिससे गौ-शालाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा सके और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर त्वरित कार्यवाही की जा सके। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी खण्ड विकास अधिकारी स्वयं अपने विकास खण्ड की गौ-शालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गौ-शालाओं के संचालन में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।

इसके अतिरिक्त, गौ-शालाओं को सौन्दर्यीकरण के अंतर्गत विकसित करने के निर्देश भी दिये गये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड में गौ-शालाओं को पार्क की तर्ज पर विकसित किया जाए, जहां हरियाली, स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित ढांचे का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि गौवंशों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों के लिए भी एक सकारात्मक वातावरण तैयार हो सके। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रगति रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराई जाए, जिससे जनपद में गौ-शालाओं का प्रभावी एवं आदर्श संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए सुशील कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, समस्त बीडीओ, समस्त एडीओ पंचायत सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निष्क्रिय खातों की जमा राशि लौटाने का शाखा ने चलाया अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

- खातों का पता लगाना बैंक के लिए एक बड़ी चुनौती बना

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा रुकनपुर कासिमपुर (जलालपुर) में लंबे समय से निष्क्रिय खातों में जमा ग्राहकों की पूंजी वापस दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में बातचीत में शाखा प्रबंधक आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि बैंक उन खातों की पहचान कर रहा है, जिनमें 10 वर्ष या उससे अधिक समय से कोई लेनदेन नहीं हुआ है और जिनकी जमा राशि भारतीय रिज़र्व बैंक के डीईएएफ (Depositor Education and Awareness Fund) खाते में स्थानांतरित की जा चुकी है।

शाखा प्रबंधक ने बताया कि अभियान के तहत ऐसे पुराने खाताधारकों अथवा उनके वैध उत्तराधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। उनसे केवाईसी से जुड़े आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर आरबीआई से संबंधित धनराशि वापस मंगाई जाएगी, ताकि वास्तविक हकदार को उसकी जमा पूंजी सौंपी जा सके।

उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में कई व्यावहारिक समस्याएं भी सामने आ रही हैं। बड़ी संख्या में खाताधारकों के पते बदल चुके हैं, कुछ खाताधारकों का निधन हो गया है, वहीं कई मामलों में दिए गए पते पर कोई उत्तराधिकारी निवास नहीं करता। ऐसे खातों का पता लगाना बैंक के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

शाखा प्रबंधक आशुतोष पाण्डेय ने आमजन से अपील की है कि जिन ग्राहकों या उनके परिजनों के नाम पर पुराने निष्क्रिय खाते रहे हैं, वे उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की रुकनपुर कासिमपुर शाखा में संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें। बैंक का उद्देश्य है कि किसी भी ग्राहक की मेहनत की कमाई बिना दावे के न रह जाए और सही व्यक्ति तक उसकी राशि पहुंचाई जा सके।

## हर घर आंगन का बच्चा पढ़ और बढ़ रहा है : सदर विधायक

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** सरकार ने परिषदीय विद्यालय भवनों के कायाकल्प के साथ ही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण हेतु उपयुक्त वातावरण सृजन हेतु विभिन्न योजनाएं चला रखी हैं। शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन समितियों के परस्पर सहयोग एवं समन्वय से हर घर आंगन का बच्चा पढ़ और बढ़ रहा है। शिक्षक और समुदाय के बेहतर तालमेल से परिषदीय विद्यालयों में नामांकन और दैनिक उपस्थिति की स्थिति में सुखद सुधार हो रहा है।

उक्त बातें सदर विधायक श्यामधनी राही ने बुधवार को बीआरसी नौगढ़ में आयोजित हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीईओ सदर रामकुमार सिंह ने एसएमसी अध्यक्ष एवं सचिव को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के बारे में बताते हुए बच्चों एवं विद्यालय के विकास हेतु अभिप्रेरित किया। एसआरजी सदस्य अंशुमान सिंह ने निपुण आकलन के बारे में उपयोगी जानकारी दी। सीडीपीओ गौरीशंकर यादव ने प्री-प्रायमरी एवं बाल वाटिका में बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मास्टर ट्रेनर्स नियाज़ अहमद, आलोक आनंद एवं सत्येन्द्र गुप्ता द्वारा विद्यालय प्रबंधन समितियों के गठन एवं प्रमुख कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम को अरूण सिंह, विजयेन्द्र मिश्रा, डाक्टर विनयकांत मिश्रा, अनंतदीप यादव, बाबा सुमेरदास आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र सिंह ,जितेंद्र कुमार मिश्रा, साधना श्रीवास्तव, रामसुभग, आलोक श्रीनेत, अनिल पांडेय, जमील अहमद आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## अवधनामा की ख़बर के बाद आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को मिला वेतन

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** जनपद की ए श्रेणी की नगर पालिका टांडा ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की आपूर्ति के लिए रेखा सिक्योरिटी कंपनी को ठेका दे रखा है। इस कंपनी ने लगभग 17 कर्मचारियों का वेतन भुगतान डेढ़ माह से अधिक समय तक रोक दिया था। हालांकि कर्मचारियों के अंदर इस बात को लेकर आक्रोश बना हुआ था।

इस बीच संपूर्ण प्रकरण की खबर प्रमुखता से प्रकाशित कर उन कर्मचारियों के दर्द को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया जिसके बाद रेखा सिक्योरिटी कंपनी से वार्ता कर फटकार लगा कर टांडा पालिका के प्रभारी अधिशाषी अधिकारी/उप जिला अधिकारी नीरज गौतम और अध्यक्ष शबाना नाज़ ने तत्काल वेतन भुगतान किए जाने का निर्देश दिया। और कहा कि वेतन भुगतान न किए जाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी की जाएगी। उसके बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। दरअसल रेखा सिक्योरिटी कंपनी के द्वारा यह पहला मामला नहीं है। प्रत्येक माह वेतन देरी से भुगतान कर कर्मचारियों के साथ दोहरी नीत अपनाई जाती हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार अक्टूबर महीने का पीएफ का पेमेंट भी अभी तक कर्मचारियों के पीएफ खाते में नहीं डाली गई हैं। जो लापरवाही के श्रेणी में आता है। उल्लेखनीय हैं कि 17 कर्मचारियों के अंदर दिन प्रतिदिन आक्रोश बनता जा रहा था लेकिन जब प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद पालिका टांडा अध्यक्ष शबाना नाज़ और प्रभारी अधिशाषी अधिकारी/उप जिला अधिकारी नीरज गौतम ने प्रकरण को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लिया और आउटसोर्सिंग कंपनी के मुख्य ठेकेदार से तीखी वार्ता हुई तो कंपनी ने तत्काल 21 जनवरी को सभी 17 कर्मचारियों के खाते में वेतन भुगतान कर दिया गया। अब कर्मचारियों के चारे पर मुस्कान साफ तौर पर देखने को मिल रही हैं।

## महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर कोतवाली मिठवल के जनचौपाल एवं बहु-बेटी सम्मेलन का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत बुद्धवार को थाना कोतवाली मिठवल क्षेत्र के ग्राम पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम कुदारनखास में जनचौपाल एवं बहु-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं व बालिकाओं ने सहभागिता कर कानून व अधिकारों से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिणी यादव के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में संपन्न हुए कार्यक्रम में लगभग 100 महिलाओं व बालिकाओं ने नए कानूनों, महिला सुरक्षा उपायों एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। जनचौपाल में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम सहित अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने तथा कानून का सहारा लेने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान 112, 1090, 181, 1930, 1098 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर यह संदेश दिया गया कि संकट की घड़ी में पुलिस हर समय महिलाओं के साथ खड़ी है। मिशन शक्ति टीम में उ0 नि0 श्री बलराम धर दूबे,का0 सन्तोष सोनकर,म0का0 प्रियंका,श्रध्दा दूबे,ज्योति सिंह की भूमिका सराहनीय रही। मिशन शक्ति टीम द्वारा यह संदेश दिया गया कि महिला जागरूकता ही सुरक्षित व सशक्त समाज की आधारशिला है।

## विकास खण्ड बसखारी गेट बना कमीशनखोरी का केन्द्र

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** विकास खंड बसखारी परिसर में बने पूर्वी गेट ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का नया विषय छेड़ दिया है। देखने में यह गेट किसी सरकारी कार्यालय का प्रवेश द्वार कम और आगरा के ताजमहल की नकल ज्यादा प्रतीत होता है। फर्क बस इतना है कि ताजमहल प्रेम का प्रतीक है, जबकि यह गेट कथित तौर पर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार का स्मारक बनता नजर आ रहा है।

**17 लाख का 'गेट', सवालों के घेरे में खर्च :** सूत्रों के अनुसार इस गेट के निर्माण में ग्रेनाइट पत्थर पर 6,04,255 रुपये और गेट निर्माण मद में 25,626 रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। जबकि मजदूरी और अन्य मदों पर कितना खर्च हुआ, इसका कोई स्पष्ट विवरण सामने नहीं आया है। कुल मिलाकर बताया जा रहा है कि इस गेट पर करीब 17 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी धन का भरपूर विकास जरूर हुआ है, लेकिन वह जनता के लिए नहीं बल्कि कुछ खास जेबों के लिए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब विकासखंड कार्यालय परिसर में ही इस तरह का खर्च नजर आ रहा है, तो ग्राम पंचायतों में हुए कार्यों की पारदर्शिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**जिम्मेदारी किसकी? चुप्पी पर उठे सवाल :** सबसे बड़ा सवाल यह है कि ब्लॉक प्रमुख, जनप्रतिनिधि और खंड विकास अधिकारी की निगाहें इस गेट पर क्यों नहीं गईं? और अगर गईं, तो फिर जांच या आपत्ति क्यों नहीं दर्ज की गई, जबकि भुगतान की अंतिम जिम्मेदारी विकासखंड प्रशासन की ही होती है। क्षेत्र में चर्चा है–अगर 17 लाख रुपये किसी एक ग्राम पंचायत में ईमानदारी से खर्च हो जाएं, तो गांव की तस्वीर बदल सकती है। लेकिन बसखारी में तो पूरा बजट एक गेट को 'महान' बनाने में लगा दिया गया। फिलहाल बसखारी विकासखंड विकास कार्यों से ज्यादा इस 'ताजमहल गेट' और कथित कमीशनखोरी को लेकर सुर्खियों में है। अब देखना होगा कि इस निर्माण पर जांच की नजर पड़ती है या फिर हर बार की तरह यह मामला भी सत्ता और सिस्टम के दबाव में दफन कर दिया जाएगा।

## नेशनल सेल्फ केयर टीम (एनएससीटी ) की जिला कार्यकारिणी गठित, डॉ अजय पाठक बने जिलाध्यक्ष



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** नेशनल सेल्फ केयर टीम (एनएससीटी) की जनपदीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है, संस्था के संस्थापक विवेकानंद ने मनोनयन पत्र जारी कर कुल दस पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी है, जिसमे डॉ अजय पाठक को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है, बुधवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर संरक्षक जगदंबा प्रसाद, मंत्री रविंद्र कुमार, सचिव विष्णु शंकर तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष शंकर मिश्र, संगठन मंत्री पवन कुमार गोस्वामी, संयुक्त मंत्री राजेश कुमार प्रजापति, आईटीसी प्रभारी संगीता देवी और अरविंद कुमार सिंह को सम्मानित करते हुए उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया।आपको बता दें नोबल सेल्फ केयर ट्रस्ट प्रयागराज द्वारा सेवा परमो धर्म की भावना से प्रेरित होकर, हम सबका हम सबके लिए हम सबके द्वारा के समभाव से एनएससीटी उत्तर प्रदेश तथा देशभर के विभिन्न संवर्गो से जुड़े हुए नागरिकों कर्मचारियों अधिकारियों संविदा कर्मियों समेत सभी जनमानस की आर्थिक सामाजिक सहायता हेतु बनाई गई टीम है यह उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में विभिन्न संवर्गो के जनमानस द्वारा मांग किए जाने के उपरांत सभी के लिए प्रारंभ किया गया अभिनव प्रयास है। इस अवसर पर टीएससीटी के जिला संयोजक रणजीत सिंह, रणजीत कुमार, मकसूद अली, संजू मैम, इमरान, दिव्यांशु, राज आदि ने टीम गोण्डा को बधाई दी है।

## शहर में ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 29 ई-रिक्शा किये गए जब्त

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से दिए गए निर्देशों के क्रम में संबंधित विभागों द्वारा सघन अभियान एवं निरीक्षण की कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी क्रम में शहर क्षेत्र में नाबालिक एवं बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के ई-रिक्शा संचालन पर प्रभावी कार्रवाई की गई है।

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एआरटीओ गोंडा, यातायात निरीक्षक (टी.आई.) गोंडा तथा ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न मार्गों एवं चौराहों पर ई-रिक्शा चालकों की गहन जांच की गई। जांच में कई ई-रिक्शा चालक नाबालिक पाए गए तथा कई के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऐसे ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 29 ई-रिक्शा जब्त किए गए, जिन्हें गोण्डा स्थित ट्रैफिक पुलिस कार्यालय में सुरक्षित रखा गया है। यह कार्रवाई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा की बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में एनएच लखनऊ डिवीजन के अंतर्गत गोण्डा-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनाधिकृत कटों के निरीक्षण एवं बंदीकरण की कार्यवाही भी तेज़ी से की जा रही है।


इस क्रम में एससीपीएम मेडिकल कॉलेज कट, माधवपुर कट, बालपुर, परसगोंड़री सहित कई संवेदनशील स्थानों पर अनधिकृत कटों का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत दुर्घटना की आशंका को देखते हुए अनाधिकृत कटों को चरणबद्ध तरीके से बंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि अब तक चिन्हित कुल 31 अनाधिकृत कटों में से 11 कटों को पूर्ण रूप से बंद किया जा चुका है, जबकि शेष कटों को शीघ्र बंद करने की कार्यवाही प्रगति पर है।

## सदर विधायक ने मतदाता पंजीयन कार्य का किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु के विधायक श्यामधनी राही ने बुधवार मंडल नौगढ़ देहात अंतर्गत शक्तिकेंद्र मधुबनी का दौरा कर बूथ संख्या 143, 144, 145, 146, 147 एवं 148 पर मतदाता पंजीयन की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची अद्यतन कार्य की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विधायक श्यामधनी राही ने पार्टी के बूथ अध्यक्षों एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि जो पात्र मतदाता किसी कारणवश मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं, उनका नाम शीघ्र ही फॉर्म-6 के माध्यम से मतदाता सूची में जोड़ा जाए, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। इस अवसर पर पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री अनिल चौधरी जी, मंडल महामंत्री नरेंद्र पटेल, ग्राम प्रधान दूधनाथ यादव, शक्तिकेंद्र मधुबनी के संयोजक श्री माधव यादव, शक्तिकेंद्र संयोजक हेमंत चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भव्य धार्मिक आयोजन से वातावरण हुआ आध्यात्मिक



**अम्बेडकरनगर।** श्री रामलीला मैदान जलालपुर में दो दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, आयोजन श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित और माँ की महिमा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजन में हुआ । यजमानों के रूप में अतेन्द्र त्रिपाठी, आशुतोष श्रीवास्तव, राम किशोर राजभर, संदीप अग्रहरि, विमलेश दुबे, मंजुल तिवारी,जितेन्द्र भार्गव, विकाश निषाद सहित ने विशेष भूमिका निभाई। वैदिक विधि-विधान से सजे मंच पर आचार्य रामदौर मिश्र ने मंगलमय पूजन-अनुष्ठान कराया, जबकि समिति अध्यक्ष संजीव मिश्र, राधेश्याम शुक्ल, गोलू जायसवाल, महेंद्र प्रताप चौहान, रामलाल निषाद, कृष्ण गोपाल गुप्ता, केशव श्रीवास्तव एवं अरुण मिश्र ने संयुक्त रूप से पाठ का शुभारंभ किया। जय श्री राम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राम प्रकाश यादव, चन्द्रिका प्रसाद, संजय सिंह, मानिकचंद सोनी, हरिदर्शन राजभर, रणजय सिंह, सुरेश गुप्त, सोनू गौड, सुशील अग्रवाल, दिलीप यादव, राजन मिश्र, टिंकू मिश्र तथा विक्की गौतम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मानव तस्करी की रोकथाम हेतु शहरीय क्षेत्र में चलाया गया ऑपरेशन रक्षा अभियान

**गोण्डा।** अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0, लखनऊ के आदेशानुसार मानव तस्करी की रोकथाम, महिलाओं एवं बालिकाओं के संरक्षण, रेस्क्यू, विधिक कार्यवाही एवं पीड़ितों के पुनर्वास हेतु दिनांक 16.01.2026 से प्रारंभ 15 दिवसीय ऑपरेशन रक्षा अभियान के दौरान आज दिनांक 21.01.2026 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत संचालित स्पा सेंटरों, मसाज पार्लरों एवं होटलों में विशेष अभियान चलाकर चेकिंग की गई।

## पूर्व प्राथमिक शिक्षा को जनसहभागिता से सशक्त बनाने पर जोर

- हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में सीखने की बुनियाद पर चर्चा
- एफएलएन गतिविधियों व निपुण बच्चों के सम्मान से दिया गया संदेश



**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** निपुण भारत अभियान के तहत पूर्व प्राथमिक शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए दुदही बीआरसी परिसर में ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य बाल वाटिका स्तर पर भाषा व गणित की बुनियादी समझ को सुदृढ़ करने के प्रयासों से जनसमुदाय को जागरूक करना रहा।

मुख्य अतिथि बीडीओ कमलेश कुमार राय ने कहा कि शिक्षा की मजबूत नींव पूर्व प्राथमिक स्तर पर ही रखी जाती है। यदि इस स्तर पर बच्चों की सीखने की क्षमता को सही दिशा दी जाए तो आगे की पढ़ाई सहज व प्रभावी बनती है। उन्होंने शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एफएलएन वंडर बाक्स के योजनाबद्ध प्रयोग के माध्यम से बच्चों में जिज्ञासा व सीखने की रुचि विकसित करने पर ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रमुख प्रतिनिधि लल्लन गोंड ने कहा कि निपुण भारत अभियान की सफलता समाज की सहभागिता से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि केवल विद्यालय या आंगनबाड़ी केंद्र ही नहीं, बल्कि अभिभावकों की सक्रिय भूमिका बच्चों के शैक्षिक विकास में निर्णायक होती है। ऐसे आयोजनों से समुदाय को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में सकारात्मक माहौल बनता है। आयोजक बीईओ रीता गुप्ता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव पूर्व प्राथमिक शिक्षा की अवधारणा को व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि बाल वाटिका के स्तर पर बच्चों को सीखने का अनुकूल वातावरण देकर निपुण लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ा जा सकता है। समारोह के दौरान बाल वाटिका के निपुण बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संचालन मुनौव्वर अली ने किया। इस अवसर पर प्राशिसं अध्यक्ष अरुणेंद्र राय, मंत्री रामनिवास जायसवाल, राजकुमार राय, विद्या सिंह, जूशिसं मंत्री योगेंद्र शर्मा, एआरपी गणित धर्मेंद्र यादव, एसएसटी राहुल सिंह, अंग्रेजी राहुल कुमार सिंह, एजाज अहमद, राजीव सिंह, विनोद सिंह, विपिन बिहारी चौबे, अरविंद दुबे, संतोष कुमार, रुबी गुप्ता, अनंत अग्रवाल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि उपस्थित रहे।

## स्कूल के पास अजगरों का बसेरा बना घटना का सबब

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर-जलालपुर मुख्य मार्ग पर स्थित कजपुरा मोड़ की पुलिया इन दिनों लोगों के लिए गंभीर खतरे का सबब बन गई है। पुलिया के नीचे करीब आधा दर्जन से अधिक विशालकाय अजगरों ने अपना स्थायी रैन बसेरा बना लिया है, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

हिंदू पौराणिक मान्यताओं में नागदेवता को धरती का रक्षक और भगवान शिव के आभूषण के रूप में पूजा जाता है। नागपंचमी जैसे पर्व पर लोग नागों की आराधना कर उनसे सुख-समृद्धि की कामना करते हैं, लेकिन कजपुरा मोड़ पर यही नागवंश अब लोगों के लिए आस्था नहीं, बल्कि आतंक का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अजगर दिन में भी पुलिया से बाहर निकलकर झाड़ियों और खुले स्थानों में रेंगते दिखाई दे रहे हैं। कई बार वे सड़क पार करते भी देखे गए हैं, जिससे राहगीरों, बाइक सवारों और बच्चों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। चिंताजनक बात यह है कि पुलिया के बगल में नव ज्योति विद्यालय व पं. महबीर प्रसाद आईटीआई कॉलेज स्थित हैं, जहां रोज़ाना सैकड़ों बच्चे और छात्र-छात्राएं आते-जाते हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी पर बांसी पुलिस का शिकंजा

- बाजार से दबोचा गया आरोपी, सीधे जेल भेजने की तैयारी

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपद में नाबालिगों के खिलाफ अपराध करने वालों के लिए अब कोई जगह सुरक्षित नहीं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के सख्त निर्देशों के क्रम में चलाए जा रहे अपराध-विरोधी अभियान के तहत थाना बांसी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय भेज दिया है। बांसी पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में दहशत और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है।

क्षेत्राधिकारी बांसी रोहनी यादव के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में थाना बांसी पुलिस ने मु0अ0सं0 256/2025 (धारा 137(2), 65(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट) में वांछित थाना क्षेत्र के भडही मिश्रौलिया निवासी राकेश पुत्र जुगानू को सोनखर बाजार से दबोच लिया। पुलिस की सटीक रणनीति और त्वरित कार्रवाई के चलते आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मच गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0 नि0 रामाज्ञा प्रसाद, हे0कां0 शैलेंद्र प्रताप चंद भी शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराध करने वालों के साथ कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। आरोपी को आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना कर दिया गया है।

## भाजपा का 'नबीन' दौर

नितिन नबीन भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में बड़े समारोह के साथ उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरुआत की है। नबीन के पक्ष में केंद्रीय मंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों और संसदीय बोर्ड ने कुल 37 नामांकन प्रस्ताव दिए थे, विरोध में कोई भी नामांकन नहीं था, लिहाजा भाजपा अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए हैं। यह भाजपा की स्थापित परंपरा है कि शीर्ष नेतृत्व एक नाम तय करता है और समूचा संगठन उस पर स्वीकृति की मुहर लगा देता है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाते हुए कभी कोई विरोध, चुनाव की चुनौती सामने नहीं आई, लिहाजा पार्टी में अब 'नबीन दौर' शुरू हो गया है। इसे स्वीकार करना चाहिए। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष 45 वर्षीय, सबसे युवा नेता हैं। उनसे पहले अमित शाह 49 वर्ष और नितिन गडकरी 52 वर्ष के थे, जब वे भाजपा अध्यक्ष बने। पार्टी के भीतर से यह खबर भी आ गई है कि भाजपा संगठन में अब 70 फीसदी पद 60 साल की उम्र से कम वाले चेहरों को दिए जाएंगे। साफ है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी और पदाधिकारियों के स्तर पर व्यापक बदलाव किए जा सकते हैं। भाजपा ने नितिन नबीन के दौर के साथ ही यह प्रचारित करना शुरू कर दिया है कि देश की 65 फीसदी आबादी युवा है और भाजपा 'जेन जी' की पहली पसंद वाली पार्टी है। पार्टी के प्रथम सरोकार, लक्ष्य, प्राथमिकताएं, कार्यक्रम आदि भी 'जेन जी' केंद्रित होंगे। इस सोच और रणनीति के पीछे जनादेश के आंकड़ों का भी योगदान है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 39 फीसदी से अधिक युवाओं ने भाजपा-एनडीए के पक्ष में वोट दिए।

राज्य स्तरीय चुनावों में समर्थन का यह आंकड़ा 45-47 फीसदी तक भी पहुंचा है। लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी ने, गृहमंत्री अमित शाह की सलाह से, भाजपा अध्यक्ष के लिए एक निर्विरोध, निर्विवाद और संगठन के अनुभवी युवा चेहरे को चुना है। यह नाम जब सामने आया था, तो प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर देश को हैरान कर दिया था। बहरहाल भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल, 1980 को की गई और अटलबिहारी वाजपेयी को प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। भाजपा की पृष्ठभूमि 'भारतीय जनसंघ' में निहित रही है, जिसकी स्थापना 21 अक्तूबर, 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्याय सरीखे साथियों के संग, एक स्कूल के प्रांगण में की थी। आपातकाल के बाद 'जनता पार्टी' के राजनीतिक संगठन का उदय हुआ, तब जनसंघ समेत कई विपक्षी दलों ने अपना निजी अस्तित्व समाप्त कर 'जनता पार्टी' में विलय किया था। नतीजतन 1977 का शानदार, प्रचंड जनादेश विपक्ष को हासिल हुआ, लेकिन 1979 में जनता पार्टी के विघटन के बाद जनसंघ वाले गुट ने भाजपा का गठन किया। राजनीति में 45 साल का सफर कोई लंबा नहीं माना जाता, लेकिन आज भाजपा 17 करोड़ से अधिक सदस्यों और काडर वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। यह आश्चर्यजनक विस्तार और स्वीकृति है। भाजपा के प्रथम प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी थे, जिन्होंने 6 साल तक भारत सरकार का नेतृत्व किया। 26 मई, 2014 से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। वह लगातार तीन बार प्रधानमंत्री चुने गए हैं। देश के 21 राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। करीब 68 फीसदी देश पर उनका शासन है। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के 1654 विधायक हैं और एनडीए विधायकों की संख्या 2300 से अधिक है। भाजपा का लक्ष्य है कि आगामी दो साल में उसके अपने विधायकों की संख्या 1800 को छू सकती है। इतना जनादेश क्या पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल के विधानसभा चुनावों से मिल सकता है? हमें तो यह भी आश्चर्य नहीं लगता। आज भाजपा आंध्रप्रदेश में तेलुगूदेशम पार्टी के साथ सत्ता में है। कमोबेश जनता का शुरुआती जनादेश तो मिला। विस्तार बाद में किया जा सकता है। आज भाजपा, जनसंघ की तरह, बनियों, ब्राह्मणों, व्यापारियों की पार्टी ही नहीं है। अब ओबीसी, दलित, आदिवासी और 7-8 फीसदी मुसलमान भी भाजपा के साथ हैं, लिहाजा पार्टी का ऐसा विस्तार हुआ है। इसके बावजूद भाजपा आज भी दक्षिणपंथी,

## बीएमसी चुनाव परिणाम : सत्ता, समीकरण और संकेत

मुंबई की राजनीति में बीएमसी का चुनाव हमेशा सत्ता का नहीं, दिशा का फैसला करता है। इस बार भी वही हुआ है, लेकिन फर्क यह है कि फैसला पहले से कहीं अधिक साफ़, निर्मम और निर्णायक है। ब्रिहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनावी नतीजों ने यह भ्रम पूरी तरह तोड़ दिया है कि भावनात्मक विरासत, पहचान की राजनीति या अतीत की उपलब्धियाँ शहरी भारत में अब भी चुनाव जिता सकती हैं। यह चुनाव दरअसल भारतीय जनता पार्टी की चुनाव प्रबंधन रणनीति की खुली विजय है।



कफील क़ासमी

आंकड़े इस सच्चाई को किसी बहस की गुंजाइश नहीं छोड़ते। 227 सदस्यीय बीएमसी में बीजेपी ने 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 29 सीटें मिलीं। इस तरह महायुति गठबंधन का कुल आंकड़ा 118 सीटों तक पहुंच गया, जो स्पष्ट बहुमत है। इसके मुकाबले उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूटीबी) 65 सीटों पर सिमट गई। कांग्रेस को 24 सीटें,एआईएमआईएम को 8 सीटें, राज ठाकरे की एमएनएस को महज़ 6 सीटें, जबकि अन्य दलों और निर्दलीयों को मिलाकर शेष सीटें मिलीं।

लेकिन यह चुनाव केवल इस बात की कहानी नहीं है कि किसे कितनी सीटें मिलीं। यह उस राजनीतिक सोच की हार-जीत की कहानी है, जो आज के शहरी मतदाता को समझने में सफल रही और जो अब भी पुराने फ्रेम में अटकी रही। तीन दशकों तक बीएमसी शिवसेना की राजनीतिक पहचान का सबसे मजबूत स्तंभ रही। यह वह सत्ता-केंद्र था, जिसने शिवसेना को सड़क से लेकर सरकार तक ताक़त दी। लेकिन इस चुनाव में उद्धव ठाकरे की शिवसेना यह भरोसा नहीं जगा सकी कि वह आज की मुंबई की समस्याओं-ट्रैफिक, पानी, कचरा प्रबंधन, भ्रष्टाचार, झुग्गी पुनर्विकास-का समाधान दे सकती है। 65 सीटें दरअसल उस भरोसे की कमी का आंकड़ा हैं।

राज ठाकरे और एमएनएस की 6 सीटें इस बात का प्रमाण हैं कि आक्रामक भाषण, प्रतीकात्मक विरोध और मराठी अस्मिता की एकरेखीय राजनीति अब महानगर में निर्णायक नहीं रही। मुंबई का मतदाता भावनात्मक उत्तेजना से आगे निकल चुका है। वह सवाल पूछता है-शहर कौन चलाएगा, सिर्फ़ नारे कौन लगाएगा? कांग्रेस की 24 सीटें भी इसी संकट की ओर इशारा करती हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी अब भी यह तय नहीं कर पाई कि वह शहरी राजनीति में किस वर्ग, किस मुद्दे और किस दृष्टि की प्रतिनिधि है। कांग्रेस कुछ इलाकों में मौजूद है, लेकिन वह चुनाव की धुरी नहीं बन पाई।

एआईएमआईएम की 8 सीटें अलग संदेश देती हैं। यह जीत संख्या में छोटी है, लेकिन यह बताती है कि पारंपरिक दलों से निराश अल्पसंख्यक मतदाता कुछ क्षेत्रों में नए राजनीतिक विकल्पों की ओर देख रहा है। हालांकि यह प्रभाव फिलहाल सीमित है और नगर निगम की राजनीति की दिशा तय करने की स्थिति में नहीं।

इन सबके बीच असली कहानी बीजेपी की रणनीतिक सफलता की है। बीजेपी ने यह चुनाव भावनाओं का नहीं, प्रबंधन का चुनाव बनाया। पार्टी ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया, वार्ड-वार उम्मीदवारों का चयन किया, स्थानीय मुद्दों को पहचाना और मतदाता से लगातार संवाद बनाए रखा। बीजेपी ने न तो शिवसेना की विरासत को सीधी चुनौती दी, न ही पहचान की राजनीति में उलझी। उसने सीधा सवाल रखा-शहर किसके हाथ में सुरक्षित है? बीजेपी जानती है कि शहरी मतदाता स्थिरता, प्रशासनिक क्षमता और भविष्य की योजना चाहता है। बीजेपी ने इस चुनाव में नारा नहीं, नैरेटिव बेचा-कि वही पार्टी मुंबई जैसे महानगर को चला सकती है।

यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विपक्ष की बिखरी राजनीति का फायदा भर नहीं है। यह उस संगठनात्मक ढांचे की जीत है, जिसे बीजेपी ने वर्षों में खड़ा किया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173


टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**जनेश्वर मिश्र के व्यक्तित्व को संघर्षशील बनाने में समाजवादी युवजन सभा का बहुत बड़ा योगदान था उत्तर प्रदेश की राजनीति में 1960 के दशक से समाजवादी युवजन सभा का विस्तार पूरे उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद सेलेकर गाजीपुर तक कोई भी विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय ऐसा नही था जहाँ पर समाजवादी युवजन सभा का विस्तार न होगया हो, जनेश्वर मिश्र भी 1965 में समाजवादी युवजन सभा केसचिव थे, और उस समय राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रसिद्ध समाजवादी नेता किशन पटनायक थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 28 अगस्त 1958 को छात्र संघ का चुनाव होने वाला था।**

# समाजवादी संघर्षों के नायक जनेश्वर मिश्र

सोशलिस्ट पार्टी जब वैचारिक संघर्षो का दौर तेज हुआ तो हैदराबाद में 1957 में सोशलिस्ट पार्टी 2 हिस्सो मे ं बट गई एक प्रजा सोशलिस्ट पार्टी और दूसरी संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी बनी। संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी में युवा शाखा का नाम समाजवादी युवक सभा था लेकिन डा. राम मनोहर लोहिया नेकेरल की एक नेता श्रीमती सरस्वती अम्माल जिनको उत्तर प्रदेश केबस्ती जनपद में पार्टी का कार्य करने के लिये रखा था। उन्होने सुझाव दिया कि युवक शब्द में पुरूष का बोध होता है और महिलाओके लिये स्थान नही है इसलिये युवक के स्थान पर इसे युवजन कर दिया जाये। यह शब्द तेलगु भाषा सेआया था। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्षो में रंगनाथ मिश्रा, गौड़ेमुरहरी, लाडली मोहन निगम, जैसे लोग थे। जनेश्वर मिश्रा समाजवादी युवजन सभा से निकले हुये एक तेजस्वी एक जुझारू नेता के रूप में इलाहाबाद में चर्चित हो रहे थे और इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र राजनीति का मुख्य केन्द्र था। जनेश्वर मिश्र के व्यक्तित्व को संघर्षशील बनाने में समाजवादी युवजन सभा का बहुत बड़ा योगदान था उत्तर प्रदेश की राजनीति में 1960 के दशक से समाजवादी युवजन सभा का विस्तार पूरे उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद सेलेकर गाजीपुर तक कोई भी विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय ऐसा नही था जहाँ पर समाजवादी युवजन सभा का विस्तार न होगया हो, जनेश्वर मिश्र भी 1965 में समाजवादी युवजन सभा केसचिव थे, और उस समय राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रसिद्ध समाजवादी नेता किशन पटनायक थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 28 अगस्त 1958 को छात्र संघ का चुनाव होने वाला था और पूरे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रचार प्रसार का माहौल शवाब था उसी समय विश्वविद्यालय का एक छात्र मानसरोवर सिनेमा हाल मे ं सिनेमा देखने के लिये गया था और टिकट के लेन देन में सिनेमा हाल केमैनेजर से झड़प और मारपीट हो गई जो विश्वविद्यालय में जंगल की आग की तरह फैल गई, छात्रों का एक बडा समूह जनेश्वर मिश्रा केनेतृत्व में जिलाधिकारी इलाहाबाद से मिलनेके लिये कचेहरी में गया, लेकिन तत्कालीन जिलाधिकारी श्री डी.एन. मिश्रा ने मिलने से इंकार कर दिया, इस से छात्र भड़क गये, और छात्रों का समूह जुलूस में बदल गया, और जुलूस मानसरोवर सिनेमा हाल पर पहुंच गया, सिनेमा हाल केकर्मचारी छात्रों पर सोडा वाटरों की बोतले और ईट पत्थर से पथराव करने लगे और उस समय तत्कालीन अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रभाकर द्विवेदी और उपाध्यक्ष पद केउम्मीदवार अनिल कुमार राय को चोटे आई, जिससे छात्र बुरी तरह उत्तेजित हो गये, और सिनेमा हाल में आग लग गई, लाठी चार्ज हुआ और जनेश्वर मिश्रा बुरी तरह सेघायल हो गये और उनका सर फट गया और लहू लुहान हो गये, लाठी चार्ज होने पर सारे लोग भाग गये लेकिन जनेश्वर मिश्र चोट खाकरकर उसी स्थान पर बैठे रहे और खून चू रहा था सर से और हजारो की संख्या में जनता दूर सेदेख रही थी इस घटना में जनेश्वर मिश्रा को छात्रों का नायक बना दिया। जनेश्वर मिश्रा सहित दर्जनों छात्रों को आरोपी बनाकर जेल भेज दिया गया। जेल जानेकेबाद लगभग 2 वर्ष मुकदमा चलनेकेबाद तत्कालीन छात्र अध्यक्ष और इलाहाबद विश्वविद्यालय केअध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, श्याम कृष्ण पाण्डेय, सतीश अग्रवाल छात्र नेताओं ने तत्कालीन गृहमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से मिलकर छात्रों के ऊपर चल रहे मुकदमा वापस लेनेका आग्रह किया। श्री शास्त्री जी ने सुझाव दिया कि आप लोग प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू जी आ रहे है उनसे मिल लें, जबकि नागेन्द्र सिंह प्रधानमंत्री जवाहर लाल जी से मिले तो उन्होने पूछा मामला क्या है, तो नागेन्द्र जी ने कहा कि आपको हमारी यूनियन का उदघाटन करना है और छात्रों के ऊपर चल रहे मुकदमें को उ.प्र. की सरकार से वापस कराना है उसी समय प्रधानमंत्री जी ने मुख्यमंत्री चन्द्रभान गुप्त जी को बुलाकर मुकदमा वापस कराने का निर्देश दिया और छात्रों को दिन की सजा देकर मुकदमा समाप्त करा दिया गया। इसी तरीके की दूसरी घटना 1965 में लक्ष्मी टाकिज कांड का हुआ था संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी नेउस समय भारत सरकार द्वारा गुजरात केजमीन का एक हिस्सा बेलवारी का पाकिस्तान कोदे दिया गया था, जिसके विरोध मे ं भारत बन्द का आयोजन किया गया था इलाहाबाद सम्पूर्ण रूप सेबन्द था लेकिन कांग्रेसी नेताओ ं का वरद्हस्त होनेके कारण लक्ष्मी टाकिज खुला हुआ था। जनेश्वर मिश्र केनेतृत्व में समाजवादियों का बहुत बड़ा जुलूस जब लक्ष्मी टाकिज केपास पहुंचा, तोलक्ष्मी टाकिज के पास लगी हुई रस्सी कोहटाकर जुलूस आगेबढ़ना ही चाहता था कि पथरावा और लाठी चार्ज शुरू होगया और जिसमें जनेश्वर मिश्र का सर फट गया और लहू लुहान होगयेऔर पूरा कपड़ा खून सेलतपत होगया लेकिन जनेश्वर मिश्र हटे नही और भीड़ छट जाने के बाद भी वही बैठ गये और सिगरेट जला कर पीनेलगे। इस संघर्ष पूर्ण स्थिति कोजब इलाहाबाद केजनजीवन सेदेखा तो उनको नेता के रूप में स्वीकार किया और तत्कालीन इलाहाबाद के विधायक क्षुन्नन गुरू नेजनेश्वर मिश्र केखून सेरंगा हुआ कपड़ा विधान सभा मे ं लगाते हुये लगाया जिससे पूरी विधान सभा में कांग्रेस सरकार के खिलाफ शर्म शर्म के नारेलगे। उपरोक्त दोनो सघर्षो ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में समाजवादी युवजन कोइतना मजबूत कर दिया कि कई वर्षो तक समाजवादी युवजन सभा के छात्र संघ के अध्यक्ष होते रह ेऔर जिसका प्रभाव पूरे उत्तर प्रदेश की राजनीति पर पड़ा और प्रदेश केलगभग सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में युवजन सभा में छात्र संघ के अध्यक्ष और पदाधिकारी चुने गये।



जयशंकर पाण्डेय



संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के नेतृत्व में वर्ष 1966 में समाजवादी युवजन सभा के नेतृत्व में महगाई, बेकारी, बेरोजगारी, अंग्रेजी हटाओं आन्दोलन सस्ती शिक्षा कोलेकर एक प्रदेश व्यापी आन्दोलन किया गया था, जिसमें प्रदेश में काफी छात्र विभिन्न जिलोमें बन्द थे उस समय जनेश्वर मिश्रा, सतीश अग्रवाल, विनोद चन्द्र दूबे, श्री राम द्विवेदी, जगदीश चन्द्र दीक्षित और दर्जनों छात्र नेता जेल में बन्द थे। जनेश्वर ने फूलपुर लोक सभा क्षेत्र से विजय लक्ष्मी पण्डित के खिलाफ लोक सभा के लियेपर्चा भर दिया, चुनाव प्रचार जोरोपर था पत्रकारों ने विजय लक्ष्मी पण्डित से पूछा कि आपके खिलाफ कौन चुनाव लड़ रहा है और वो कहा पर हैतोउन्होने शर्माते हुये कहा कि मुझेनही मालूम, लेकिन जब उन्हेपता चला कि उनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाले जनेश्वर मिश्र जेल मे है तो उन्होने सरकार पर दबाव डलवाकर उन्हे छुड़वाया। लेकिन चुनाव में कुछ ही दिन बचे थेऔर विजय लक्ष्मी पण्डित चुनाव जीत गई। कुछ समय केबाद देश के प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी जी से विजय लक्ष्मी पण्डित जी की तकरार हो गई और उन्होने लोक सभा और कांग्रे स पार्टी दोनो से इस्तेफा दे दिया ।

# शांति का मुखौटा, सत्ता की रणनीति: ट्रंप का वैश्विक विरोधाभास

**डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित नए वैश्विक शांति संस्थान का विचार अपने आप में जितना आकर्षक शब्दों से सुसज्जित है, उतना ही अपने अंतर्विरोधों में उलझा हुआ भी है। शांति स्थापना के नाम पर एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था खड़ी करने की कोशिश, जो संयुक्त राष्ट्र जैसे स्वीकृत बहुपक्षीय ढांचे को दरकिनार करती हो, वस्तुतः शांति से अधिक सत्ता-केंद्रित वर्चस्व की आकांक्षा को उजागर करती है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जिस नेतृत्व की नीतियों का आधार हथियारों के निर्माण और बिक्री, सैन्य गठबंधनों के विस्तार, युद्ध की धमकियों और आर्थिक दंड के जरिये दुनिया पर दबाव बनाना रहा हो।**

नोबेल शांति पुरस्कार की उत्कट अभिलाषा में डूबे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का व्यक्तित्व और कार्यशैली वैश्विक राजनीति के लिए एक गहरी विडंबना एवं विरोधाभास बनकर उभरी है। शांति का मसीहा बनने का उनका दावा जितना आकर्षक दिखता है, उतना ही विरोधाभासी उनके कदमों का यथार्थ है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में वे जहां शांति स्थापित करने का श्रेय लेना चाहते हैं, वहीं उनके निर्णय, वक्तव्य और नीतियां अक्सर युद्ध, अशांति, भय और अस्थिरता को जन्म देती दिखाई देती हैं। यह कैसी शांति है, जो बमों की गूंज, प्रतिबंधों की मार और नफरत की भाषा के साथ चलती है? यह कैसा शांति-दूत होने का नाटक है, जिसमें मानवता का रक्त बहता रहे और सत्ता अपने हित साधती रहे? गाजा में शांति स्थापना के लिए ट्रंप की प्रस्तावित योजना इसी विरोधाभास का नवीन उदाहरण है। इसे शांति से अधिक व्यापारिक सौदे की तरह प्रस्तुत किया गया, मानो दशकों से हिंसा, विस्थापन और अस्मिता के संकट से जूझ रहे लोगों का भविष्य किसी रियल एस्टेट या आर्थिक पैकेज से तय किया जा सकता हो। अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र की भूमिका, स्थानीय जनता की सहमति और जवाबदेही-इन सबको दरकिनार कर शांति थोपने की यह कोशिश बताती है कि ट्रंप की दृष्टि में शांति कोई नैतिक या मानवीय मूल्य नहीं, बल्कि शक्ति-प्रदर्शन और राजनीतिक लाभ का औजार है। इस तरह बमों के साये में शांति का दावा डकोसला ही है, जिसमें शांति का सौदा एवं सत्ता की भूख ही दिखती है। ट्रंप की कथित शांति योजना, शांति के नाम पर वर्चस्व की राजनीति ही है। ऐसा लगता है शब्द अहिंसा के और कर्म हिंसा के है। ट्रंप संयुक्त राष्ट्र को अक्षम, पक्षपाती और नौकरशाही से ग्रस्त बताकर उसकी अवहेलना करते रहे हैं, जबकि सच यह है कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बहुपक्षीय संस्थाओं का ढांचा अनिवार्य है। शक्तिशाली देशों को जब यह ढांचा अपने अनुकूल नहीं लगता, तो वे उसे कमजोर करने लगते हैं-ट्रंप इसी प्रवृत्ति का मुखर चेहरा हैं।



ललित गर्ग

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित नए वैश्विक शांति संस्थान का विचार अपने आप में जितना आकर्षक शब्दों से सुसज्जित है, उतना ही अपने अंतर्विरोधों में उलझा हुआ भी है। शांति स्थापना के नाम पर एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था खड़ी करने की कोशिश, जो संयुक्त राष्ट्र जैसे स्वीकृत बहुपक्षीय ढांचे को दरकिनार करती हो, वस्तुतः शांति से अधिक सत्ता-केंद्रित वर्चस्व की आकांक्षा को उजागर करती है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जिस नेतृत्व की नीतियों का आधार हथियारों के निर्माण और बिक्री, सैन्य गठबंधनों के विस्तार, युद्ध की धमकियों और आर्थिक दंड के जरिये दुनिया पर दबाव बनाना रहा हो, वह अचानक शांति का नया ठेकेदार कैसे बन सकता है? ट्रंप की राजनीतिक सोच में शांति किसी मानवीय



प्रतिबद्धता का नहीं, बल्कि सौदेबाजी, नियंत्रण और लाभ का साधन प्रतीत होती है। इसलिए उनके प्रस्तावित शांति संस्थान की उपयोगिता पर गंभीर संदेह खड़ा होता है। बिना वैधता, जवाबदेही और वैश्विक सहमति के खड़ी की गई कोई भी संस्था शांति का वाहक नहीं बन सकती; वह केवल शक्तिशाली देशों की इच्छाओं को थोपने का उपकरण या जरिया ही बनती है। इस संदर्भ में ट्रंप का यह प्रयास शांति की दिशा में एक ठोस पहल नहीं, बल्कि हिंसा-प्रधान नीतियों पर पर्दा डालने और वैश्विक शासन व्यवस्था पर अपनी पकड़ मजबूत करने का एक और षडयंत्र एवं कुचेष्टा ही दिखाई देता है।

ट्रंप की सोच में शांति का अर्थ संघर्षों का समाधान नहीं, बल्कि उन्हें अपने पक्ष में मोड़ना है। कभी वे संयुक्त राष्ट्र के समानांतर इस तरह की एक कथित शांति-व्यवस्था खड़ी करने की बात करते हैं, तो कभी ईरान पर युद्ध की धमकी देते हैं। एक ओर वे यूरोपीय देशों की तारीफ कर अपना प्रभाव जमाने का प्रयास करते हैं, दूसरी ओर उन्हीं देशों पर व्यापारिक प्रतिबंधों और सैन्य खर्च का दबाव डालते हैं। यह दोहरा आचरण और कथनी और करनी का भेद वैश्विक अस्थिरता को बढ़ाता है। शांति की भाषा बोलते हुए हथियारों की बिक्री, सैन्य गठबंधनों का विस्तार और आर्थिक दंड-ये सब उनकी नीतियों के अभिन्न अंग रहे हैं। परिणामस्वरूप दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की आहटें तेज हैं और मानवता अस्तित्व के मुहाने पर पहुंचती प्रतीत होती है। गाजा संकट के संदर्भ में यह और भी स्पष्ट हो जाता है कि बिना वैधता, सहमति और जवाबदेही के थोपी गई शांति कभी स्थायी नहीं होती। यदि नागरिकों की सुरक्षा, जीवन की गरिमा और राजनीतिक अधिकारों को नजरअंदाज किया जाए, तो कोई भी समझौता खोखला साबित होगा। ट्रंप का दृष्टिकोण इन मूलभूत सच्चाइयों को अक्सर अनदेखा करता है। आर्थिक वादों को राजनीतिक अधिकारों के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना एक खतरनाक भ्रम है, जो जमीनी वास्तविकताओं के बोझ से ढह जाता है। शांति तभी टिकाऊ हो सकती है जब उसमें स्थानीय लोगों की वास्तविक आवाज शामिल हो, उनके दुख-दर्द को समझा जाए और न्यायपूर्ण समाधान की दिशा में ईमानदार पहल हो।

भारत को गाजा में शांति प्रयासों में शामिल करने का प्रस्ताव भी इसी जटिलता को उजागर करता है। भारत का कूटनीतिक इतिहास बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका और द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थन से जुड़ा रहा है। भारत के इस्राइल से अच्छे संबंध हैं, तो अरब देशों में भी उसकी विश्वसनीयता बनी हुई है। लेकिन यदि शांति प्रक्रिया संयुक्त राष्ट्र को दरकिनार करती है, तो यह भारत की स्थापित कूटनीतिक परंपरा के अनुकूल नहीं होगा। भारत ने हमेशा प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के बजाय स्थिरता और संवाद को प्राथमिकता दी है। ऐसे में ट्रंप-प्रेरित पहल में शामिल होना भारत के लिए भी एक नैतिक और रणनीतिक चुनौती बन सकता है। वास्तव में ट्रंप की नीतियां एक ऐसे विश्व-दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं, जहां शक्ति ही सत्य है और नैतिकता केवल भाषणों तक सीमित है। उनकी बयानबाजी में नफरत और विभाजन की छाया साफ दिखती है। आप्रवासन, नस्ल, धर्म और राष्ट्रवाद के मुद्दों पर उनकी भाषा ने वैश्विक स्तर पर असहिष्णुता को बढ़ावा दिया। जब विश्व का सबसे शक्तिशाली देश इस तरह का संदेश देता है, तो उसका असर सीमाओं से परे जाता है। युद्ध केवल गोलियों और मिसाइलों से नहीं लड़ा जाता, वह विचारों और शब्दों से भी लड़ा जाता हैकृऔर ट्रंप के शब्द अक्सर आग में घी डालने का काम करते रहे हैं। आज दुनिया जिन संकटों से जूझ रही है-यूक्रेन से लेकर मध्य पूर्व तक, एशिया से अफ्रीका तक, उनमें कहीं-न-कहीं महाशक्तियों की स्वार्थपूर्ण नीतियों की छाया है। ट्रंप का दौर इस प्रवृत्ति को और उग्र बनाता दिखाई दिया, जहां वैश्विक सहयोग के बजाय 'मैं पहले' की मानसिकता हावी रही।

# 'विदा होती बेटियाँ': जहाँ कविता करुणा बनकर करती है संवाद


**यह करुणा निष्क्रिय, रोती-बिलखती या केवल भावुकतापूर्ण नहीं है, बल्कि भीतर से उठती हुई ऐसी संवेदना है जो मनुष्य को टूटने से बचाती है और समय की कठोरता के विरुद्ध एक आत्मबल रचती है। कवि की पंक्तियाँ– हे प्रभु, आँखों में सपने देना, तो उन्हें पूर्ण करने का साहस भी देना, ताकि बोझिल पंख लिए, विदा होने से बचा सकूँ खुद को। केवल प्रार्थना नहीं, बल्कि मनुष्य की आत्मा का संघर्ष हैं। इन पंक्तियों में एक ऐसा सच है जो आज के दबाव, अकेलेपन और मानसिक थकान से गुजरते हर व्यक्ति के भीतर प्रतिध्वनित हो सकता है।**

आज का समय सुविधाओं, तकनीक और गति का समय है। सूचनाएँ बढ़ी हैं, साधन बढ़े हैं, पर इन्हीं के बीच कहीं न कहीं मनुष्य के भीतर की संवेदना कम होती जा रही है। रिश्ते हैं, पर 'समय' नहीं; संवाद है, पर 'आत्मीयता' नहीं; भीड़ है, पर 'साथ' नहीं। ऐसे दौर में जब समाज का बड़ा हिस्सा भावनात्मक रूप से सूखता जा रहा हो, तब कविता केवल कला नहीं रह जाती–वह मानवीय पुनर्जीवन का माध्यम बन जाती है। डॉ. ओम प्रकाश का नवीन काव्य-संग्रह 'विदा होती बेटियाँ' इसी अर्थ में एक उल्लेखनीय साहित्यिक दस्तावेज़ है। यह संग्रह शब्दों का खेल नहीं, बल्कि समय की स्मृति, समाज की पीड़ा और करुणा की पुनर्प्रतिष्ठा है। यह काव्य-संग्रह हमें आरंभ से ही यह सोचने पर विवश करता है कि मनुष्य होने का अर्थ क्या है, और क्या आज भी हमारे भीतर उतनी संवेदना बची है कि हम किसी दूसरे के दर्द को अपना समझ सकें? संग्रह की कविताएँ उन तमाम रिश्तों, संघर्षों और भावनाओं की परतें खोलती हैं जिन्हें आधुनिक जीवन की दौड़ ने लगभग विस्मृत कर दिया है। डॉ. ओम प्रकाश का काव्य-संसार घर-आँगन से निकलकर समाज की गलियों तक जाता है–और वहीं से लौटकर पाठक के भीतर मनुष्यता की लौ प्रज्वलित करता है।



डॉ. ओम प्रकाश

**कविता में जीवित करुणा का स्वर :** 'विदा होती बेटियाँ' की सबसे बड़ी उपलब्धि है–इसमें उपस्थित सक्रिय करुणा। यह करुणा निष्क्रिय, रोती-बिलखती या केवल भावुकतापूर्ण नहीं है, बल्कि भीतर से उठती हुई ऐसी संवेदना है जो मनुष्य को टूटने से बचाती है और समय की कठोरता के विरुद्ध एक आत्मबल रचती है। कवि की पंक्तियाँ–हे प्रभु, आँखों में सपने देना, तो उन्हें पूर्ण करने का साहस भी देना, ताकि बोझिल पंख लिए, विदा होने से बचा सकूँ खुद को। केवल प्रार्थना नहीं, बल्कि मनुष्य की आत्मा का संघर्ष हैं। इन पंक्तियों में एक ऐसा सच है जो आज के दबाव, अकेलेपन और मानसिक थकान से गुजरते हर व्यक्ति के भीतर प्रतिध्वनित हो सकता है। कवि के यहाँ 'विदाई' मात्र एक घटना नहीं, बल्कि एक प्रतीक है। यह विदाई बेटियों की है, रिश्तों की है, समय की है, और उन मूल्यों की भी है जिनके बिना समाज केवल भीड़ बनकर रह जाता है। यह कविता सिखाती है कि संवेदना कमजोर नहीं होती–वह मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है।




**बेटियों की विदाई और समाज का मौन प्रश्न :** शीर्षक कविता विदा होती बेटियाँ आधुनिक भारतीय समाज की जड़ों तक उतरती है। यह कविता सिर्फ एक बेटी की भावनात्मक विदाई नहीं, बल्कि व्यवस्था की आत्मालोचना है। कवि कहते हैं–विदा होती बेटियाँ, कभी-कभी,हमेशा के लिए भी, विदा हो जाती हैं। यहाँ कविता पाठक के भीतर एक चुभता हुआ प्रश्न छोड़ जाती है–क्या बेटी का लौटना आज भी उतना सहज और स्वाभाविक है जितना बेटों के लिए? क्या स्त्री का होना अब भी एक स्थायी संघर्ष है? डॉ. ओम प्रकाश ने स्त्री को नारे या प्रचार के रूप में नहीं, बल्कि जीवन के समग्र अनुभव के रूप में देखा है। इसीलिए उनकी बेटियाँ केवल घर की बेटियाँ नहीं, बल्कि समय की प्रतिनिधि हैं–जो जाती तो हैं, पर अपने पीछे समाज का चेहरा छोड़ जाती हैं।

**माँ और पिता : रिश्तों की जड़ में उतरती कविताएँ**- संग्रह का एक अत्यंत भावुक और मजबूत पक्ष है–माता-पिता पर लिखी कविताएँ। यहाँ 'पिता' किसी महिमामंडित प्रतीक के रूप में नहीं आते, बल्कि जीवन की धूप में तपते उस व्यक्ति के रूप में आते हैं जिसकी छाँव में हम निश्चित रहे और जिसका संघर्ष हमने अक्सर देर से समझा। कवि लिखते हैं– पिता की छाँव में, बेफ़िक्र ज़िंदगी बिताते हुए

सोचा कहाँ था कि सिर पर साया न हो तो
असमय पतझड़ में झुलस जाते हैं ख्वाब।

यह कविता केवल स्मरण नहीं, बल्कि रिश्तों के भीतर छिपे सत्य का उद्घाटन है। इसी तरह 'माँ का अकेलापन' कविता आधुनिक समाज का तीखा यथार्थ प्रस्तुत करती है, जहाँ माँ शहर की भीड़ में भी अकेली रह जाती है–

भीड़ भरे शहर में, अकेली हूँ मैं
चीखती हूँ भयावह सन्नाटे में
और लौट आती है मेरी आवाज़ – तुम तक
नहीं पहुँचती।

यह कविता हमें कटघरे में खड़ा करती है और पूछती है–क्या विकास की दौड़ में हमने अपने ही रिश्तों को खो दिया है? यहाँ माँ सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि उस पूरी पीढ़ी की प्रतीक बन जाती है जो अपनों के व्यस्त जीवन में धीरे-धीरे अकेली पड़ती जा रही है।

**मजदूर और समाज : कविता का विस्तार :** डॉ. ओम प्रकाश की कविताएँ घर और भावना से आगे निकलकर समाज की कठोर वास्तविकताओं तक जाती हैं। 'मजदूर' और व्यवस्था-चेतना वाली कविताएँ साबित करती हैं कि कवि केवल निजी नहीं, सार्वजनिक दर्द को भी उतनी ही गंभीरता से देखता है। कवि की पंक्तियाँ–

लाल किले की प्राचीर से मैं ही गूँजता हूँ
मैं ही अनसुना रह जाता हूँ संसद में।

यहाँ मजदूर की पीड़ा, लोकतंत्र की विडंबना और सत्ता की दूरी–सब एक साथ झलकते हैं। यह कविता श्रम की आवाज़ है, जो बड़े मंचों पर गूंजती तो है, पर सुनी नहीं जाती।

प्रेम : उजाला रचने वाली शक्ति

इस संग्रह में प्रेम भी है, मगर यह प्रेम सिर्फ निजी भावुकता नहीं। यह प्रेम जीवन के अंधेरों में उजाला बनाने की क्षमता है–

मैं छुपाता हूँ अपने भीतर प्यार
ताकि घनघोर अँधेरे को
तुम्हारी चौखट का सूरज बना सकूँ।

यह प्रेम व्यक्ति को भीतर से मजबूत करता है और जीवन को फिर से अर्थ देता है। कवि के यहाँ प्रेम स्मृति, संघर्ष और उम्मीद से जुड़ा हुआ है–इसलिए वह पाठक के भीतर देर तक बना रहता है।

**भाषा की सादगी, अर्थ की गहराई :** डॉ. ओम प्रकाश की भाषा सजावट नहीं चाहती। यह सरलता ही इस संग्रह की शक्ति है। कविता पाठक को झकझोरती नहीं, बल्कि धीरे-धीरे भीतर उतरती है–जैसे किसी घाव पर मरहम रख दिया गया हो। कवि का यह कथन पूरे संग्रह का सार बन जाता है–

सबसे कठिन है, कठोर वक्त में, खुद को सरल बनाए रखना।

यही कविता की सबसे बड़ी विजय है–कि वह कठोर समय में भी मनुष्य को सरल, करुण और संवेदनशील बनाए रखने का संकल्प जगाती है।

## ब्लैकआउट मॉक ड्रिल की किए जाने की तैयारियों की समीक्षा बैठक

# 'इमरजेंसी के लिए हमेशा तैयार रहें'

अवधनामा संवाददाता



**आज़मगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस के अवसर पर नागरिकों को हवाई हमले/प्राकृतिक आपदा से सुरक्षा के दृष्टिगत सायं 6 बजे पुलिस लाईन आजमगढ़ में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल की किए जाने की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि यह ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का आयोजन हवाई हमले के दौरान कम से कम जनहानि हो, इसके दृष्टिगत किया जा रहा है। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार की हवाई हमले की सूचना मिलने पर रात्रि के समय घरों के समस्त विद्युत को बन्द कर अन्धेरा कर दिया जाए। उन्होने कहा कि इमरजेन्सी के लिए हमेशा तैयार रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि हवाई हमले से अपने क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, आवास, सड़क तथा जनता को सुरक्षित रखने हेतु उनकी प्रकाश व्यवस्था (विद्युत) को बन्द रखना ब्लैक आउट कहलाता है। उन्होने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा 23 जनवरी को सायं 06.00 बजे मॉक एक्सरसाइज स्थल पर शान्ति/सुरक्षा व्यवस्था हेतु हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व संचार उपकरण की व्यवस्था सहित उपस्थित रहेंगे तथा राहत एवं बचाव कार्यों के प्रदर्शन में सहयोग प्रदान करेंगे। इसके लिए आवश्यकतानुसार रूट डायवर्जन और ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखना, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर, चेकिंग और पेट्रोलिंग एवं मॉक इमरजेंसी (जैसे भगदड़ चोरी, मनव तस्करी) का रेस्पॉन्स किया जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि ब्लैक आउट आयोजन हेतु निर्धारित मॉक एक्सरसाइज से पूर्व नागरिक सुरक्षा के स्वंय सेवकों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्रदान करें एवं मॉकड्रिल स्थल के लिए एम्बुलेंस, प्राथमिक उपचार के लिए डाक्टर, नर्स व सम्बन्धी समस्त दवायें, स्ट्रैचर सहित उपस्थित रहकर दिनांक 23 जनवरी 2026 को सायं 06.00 बजे आवश्यक कर्मचारियों के साथ राहत एवं बचाव कार्यों का प्रर्दशन करें तथा समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैम्प लगाया जाये। चिकित्सा शिविर में बीमार तथा घायलों के ईलाज का प्रदर्शन किया जाये।

# जिले को देश का 'सर्वोच्च जिला' घोषित किया गया

अवधनामा संवाददाता

10वें राष्ट्रीय भूतपूर्व सैनिक दिवस



**आजमगढ़।** सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, कार्यालय आजमगढ़, उत्तर प्रदेश देशभर में सैनिक कल्याण के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर उभरा है। दिनांक 14 जनवरी, 2026 को राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित 10वें राष्ट्रीय भूतपूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर आजमगढ़ जिले को भारत का ÷सर्वोच्च जिला÷ होने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार जनरल उपेंद्र द्विवेदी, परम् विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, थल सेना अध्यक्ष के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान जिले में भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण, पुनर्वास एवं उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट और समर्पित कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता है। उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा कि यह पुरस्कार जिला प्रशासन द्वारा भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए क्रियान्वित की गई सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित करने, त्वरित व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने, पेंशन एवं अन्य लाभों के समयबद्ध वितरण, तथा उनके सम्मान एवं गरिमा को सुनिश्चित करने के लिए किए गए समन्वित प्रयासों का परिणाम है। इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए उन्होने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) श्री राहुल विश्वकर्मा तथा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर कुमार राजीव रंजन को बधाई दी तथा भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आजमगढ़ जिला प्रशासन एवं सैनिक कल्याण विभाग भविष्य में भी हमारे राष्ट्रनिर्माताओं की सेवा में इसी प्रकार समर्पित रहने के लिए कटिबद्ध है।

# जरूरतमंदों को न्याय तक सुलभ पहुँच प्रदान करना विधिक सहायता केंद्रों का मुख्य उद्देश्य

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वावधान में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, देवरिया धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा तहसील बरहज अंतर्गत पाँच ग्राम पंचायतों–भदीला अव्वल, घेवड़ा, कोल्हुआ, लहछुआ एवं परसिया देवार– में विधिक सहायता केंद्र (लीगल एड क्लीनिक) का उद्घाटन किया गया।

लीगल एड क्लीनिक का उद्घाटन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी तथा न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय बरहज विकास कुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार बरहज अरुण कुमार भी उपस्थित रहे।

उद्घाटन के अवसर पर आम जनमानस को विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि जरूरतमंदों को न्याय तक सरल एवं सुलभ पहुँच प्रदान करना विधिक सहायता केंद्रों का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा वृद्धजनों, महिलाओं, विधवाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनों और उनके अधिकारों के संरक्षण के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित विधिक सहायता केंद्रों के माध्यम से छोटे-मोटे अपराधों, आपसी विवादों, लड़ाई-झगड़ों एवं हिंसा जैसी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही सुनिश्चित किया जा सकेगा। सचिव ने यह भी बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार उच्च न्यायालय की असिस्टेड लीगल ट्रांसलेशन एडवाइजरी एवं ई-लॉ कमेटी द्वारा सुवास प्रकोष्ठ के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्णयों का हिंदी अनुवाद कराया गया है।

■ समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा

# भाषा विवि में बार्कलेज के सहयोग से चार दिवसीय लाइफ स्किल्स प्रोग्राम

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास तथा उन्हें रोजगारोन्मुख बनाने के उद्देश्य से बार्कलेज के सहयोग से चार दिवसीय लाइफ स्किल्स प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 जनवरी से 24 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन में आयोजित होगा।

कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक एवं उद्योग-उन्मुख वातावरण के अनुरूप तैयार करना है। प्रशिक्षण के दौरान संचार कौशल, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, आत्म-जागरूकता, साइबर प्रशासन, वित्तीय आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास, टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन, समस्या समाधान एवं व्यावसायिक दक्षताओं जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के संरक्षक विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो अजय तनेजा हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि आज के समय में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में व्यावहारिक कौशल, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास भी अत्यंत आवश्यक है।

## जिला गंगा समिति की हुई बैठक

**सम्भल, बहजोई।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण एवं जिला वृक्षारोपण तथा जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अंतर्गत प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव द्वारा जनपद के बबैना के रहने वाले स्नेक कैचर जाबुल के विषय में बताया कि उनके द्वारा जनपद में सांप पकड़ने का कार्य बहुत ही अच्छे तरीके से किया जा रहा है तथा कोई भी सांप पकड़ने से संबंधित समस्या हो तो इनका सहयोग लिया जा सकता है। जाबुल द्वारा बैठक के अंतर्गत बताया गया कि उनके द्वारा बहुत से स्थानों से सांप पकड़ने का कार्य किया गया है तथा उनको सुरक्षित तरीके से जंगलों में छोड़ा गया है और वह जानवरों को बचाने का कार्य भी करते हैं उन्होंने सांप से संबंधित प्रजातियों के विषय में भी जानकारी दी।

# 'भारत की नारी शक्ति कभी कमजोर नहीं रही'

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** बुधवार को स्थानीय तहसील क्षेत्र के राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज पकड़ी बाबू में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि आरएसएस के विभाग प्रचारक दीपक ने कहा कि सनातन धर्मावलंबी मां भारती को विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। वह समय शीघ्र ही आने वाला है जब भारत पुनः पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करेगा। सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए हम सभी को जाति-धर्म, उच्च-नीच, बड़े-छोटे, भाषावाद-क्षेत्रवाद का भेदभाव त्याग कर हिन्दवः सोदराः सर्वे,न हिन्दूः पतितो भवेत। मम दीक्षा हिंदू रक्षा, मम मंत्रः समानता।। के भाव को मन में रखकर कार्य करने की जरूरत है। हिंदू धर्म की आत्मा में ही सर्वे भवंतु सुखिनः का मंगल भाव है, जहां केवल मैं नहीं सब सुखी हो की कामना बसती है। सनातन का वसुधैव कुटुंबकम का उद्घोष यह सिखाता है किसंपूर्ण धरती ही हमारा परिवार है। उन्होंने कहा कि हम सब का परम सौभाग्यशाली है कि हमारा जन्म भारत भूमि पर हुआ है। उस पुण्यभूमि भूमि पर जहां कण-कण में आध्यात्मिक चेतना समाहित है और जहां जीवन केवल भोग नहीं बल्कि साधना है। सनातन सिर्फ एक धर्म नहीं, बल्कि एक विचार, जीवन पद्धति, संस्कार है और सहज व्यवहार है। यह मनुष्य को केवल जीना नहीं सिखाता बल्कि कैसे जीना है यह सिखाता है। सनातन कभी किसी को छेड़ता नहीं लेकिन जब उसे पर चोट पहुंचती है तो वह छोड़ना भी नहीं है। जब दुनिया राह से भटक जाती है तो मार्ग दिखाने का कार्य सनातनी करता है। हिंदू एकता पर जोर देते हुए भागवत कथा वाचक घनश्यामानंद ओझा ने कहा कि जहां एकता है वही शक्ति है यदि हिंदू समाज संगठित रहेगा तो उसे कोई तोड़ नहीं सकता। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षिका पूजा तिवारी ने कहा कि जहां नारियों की पूजा होती है वही देवता भी निवास करते है।

■ हिंदू धर्म की आत्मा में ही सर्वे भवंतु सुखिनः का मंगल भाव : दीपक

## संक्षिप्त समाचार

### यातायात नियमों लेकर किया जागरुक



**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) झाँसी मण्डल झाँसी द्वारा उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, उरई (जालौन) का मुआयना किया गया तथा सम्बन्धित पटल सहायकों को यथा आवश्यक निर्देश निर्गत किये गये। इसके उपरान्त बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल, झाँसी रोड उरई (जालौन) में स्कूल वाहनों के चालको, परिचालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया व प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही यह भी सुझाव दिया गया कि समस्त चालक, चालक सभी से अच्छा व्यवहार करें जिससे समाज में अच्छा संदेश जाए। छात्र-छात्राओं को लाते-ले जाते समय सावधानियाँ बरतें व छात्र-छात्राओं को उनके घर से रिसीव करें व घर पर ही छोड़े जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### सुलह समझौता केंद्र में एक परिवार को मिलाया

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र प्रभारी डा रुकम पाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया। जहां कुल 14 पत्रावली सुनकर 3 पत्रावली का निस्तारण किया गया एवं 1 परिवार को मिलाया गया और 3 पत्रावली पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण व अन्य कारण से बंद की गई। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोड़ा उनि महेश गंगवार, महेका रुचि आदि लोग उपस्थित रहे।



### तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 22 से

**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)।** शहर के नेशनल पब्लिक स्कूल, सौंदा देवरिया के प्रांगण में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 22 जनवरी से किया जाएगा। प्रतियोगिता का समापन 26 जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राएँ खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, कुश्ती, ताइक्वांडो, लॉन्ग जंप, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करेंगे। खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन श्री राम किंकर मिश्र, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया, द्वारा 22 जनवरी को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी विद्यालय की प्रधानाचार्या मृदुला सिंह बघेल ने दी।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक

**सम्भल (बहजोई)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एलडीएम ललित राय से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कितने आवेदन किस बैंक एवं ब्रांच में लंबित हैं उसके विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित बैंकों के जिला समन्वयकों को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएम सूर्यघर योजना पर कार्य करना सुनिश्चित करें तथा ऋण अनुमोदन एवं वितरण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# योजनाबद्ध पढ़ाई से परीक्षा का डर होता है दूर : डॉ. संकट मोचन झा

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** विषय की तैयारी ठीक न होने पर डर लगना स्वाभाविक है, लेकिन यदि नियमित रूप से योजनाबद्ध तरीके से तैयारी की जाए तो यह डर छूमंतर हो जाता है। उक्त बातें राजकीय डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.संकट मोचन झा ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सैयदराजा में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के सवालों का जवाब देते हुए कही।

आयोजित इस कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.संकट मोचन झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। छात्राओं द्वारा पूछे गए सवाल हम खूब पढ़ते हैं, फिर भी परीक्षा में भूल क्यों जाते हैं? के उत्तर में उन्होंने कहा कि केवल रटकर पढ़ाई करने से यह समस्या आती है। यदि लिखकर बार-बार अभ्यास किया जाए तो परीक्षा के दौरान भूलने की संभावना कम हो जाती है। अभ्यास की कमी के कारण पढ़ा हुआ प्रश्न भी परीक्षा में छूट जाता है, इसलिए विषयवार एकाग्र होकर तैयारी करना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान एक छात्रा ने वकील बनने की प्रक्रिया के बारे में पूछा, जिस पर मुख्य अतिथि ने बताया कि इसके लिए क्लैट की परीक्षा देनी होती है। वहीं डॉक्टर बनने को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पहले बायोलॉजी विषय से 12वीं की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण करनी होती है, उसके बाद नीट की तैयारी कर डॉक्टर बना जा सकता है।

उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी काम असंभव नहीं है, बस लगन, निरंतर अभ्यास और सही दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने परीक्षा पे चर्चा को उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम जीजीआईसी की प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिभा गोस्वामी के दिशा निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुभद्रा कुमारी ने किया। इस अवसर पर पंकज सिंह, डॉ. भाग्यवानी तिवारी, डॉ विजयलक्ष्मी, तनु सिंह आदि उपस्थित रहीं।

## ग्राम्य विकास बैंक भूमि विकास बैंक के चुनाव में अमित उपाध्याय अध्यक्ष

**उरई(जालौन)।** विकास खंड कार्यालय में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक भूमि विकास बैंक शाखा कोंच का चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें चुनाव अधिकारी नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल बनाए गए इस भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद हेतु भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित उपाध्याय ने अपने पार्टी नेताओ के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अध्यक्ष पद के चुनाव में यह चुनावी प्रक्रिया दस बजे से शुरू हुई जो तीन बजे शाम तक चली जिसमें अमित उपाध्याय पुत्र घनश्याम दास निवासी मोहल्ला सुभाष नगर कोंच को इस भूमि विकास बैंक का अध्यक्ष घोषित किया गया। इस अवसर पर भाजपा की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित नगर पालिका परिषद कोंच के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष सुनील लोहिया नरेश वर्मा भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सूर्य नायक जिला महामंत्री राजीव निरंजन सहित तमाम पार्टी नेता उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष पद के लिये पूर्व ब्लाक प्रमुख माधौगढ ने किया नामांकन



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** भूमि विकास बैक के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिये ब्लाक परिसर मे नामांकन प्रकिया शुरु की गयी जिसमे अभी तक एक ही नामांकन दाखिल किया गया।भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद हेतु भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख माधौगढ़ राहुल शाक्य द्वारा अपना नामांकन जमा किया गया। इस सैकडो भाजपाई के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनय सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह,पूर्व महामंत्री कुँवर सिंह यादव, प्रदीप सक्सेना, आलोक भदौरिया विधायक प्रतिनिधि माधौगढ़ महेश सिंह पतराही, भाजपा उपाध्यक्ष, शिशुपाल कुशवाहा, आदि उपस्थित रहे। राहुल शाक्य का लगभग निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है, हालाकि अभी अधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा नही की गयी।

# मनरेगा बचाओ साइकिल यात्रा सुभाष चौक पहुँची



■ कांग्रेसियों ने किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा कानून को कमजोर किए जाने के विरोध में गांधीवादी युवाओं द्वारा निकाली जा रही मनरेगा बचाओ साइकिल यात्रा शहर मुख्यालय के सुभाष चौक पहुँची। यहाँ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष चन्दन वर्मा, मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला संयोजक सत्य प्रताप मिश्रा 'अंशु', किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, जिला महासचिव रत्नेश मल्ल 'पिंटू', विनोद दुबे, पन्नालाल पाठक, शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोविन्द मिश्र, सत्यम पाण्डेय और हर्षित सिंह सहित अन्य नेताओं ने यात्रा में शामिल युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए आंदोलन को समर्थन दिया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि गरीबों की आर्थिक सुरक्षा की रीढ़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट कटौती और भुगतान में देरी के जरिए इस योजना को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने मजदूरों से अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर आवाज उठाने का आह्वान किया।

# 'पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है'

अवधनामा संवाददाता



■ सनबीम विद्यालय में जिला ओलंपिक प्रतियोगिता का शुभारंभ

**चन्दौली।** सनबीम विद्यालय मुगलसराय में जिला ओलंपिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। विद्यालय के विशाल प्रांगण में दिनांक 20 जनवरी, मंगलवार को जिला ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का विधिवत प्रारंभ किया गया। खेलों के इस महाकुंभ में 20 से 31 जनवरी तक विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सीबीएसई, आईसीएसई एवं उत्तर प्रदेश बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के हजारों विद्यार्थियों के साथ-साथ स्वतंत्र खिलाड़ी भी सहभागिता कर रहे हैं।

ओलंपिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध एथलीट नीलू मिश्रा, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव आनंदेश्वर पांडेय, जिला ओलंपिक एसोसिएशन चंदौली के अध्यक्ष लाल मोहम्मद, जिला ओलंपिक कोषाध्यक्ष शरद प्रताप राव, सचिव पी.पी. यादव, विद्यालय के सचिव यदुराज कानूडिया, आयोजन अध्यक्षा एवं निदेशिका श्वेता कानूडिया, उपनिदेशिका श्रुति अग्रवाल, प्रधानाचार्या सौमिता चटर्जी तथा उप-प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से ओलंपिक मशाल प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव एवं निदेशिका द्वारा अतिथियों का पुष्प-गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि नीलू मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि - मंज़िलें उन्हीं को मिलती हैं, जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। उन्होंने यह भी कहा कि सफलता के मार्ग पर अनेक बार गिरना और फिर संभलना पड़ता है, तभी लक्ष्य की प्राप्ति संभव होती है।

क्रीड़ाधिकारी आनंदेश्वर पांडेय ने कहा कि -खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला हैं। जो खिलाड़ी मैदान में अनुशासन सीखता है, वही जीवन में सफलता का इतिहास रचता है। जिला ओलंपिक अधिकारियों ने अपने उद्बोधन में 'खेलोगे तो खिलोगे' के संदेश के माध्यम से खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल प्रत्येक विद्यालयी शिक्षा का अभिन्न अंग होने चाहिए, जिससे विद्यार्थी स्वस्थ, सशक्त बनें और भविष्य की प्रत्येक चुनौती का आत्मविश्वास से सामना कर सकें।

जिला ओलंपिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का औपचारिक प्रारंभ ध्वजारोहण, मशाल दौड़ एवं पद संचलन (परेड) के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की निदेशिका श्वेता कानूडिया ने कहा कि - जहाँ जुनून और इच्छाशक्ति होती है, वहाँ सब कुछ संभव है। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक, तार्किक एवं बौद्धिक शक्ति के विकास का सशक्त माध्यम हैं तथा खिलाड़ी को शांतचित्त एवं धैर्यपूर्वक कार्य करना सिखाते हैं, जो उसके समग्र उत्थान में सहायक होता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सौमिता चटर्जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों से जीवन का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि खेल के दौरान आने वाली प्रत्येक समस्या वास्तव में एक अवसर होती है।

# बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाने वाली बेटी सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**संभल।** बहजोई स्थित पुलिस लाइन सभागार में वुधवार को आयोजित बाल अपराध गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी ने उपासना को सम्मानित किया। उपासना ने अपने ही परिवार के दबाव के बावजूद बाल विवाह को ठुकरा दिया और इसे रोकने के लिए मजबूती से आवाज उठाई।प्रयत्न संस्था जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह विरोधी अभियान से प्रेरित होकर उपासना ने यह साहसिक कदम उठाया। संस्था के संभल प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने इस मामले को जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के समक्ष रखा और उपासना को समाज के सामने एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत करने को कहा, उल्लेखनीय है कि उपासना के परिजनों ने उसके बाल विवाह न करने के फैसले पर फिलहाल उसके साथ संबंध तोड़ दिए हैं, लेकिन उपासना ने अपनी शिक्षा और स्वतंत्रता के लिए इस दबाव को झुकने नहीं दिया। यह देश में ऐसा पहला मामला बताया जा रहा है जहां बेटी की इतनी मजबूत इच्छाशक्ति के कारण परिवार ने संबंध तोड़े, फिर भी उसने बाल विवाह स्वीकार नहीं किया। क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी ने उपासना की इस बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी बेटियां समाज में परिवर्तन की मशाल हैं।

# तहसीलदार ने नगर पंचायत में मतदाताओं की दूर की समस्याएं



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत समधन कार्यालय परिसर में एसआईआर को लेकर मतदाताओं की समस्याओं के समाधान हेतु छिबरामऊ तहसीलदार ने स्वयं उपस्थित रहकर मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही उनके निस्तारण के निर्देश दिए। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मतदाता पहुंचे और नाम जोड़ने, नाम संशोधन, पता परिवर्तन, फोटो त्रुटि, आयु संबंधी गलती तथा नाम कटने जैसी समस्याएं छिबरामऊ तहसीलदार अबनीश कुमार के समक्ष रखीं। तहसीलदार ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न रहे। तहसीलदार ने कहा कि एसआईआर अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन करना है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है या जिनकी प्रविष्टियों में त्रुटि है, वे निर्धारित तिथियों के भीतर अपने दस्तावेजों के साथ आवेदन अवश्य करें। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी, बीएलओ एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फ्रिज का कंप्रेसर ब्लास्ट होते ही घर में लगी भीषण आग

- किराएदार का लाखों का सामान जलकर राख
- शताब्दी नगर सेक्टर-4सी में मचा हड़कंप, दमकल की दो गाड़ियों ने समय रहते टाला बड़ा हादसा



**अवधनामा संवाददाता**

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र के शताब्दी नगर सेक्टर-4सी में मंगलवार दोपहर अचानक उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक दो मंजिला मकान की ऊपरी मंजिल पर रखे फ्रिज के कंप्रेसर में तेज धमाके के साथ आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में आग ने आसपास रखा घरेलू सामान अपनी चपेट में ले लिया और पूरे मकान में धुएं का गुबार भर गया।

यह मकान कुसुम त्यागी का बताया गया है। मकान के प्रथम तल पर कुसुम त्यागी स्वयं रहती हैं, जबकि दूसरी मंजिल के कमरे किराए पर दिए गए हैं। दूसरी मंजिल पर एक स्पोर्ट्स कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत प्रभात पिछले करीब दो वर्षों से अपनी पत्नी चित्रा देवी, बेटे वेदांत और बेटी निकिता के साथ किराए पर रह रहा है।

घटना के समय प्रभात अपने परिवार के साथ बाजार गया हुआ था। इसी दौरान कमरे में रखे फ्रिज के कंप्रेसर में अचानक तकनीकी खराबी आ गई और उसमें आग लग गई। आग फैलती चली गई और पास में रखी वाशिंग मशीन, इनवर्टर बैट्री, चारपाई और कपड़े भी जलकर खाक हो गए। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। मकान से उठते धुएं को देखकर पड़ोसियों ने शोर मचाया। शोर सुनकर नीचे रह रहीं कुसुम त्यागी तुरंत घर से बाहर निकल आईं। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग की जानकारी मिलने पर प्रभात भी परिवार के साथ मौके पर लौट आया। प्रभात ने बताया कि रसोई में दो गैस सिलेंडर रखे थे। यदि आग वहां तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग में लगभग दो लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

## चाइनीज मांझे के विरुद्ध विशेष अभियान

**मेरठ।** पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद मेरठ के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक नगर, जनपद मेरठ के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैंट नवीना शुक्ला द्वारा पुलिस बल के साथ जनपद में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत संबंधित थाना क्षेत्रों में पतंग एवं मांझा विक्रय करने वाली दुकानों पर सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दुकानदारों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि चाइनीज मांझा की बिक्री, खरीद या भंडारण करना कानूनन अपराध है। साथ ही निर्देशित किया गया कि यदि किसी भी स्थान पर चाइनीज मांझा की बिक्री अथवा उपयोग की जानकारी प्राप्त होती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, यदि कोई दुकानदार उपरोक्त प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा बेचता या भण्डारण करता पाया जाता है तो नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी। अभियान के दौरान आमजन को जागरूक करते हुए बताया गया कि चाइनीज मांझा मानव जीवन, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों एवं राहगीरों के लिए अत्यंत घातक है तथा इससे पक्षियों व पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंचती है।

# लकी दिव्यांग विद्यालय में बीमार दिव्यांग का निधन



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बुधवार को नगर स्थित लकी दिव्यांग विद्यालय में रह रहे 48 वर्षीय दिव्यांग पिंटू की बीमारी के चलते उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। प्रबन्धक डा. बाईपी सिंह ने बताया कि दिव्यांग पिछले कई माह से अस्वस्थ चल रहा था, जिनका इलाज कराया जा रहा था। विद्यालय प्रबन्धक डा. बाईपी सिंह के अनुसार अचानक तबीयत अधिक बिगड़ने पर उन्हें चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस दौरान सभी की आंखें नम रहीं। घटना की जानकारी संबंधित विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई जिसपर कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी ने शव का पंचनामा भरवाने की कार्यवाही की। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने दिवंगत दिव्यांग के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था द्वारा हर संभव देखभाल की जाती है और आगे भी नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। दिव्यांग की मृत्यु से विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों में भी शोक व्याप्त है। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

# श्री बाबा जंगली नाथ धाम से निकली भव्य कलश शोभायात्रा, शिवमय हुआ इलाका

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के दावतपुर वलीपुर गांव स्थित श्री बाबा जंगली नाथ महादेव धाम से बुधवार को भव्य कलश शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत इस शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया,जबकि बड़ी संख्या में पुरुष श्रद्धालु भी यात्रा में शामिल रहे। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा।सुबह 11 बजे से पहले प्रारंभ हुई कलश यात्रा धाम से निकलकर वलीपुर बाजार, दावतपुर, वलीपुर गांव,असरखपुर, पूरे सिधई भगत और पूरे जोधी होते हुए आदि गंगा मां गोमती के मिठनेपुर घाट पहुंची। यहां माताओं व बहनों ने गोमती नदी से पवित्र जल भरा और पुनः श्री बाबा जंगली नाथ महादेव धाम के लिए प्रस्थान किया। शोभायात्रा में आगे-आगे चल रहे सूर्यपुत्र घोड़े ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की सहभागिता से आयोजन और भी भव्य रूप लेता नजर आया।शोभायात्रा को सफल बनाने में समाजसेवी जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू मिश्रा,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरी,भाजपा नेता अवधेश दुबे, राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, पवन सिंह, संदीप जायसवाल, जगदेव आनंद गिरि, रामदीन तिवारी, विनीत तिवारी, जगदेव शास्त्री, अमन वर्मा, प्रदीप यादव, अजय सिंह, संतोष गिरी, गुड्डु गिरी, दिनेश जायसवाल, दिनेश मिश्र, मोनू पांडेय, सुंदरलाल जायसवाल, परशुराम मिश्रा, प्रदीप पांडेय, कृपा शंकर वर्मा, साधु मिश्रा, मनोज मिश्र, प्रदीप सिंह, अमरजीत यादव, सुनील सिंह, वेद प्रकाश तिवारी, अमित मिश्रा, राम अवध यादव, जगन्नाथ पांडेय, राज नारायण पांडेय, राम सिंह गुप्ता, नवनीत अग्रहरि, लव जायसवाल, शिवम जायसवाल, राधे गौड़, अर्जुन गौड़, विनोद तिवारी, अशोक तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# मेरठ में शॉर्ट सर्किट से मूर्ति के कारखाने में लगी आग

**अवधनामा संवाददाता**



**मेरठ।** मेडिकल थाना क्षेत्र के जागृति विहार में शाम मूर्ति बनाने के कारखाने में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग कारीगरों ने भागकर जान बचाई कारखाने से धुवा निकलता देख सैकड़ो लोग मौके पर पहुचे ओर दमकल विभाग को आग लगने की जानकारी दी सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ी मोके पर पहुची ओर कड़ी स्थानीयो लोगो के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कारखाने में मौजूद लाखो रुपए माल जलकर राख हो गया दरअशल आपको बता दे कि परवीन जाग्रति में दिलीप के मकान में मूर्ति बनाने का कारखाना चलता है कारखाने में मंगलवार शाम कारखाने में कारीगर काम कर रहे थे इसी दौरन सॉर्ट सर्किट से कारखाने में आग लग गई किसी तरह कारीगरो ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग ने विकराल रूप ले लिया जिसके चलते उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई कार खाने से धुवा निकलता देख इलाके के सैकड़ों लोग की भीड़ जमा हो गई आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ी मोके पर पहुची जहा फायर फाइटरों ने स्थानीय लोगो की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार खाने में रखा करीब 3 लाख रुपए का माल जलकर राख हो गया हालांकि कोई जनहानि नही हुई है फिलहाल दमकल विभाग के अधिकारी आग लगने के सही करणो की जांच कर रहे है।

## विभागीय कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी : दिव्या गुप्ता



**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत समधन कार्यालय में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के नाम से जो 350 रुपए लिए जा रहे थे। इस प्रथा को समाप्त करते हुए कहा कि प्रत्येक लाभार्थी जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र स्वयं ऑनलाइन कराकर नगर पंचायत कार्यालय में आकर अपनी रिपोर्ट लगवाएं जिसका उन्हें कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। यह जानकारी बुधवार को समधन नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने दी। बताया कि यदि किसी कर्मचारी ने इस कार्य के नाम से पैसा वसूली की तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और कहा कि निकाय में जो कार्य पेंडिग में पड़े हुए हैं। उन कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। लेट लतीफी करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि नगर में स्वच्छता अभियान के तहत नगर को साफ सुथरा रखा जाए और आम जनमानस से सहयोग की अपील की और सफाई कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी दशा में सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करना होगा।

## फर्नीचर बेंचने के नाम पर की पचास हजार की धोखाधड़ी



**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** पड़ोसी जनपद कानपुर के थाना बिल्हौर के ग्राम कालिका पुरवा निवासी राजेश कुमार पुत्र लल्लू हाल पता गांधीनगर द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार की दोपहर उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई और बताया कि मेरा ट्रांसफर हो गया है। फर्नीचर बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी करके उसका पचास हजार रुपया स्कैनर द्वारा डलवा लिया और पैतीस हजार रुपये की बुलेट बाईक की बिक्री के नाम पर मांग रहा है। पीड़ित ने बताया कि वह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसील सिद्दीकी का प्राइवेट गनर है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## ट्रांसफार्मर के तेल व क्राईल चोरी हुआ

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी अमित कुमार पुत्र राम प्रसाद द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार की रात्रि उसके बाबा गयादीन पुत्र रामचंद्र के नाम पर बनें नलकूप से अज्ञात चोर द्वारा ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर तेल व क्राईल चोरी कर लिया गया है। पीड़ित के तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# स्व. ठा. इंद्रभद सिंह की 27वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं सम्मानित व्यक्तित्व स्वर्गीय ठाकुर इंद्रभद सिंह की 27वीं पुण्यतिथि आज अत्यंत श्रद्धा, आस्था और सामाजिक सेवा भाव के साथ मनाई गई। यह अवसर उनके जीवन, व्यक्तित्व और समाज के प्रति दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करने का भावुक क्षण रहा।

पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पैतृक आवास 'इंद्रप्रस्थ' में अथर्ववेद ब्रह्मपारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के बीच पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। इस महायज्ञ में चंद्रभद्र सिंह 'सोनू', यशभद्र सिंह 'मोनू' सहित भद्र परिवार के सभी सदस्य श्रद्धा पूर्वक सम्मिलित हुए। पुण्यतिथि के मौके पर बड़े पैमाने पर कंबल वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर मानवता और सेवा का संदेश दिया गया। वहीं आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न समुदायों के लोगों ने एकत्र होकर स्व. ठाकुर इंद्रभद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में शुभचिंतकों का भारी जनसैलाब उमड़ा। इसके साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं राजनीतिक दलों के नेताओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। भद्र परिवार की ओर से आगंतुकों के लिए बैठने, खाने-पीने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से सुनिश्चित किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समर्पण की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली, जिससे स्व. ठाकुर इंद्रभद सिंह की स्मृतियां एक बार फिर जनमानस में जीवंत हो उठीं।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की मासिक बैठक का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल/बहजोई।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के बिन्दुओं पर क्या अनुपालन हुआ उस पर चर्चा की गयी। जननी सुरक्षा योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा एफआरयू,तथा एचएमआईएस पोर्टल पर एएनसी जांच, प्रसव तथा टीकाकरण, आरसीएच फीडिंग, सीएचओ द्वारा ई संजीवनी ओपीडी स्थिति विकास खण्ड वार पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव का डेटा एएनएम वार निकाला जाए। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर चर्चा की गयी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त एमओआईसी को निर्देशित करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर इस योजना पर कार्य करें तथा सीएचओ तथा एएनएम को प्रेरित करें। आभा आईडी को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि डिलीवरी प्वाइंट को बढाना सुनिश्चित करें। एसिड अटैक पीड़ितों को निशुल्क प्राथमिक चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज बिश्नोई द्वारा इससे संबंधित एसओपी को लेकर जानकारी दी तथा जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एनक्यूएएस पर कार्य करने को लेकर भी निर्देशित किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एनटीईपी,ई संजीवनी कोल्ड चेन, पर भी चर्चा की गयी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज बिश्नोई द्वारा बताया गया 10 फरवरी को यह कार्यक्रम प्रारंभ होगा तथा मॉप अप दिवस 13 फरवरी होगा एवं इसके अंतर्गत एक से 19 वर्ष के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। तथा जनपद के लक्ष्य को लेकर भी जानकारी दी,उन्होंने कहा कि लक्ष्य पर विशेष ध्यान रखें । यह गोली समस्त स्कूलों प्राइवेट सहित इंटर कॉलेज मदरसे ,आंगनबाड़ी केंद्र पर खिलाई जाएगी उन्होंने दवा की खुराक एवं खिलाने के तरीकों को लेकर भी जानकारी दी तथा विभिन्न विभागों की भूमिका एवं जिम्मेदारी को लेकर भी जिलाधिकारी को अवगत कराया। मदर मिल्क बैंकिंग को लेकर भी जिलाधिकारी को संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज विश्नोई,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा एवं समस्त एमओआईसी एवं संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन क्लीन के अन्तर्गत थाना लालकुर्ती मेरठ पर कुल 32 लावारिस वाहनो की नीलामी करायी गयी



**मेरठ (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद मेरठ द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन के अन्तर्गत व श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर मेरठ के निर्देशन में माल निस्तारण के अभियान के दृष्टिगत आज दिनांक 21.01.2026 को थाना लालकुर्ती मेरठ पर कुल 32 लावारिस वाहन जिसमें (मोटर साईकिल 21, स्कूटी -5 ई-रिक्शा -02 व 04 जुगाड) जो विगत कई वर्षो से थाने पर खडे थे,की नीलामी थाना लालकुर्ती परिसर में दीपक माथुर अपर नगर मजिस्ट्रेट सदर मेरठ व नवीना शुक्ला क्षेत्राधिकारी कैण्ट मेरठ व थानाध्यक्ष हरेन्द्र पाल सिंह थाना लालकुर्ती की मौजूदगी में करायी गयी।

## गहन काउन्सलिंग के माध्यम से 06 वैवाहिक विवादों का सफल एवं शांतिपूर्ण निस्तारण



**मेरठ (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद मेरठ के आदेश के अनुक्रम में तथा श्रीमान पुलिस अधीक्षक अपराध के पर्यवेक्षण में परिवार परामर्श केन्द्र में कुल 74 पत्रावलियाँ काउंसलर्स एवं प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र के समक्ष प्रस्तुत की गई। काउंसलर्स एवं प्रभारी द्वारा विवाहित युगलों के पारिवारिक विवादों को सुलझाकर उनके दांपत्य जीवन को पुनः सुव्यवस्थित करने का प्रयास किया गया। उक्त कुल पत्रावलियों में से 06 पत्रावलियों में दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति से साथ-साथ रहने का समझौता हुआ, 06 पत्रावलियाँ अन्य कारणों से बन्द की गई, तथा शेष 62 पत्रावलियों में अग्रिम तिथि नियत करते हुए दोनों पक्षों को अवगत कराया गया।

## 29 जनवरी को विकास भवन सभागार में होगी जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

**मेरठ (अवधनामा संवाददाता)** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र मेरठ दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक का आयोजन 29 जनवरी 2026 को विकास भवन सभागार मेरठ में सांय 04.00 बजे किया जायेगा। उन्होने समिति के सम्मनित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, विभिन्न विभागों में उद्यमियों की समस्याओं पर विचार/चर्चा, निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा, निवेशको की समस्या समाधान तथा अन्य बिंदुओं अध्यक्ष की अनुमति से संबंधित पूर्ण विवरण/कृत कार्यवाही के साथ बैठक में भाग लेने हेतु अनुरोध किया है।

# कंजिया में स्वास्थ्य मेला बना जागरूकता का मंच

- 90 ग्रामीणों ने बदली सेहत की सोच

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जरवल ब्लॉक के ग्राम कंजिया स्थित उपकेंद्र पर आयोजित स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मोबियस फाउंडेशन, स्वास्थ्य विभाग और उम्मीद परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले का उद्देश्य लोगों को निःशुल्क जांच, परामर्श और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में कुल 390 से अधिक लाभार्थी शामिल हुए।

स्वास्थ्य मेले में 532 लोगों का पंजीकरण किया गया। 69 दंपतियों को परिवार नियोजन पर परामर्श व साधन उपलब्ध कराए गए। किशोर-किशोरियों की भागीदारी भी उत्साहजनक रही, जहां 35 किशोर-किशोरियों ने स्वास्थ्य सत्रों में हिस्सा लिया। इसके अलावा 66 प्रतिभागियों ने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जबकि 37 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। मेले में 167 लाभार्थियों को निःशुल्क दवाएं दी गईं।

मेले में उपस्थित आरबीएसके से डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि लड़कियों की शादी की उम्र 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष होना स्वास्थ्य और कानून दोनों दृष्टि से जरूरी है। बाल विवाह अपराध है और इससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कम उम्र में गर्भधारण से एनीमिया, प्रसव जटिलताएं, कम वजन के बच्चे और कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि शादी की सही उम्र और दो गर्भावस्था के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखने से मां और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

पीएफआई टीम से डॉ. सफिया ज़मीर ने कहा कि परिवार नियोजन केवल बच्चों की संख्या सीमित करने का विषय नहीं, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा की अहम कड़ी है। 20 वर्ष की आयु के बाद गर्भधारण और दो बच्चों के बीच पर्याप्त अंतर से मां को एनीमिया व प्रसव जटिलताओं से बचाव मिलता है और बच्चे का जन्म स्वस्थ होता है। इसके चलते समय से पहले जन्म और नवजात मृत्यु का खतरा भी घटता है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन में पुरुषों की सहभागिता भी उतनी ही जरूरी है, क्योंकि जब पति-पत्नी मिलकर निर्णय लेते हैं तो साधनों का सही और सुरक्षित उपयोग संभव होता है। उन्होंने लोगों को आधुनिक परिवार नियोजन साधनों जैसे कंडोम, कॉपर-टी , महिला -पुरुष नसबंदी और गर्भनिरोधक गोलियों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि सभी सेवाएं स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध हैं।

इस मौके पर धर्मराज त्रिपाठी प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर जरवल, बिंदू यादव फील्ड ऑफिसर, फील्ड फैसिलिटेटर्स, एएफएचएस काउंसलर अरविन्द चौधरी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्रीमती पूजा और भारत स्काउट गाइड से कल्लन इदरीसी, आयुष्मान मित्र, एएनएम, सीएचओ, आशा, आशा संगिनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, कम्युनिटी चौंपियन तथा एनआरएलएम समूह की महिलाओं सहित 16 पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# कालकारों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की



**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल (बहजोई)** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत आज जनपद के कलाकारों द्वारा सभा भवन मैथोडिस्ट गर्ल्स इण्टर कॉलेज मुरादाबाद में हुई मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद अमरोहा एवं बिजनौर सहित अन्य जिलों के साथ सम्भल जिले के प्रतियोगियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। लोक कला संयोजक (मेरठ प्रांत) की श्रीमती ममता राजपूत द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तर पर हुई प्रतियोगिता में विजयी कलाकारों द्वारा मण्डल स्तर पर हुई इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमें सम्भल जिले के उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप का समूह लोक नृत्य में प्रथम स्थान पर रहा । जनपद के अन्य कलाकार एकल नृत्य में धेड़ीया नृत्य प्रस्तुत किया सरस्वती माध्यमिक उच्चतम विद्यालय की छात्रा कु.नंदीनी कुशवाहा, एसएम कॉलेज की छात्रा कु. शिवानी गायन प्रतियोगिता में प्रथम रहीं। यह सभी कलाकार राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में लखनऊ के लिए चयनित किए गए हैं। विजयी कलाकारों द्वारा कलक्ट्रेट सभागार पर जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया से मुलाकात की जिलाधिकारी द्वारा सभी विजयी कलाकारों को शुभकामनाएं दीं एवं राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में विजयी होने के लिए प्रेरित किया।

# एरिना सबालेंका और कोको गॉफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में, रादुकानू हारकर बाहर



**मेलबर्न।** शीर्ष वरीयता प्राप्त और दो बार की विजेता सबालेंका ने चीन की बाइ झोउशुआन को 6-3, 6-1 से हराया। वहीं तीसरी वरीयता प्राप्त गाफ ने ओल्गा डानिलोविच को 6-2, 6-2 से मात दी।

दुनिया की शीर्ष तीन महिला टेनिस खिलाड़ियों में से दो एरिना सबालेंका और कोको गाफ आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई। वहीं पुरूष वर्ग में कार्लोस अल्काराज भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं।

शीर्ष वरीयता प्राप्त और दो बार की विजेता सबालेंका ने चीन की बाइ झोउशुआन को 6-3, 6-1 से हराया। वहीं तीसरी वरीयता प्राप्त गाफ ने ओल्गा डानिलोविच को 6-2, 6-2 से मात दी। अल्काराज ने जर्मनी के यानिक हंफमैन को 7-6, 6-3, 6-2 से हराया।

सबालेंका का सामना अब अनास्तासिया पोपापोवा से होगा जिन्होंने 28वीं वरीयता प्राप्त और पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा रादुकानू को 7-6, 6-2 से हराया। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में 12वीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने पोलैंड की लिंडा क्लिमोविकोवा को 7-5, 6-1 से मात दी । तुर्की की जेनेप सोंमेज ने अन्ना बोंडर को 6-2, 6-4 से हराया।

पुरूष वर्ग में 11वीं वरीयता प्राप्त और 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन दानिल मेदवेदेव ने क्वेटिन हालिस को 6-7, 6-3, 6-4, 6-2 से हराया जबकि 13वीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने जैमी फारिया को 6-4, 6-3, 4-6, 7-5 से मात दी । 19वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने थियागो आगस्टिन को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया।

# आईसीसी बैठक में बांग्लादेश को भारत में खेलो या बाहर होने का अल्टीमेटम, 24 घंटे की मिली मोहलत

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से पहले हुए विवाद पर आज हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में बांग्लादेश को अल्टीमेटम दे दिया गया। उन्हें बहुमत के आधार पर भारत में खेलो या बाहर होने का निर्देश मिला है। इस पर बांग्लादेश को 24 घंटे में फैसला लेना होगा। दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा का हवाला देते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से उनके मुकाबले भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने आईसीसी को ग्रुप बदलने का भी विकल्प दिया था। हालांकि, अब आईसीसी ने बुधवार को हुई बैठक में उनकी सभी मांगों को खारिज करते हुए एक दिन में फैसला लेने का अल्टीमेटम दे दिया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में सभी फुल मेंबर देशों के डायरेक्टर ने हिस्सा लिया। इसमें आईसीसी चेयरमैन जय शाह के अलावा, बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल




इस्लाम, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा, पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड, जिम्बाब्वे क्रिकेट अध्यक्ष तवेंगा मुकुहलानी, क्रिकेट वेस्टइंडीज अध्यक्ष किशोर शैलो, क्रिकेट आयरलैंड के चेयरमैन ब्रायन मैकनीस, क्रिकेट न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि रोजर ट्वास, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन रिचर्ड थॉम्पसन, क्रिकेट साउथ अफ्रीका के प्रतिनिधि मोहम्मद मूसाजी और मीरवाइस अशरफ, क्रिकेट अफगानिस्तान के चेयरमैन शामिल रहे। इसके अलावा बैठक में आईसीसी प्रबंधन के शीर्ष अधिकारी और एंटी-करप्शन के हेड एंड्रयू एफग्रेव ने भी हिस्सा लिया।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बांग्लादेश सरकार को यह बताने के लिए कहा है कि अगर बांग्लादेश 2026 टी20 विश्व कप में अपने मैच खेलने के लिए भारत जाने से मना करता रहता है, तो उसकी जगह टूर्नामेंट में दूसरी टीम को शामिल किया जाएगा। यह फैसला वोटिंग के बाद लिया गया, जिसमें आईसीसी बोर्ड के ज्यादातर सदस्य रिप्लेसमेंट के पक्ष में थे। बीसीबी को भारत में खेलने के अपने रुख पर आईसीसी को जवाब देने के लिए एक और दिन का समय दिया गया है। इस विवाद की शुरुआत मुंबई इंडियंस द्वारा बांग्लादेश के स्टार पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से रिलीज करने के बाद हुई। इसके बाद सुरक्षा और टीम माहौल को लेकर बांग्लादेश में नए स्वर उभरे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत यात्रा पर सुरक्षा आशंका जताते हुए कहा कि टीम को श्रीलंका में खेलना चाहिए। उनकी मांग यह थी कि बांग्लादेश को ग्रुप सी से हटाकर ग्रुप बी में भेजा जाए, क्योंकि ग्रुप बी के मैच श्रीलंका में खेले जा रहे हैं।

## अमेलिया वाल्वेर्डे भारतीय महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच बनीं

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को इस साल एएफसी महिला एशियाई कप में हिस्सा लेना है। इससे पहले ही एआईएफएफ ने नए मुख्य कोच की घोषणा कर दी है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को कोस्टा रिका की अमेलिया वाल्वेर्डे को भारतीय सीनियर महिला टीम की मुख्य कोच बनाया। 39 वर्ष की अमेलिया अंताल्या में भारतीय टीम के शिविर में पहुंच गई हैं। भारतीय टीम मार्च में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की तैयारी कर रही हैं।

15 बरस पहले कोचिंग करियर की शुरुआत करने वाली अमेलिया 2015 से 2023 तक कोस्टा रिका महिला टीम की कोच रहीं। उनके कार्यकाल में कोस्टा रिका ने 2015 और 2023 फीफा महिला विश्व कप में भाग लिया।

# सिंधू-श्रीकांत की शानदार जीत, इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में



**जकार्ता।** श्रीकांत का सामना अब चीनी ताइपै के चौथी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा जिन्होंने आयरलैंड के एन एंगुयेन को 21-14, 21-15 से हराया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत अपने अपने मुकाबले जीतकर इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए।

पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने जापान की मनामी सुइजू को 53 मिनट में 22-20, 21-18 से हराया। वहीं विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने एक घंटे 12 मिनट तक चले मैच में दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी कोकी वातानाबे को 21-15, 21-23, 24-22 से शिकस्त दी।

श्रीकांत का सामना अब चीनी ताइपै के चौथी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा जिन्होंने आयरलैंड के एन एंगुयेन को 21-14, 21-15 से हराया। किरण जॉर्ज को पहले दौर में इंडोनेशिया के एक जाकी उबेदिल्लाह के हाथों 17-21, 14-21 से पराजय का सामना करना पड़ा।

महिला एकल में आकर्षि कश्यप भी पहले दौर में जूली डावाल जाकोबसेन से 21-8, 20-22, 17-21 से हार गई। मिश्रित युगल में भारत की चुनौती समाप्त हो गई जब रोहन कपूर और रूत्विका गाडे के अलावा ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी भी पहले दौर में हार गई।

कपूर और गाड्डे को चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांस के थॉम गिकुल और डेल्फाइन डेलरू ने 21-9, 22-20 से हराया जबकि कपिला और क्रास्टो को फ्रांस के ही जूलियन मेइयो और ली पालेरमो ने 21-23, 22-20, 21-6 से मात दी।

# विक्टोरिया ने बहू निकोला को किया नजरअंदाज, ब्रुकलिन से विवाद पर बेकहम की एक्स का रिएक्शन

**लंदन।** बेकहम परिवार का विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। पहले ब्रुकलिन बेकहम के छह पन्नों वाले बयान ने सोशल मीडिया पर तहलका मचाया और अब 2023 के एक पुराने वायरल वीडियो में विक्टोरिया बेकहम और निकोला पेल्ट्ज के बीच की कोल्ड केमिस्ट्री पर चर्चा छिड़ गई है। वहीं, इसी विवाद पर डेविड बेकहम की रूमर्ड एक्स रेबेका लूस ने भी ब्रुकलिन का समर्थन किया है।

एक पुराने वीडियो में दिखा कि 2023 में नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री बेकहम के रेड कार्पेट इवेंट पर फोटो सेशन के दौरान निकोला और ब्रुकलिन एक तरफ खड़े थे, जबकि विक्टोरिया कैमरों की तरफ देखते हुए उनसे दूरी बनाकर खड़ी रहीं। निकोला रेड लेदर मिनी ड्रेस में थीं और फोटो क्लिक होते समय सिर्फ ब्रुकलिन से ही बातचीत कर रही थीं। इस दौरान विक्टोरिया ने किसी प्रकार की इंटरैक्शन नहीं की।

यह वीडियो ऐसे समय सामने आया है जब ब्रुकलिन ने 20 जनवरी को सोशल मीडिया पर

> **शादी**
>
> **ब्रुकलिन और निकोला की शादी, नौ अप्रैल 2022 को फ्लोरिडा के पाम बीच में हुई थी**

बयान जारी कर अपने माता-पिता पर गंभीर आरोप लगाए। अपने बयान में उन्होंने कहा, मेरी मां ने शादी से ठीक पहले निकोला की ड्रेस तैयार करवाने से मना कर दिया था, जिससे उसे अचानक नई ड्रेस ढूंढनी पड़ी थी। उन्होंने आगे शादी के दिन की एक घटना भी बताई जिसमें वे खुद को असहज और अपमानित महसूस करते हुए नजर आए।

इसी विवाद पर डेविड बेकहम की कथित एक्स और पूर्व असिस्टेंट रेबेका लूस ने भी ब्रुकलिन का समर्थन किया है। इंस्टाग्राम पर एक कमेंट में उन्होंने लिखा, यह देखकर



बहुत खुशी हुई कि ब्रुकलिन खुद के लिए खड़ा हो रहा है और आखिरकार सार्वजनिक रूप से बोल रहा है!!! एक अन्य कमेंट में उन्होंने ब्रुकलिन के शब्दों को दोहराते हुए रेबेका ने लिखा, सच हमेशा सामने आता है। रेबेका का बयान खास इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि ब्रुकलिन ने भी अपने बयान में कहा था, मुझे विश्वास है कि सच्चाई हमेशा सामने आती है।

**शादी और परिवार में बढ़ती दूरियां**

ब्रुकलिन और निकोला की शादी, नौ अप्रैल 2022 को फ्लोरिडा के पाम बीच में हुई थी, जिसमें 500 मेहमान शामिल हुए, लेकिन विवाद इसी शादी की तैयारियों से शुरू हुआ बताया जाता है। निकोला ने पहले भी ग्रैजिया यूएसए को दिए इंटरव्यू में सांकेतिक रूप से कहा था कि शादी की ड्रेस को लेकर शुरू में बातचीत हुई पर बाद में विक्टोरिया ने जवाब देना बंद कर दिया और अंत में निकोला की मां को बताया कि ड्रेस नहीं बन पाएगी। इसी शादी में विक्टोरिया और कुछ गेस्ट्स ने विक्टोरिया बेकहम डिजाइन पहना था, जिससे स्थिति और विवादित हो गई।

इसके बाद बेकहम परिवार ने 2025 में हुए शादी के बाद के एक कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया था। वहीं, क्रिसमस 2025 पर ब्रुकलिन ने बेकहम परिवार के साथ समय नहीं बिताया था। ब्रुकलिन छुट्टियां मनाने निकोला के परिवार के साथ गए थे। ये सभी घटनाएं इस पारिवारिक दरार को और उजागर करती हैं।

अपने एक बयान में ब्रुकलिन ने लिखा, मैंने वर्षों तक चुप्पी साधे रखी और हर कोशिश की कि बातें निजी रहें, लेकिन मेरे माता-पिता लगातार प्रेस में बातें ले जाते रहे, जिससे मुझे अपने बारे में सच बोलना पड़ा। साथ ही उन्होंने कहा कि वे अब सुलह नहीं चाहते। ब्रुकलिन ने कहा, मैं सुलह नहीं करना चाहताज् मैं अपने लिए पहली बार खड़ा हुआ हूं।

# '40 साल के हो जाते..' प्रोड्यूसर प्रज्ञा कपूर ने सुशांत को किया याद, बहन और फैंस ने सेलिब्रेट की बर्थ एनिवर्सरी



**मुंबई।** दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की 40वीं बर्थ एनिवर्सरी। इस मौके पर फैंस से लेकर उनके करीबी लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए सुशांत को याद किया है। देखिए, वो वीडियो और पोस्ट। सुशांत सिंह राजपूत को दुनिया से गए हुए पांच साल हो चुके हैं लेकिन फैंस आज भी उन्हें याद करते हैं। आज सुशांत सिंह राजपूत की 40वीं बर्थ एनिवर्सरी पर कुछ फैन क्लब ने उनकी बर्थ एनिवर्सरी सेलिब्रेट की। सोशल मीडिया पर भी सुशांत के लिए बर्थ पोस्ट शेयर की। साथ ही सुशांत की बहन श्वेता और प्रोड्यूसर प्रज्ञा कपूर ने भी दिवंगत एक्टर को याद किया है।

सुशांत की बर्थ एनिवर्सरी पर प्रोड्यूसर प्रज्ञा कपूर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर की। इसमें वह इमोशनल होते हुए लिखती हैं, 'आज तुम 40 साल के हो जाते। जन्मदिन मुबारक हो। तुम एक तेज दिमाग वाले इंसान के तौर पर याद किए जाते हो। जिससे कुछ नया सीखने, सपने देखने की उम्मीद मिलती थी। तुम ऐसे कलाकार थे, जिसकी जिज्ञासा सिनेमा से कहीं आगे तक पहुंची। जिसने हमेशा दिलों को छुआ। तुम्हारा काम आज हमारे मन को छूता है।' वह आगे लिखती हैं, हम तुमसे प्यार करते हैं और तुम्हें हमेशा याद किया जाएगा।' प्रज्ञा कपूर ने सुशांत का एक पुराना वीडियो भी पोस्ट किया है, जिसमें वह अपने दोनों हाथों से लिख रहे हैं। इससे पता चलता है कि सुशांत कितने स्मार्ट थे।

सुशांत सिंह राजपूत की बहन श्वेता ने भी आज अपने भाई को याद किया। फैंस ने सुशांत की बर्थ एनिवर्सरी पर जो पोस्ट शेयर की, उन्हें श्वेता ने अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट किया है। सुशांत की बातों और यादों को श्वेता ने संजोकर रखा है।

सुशांत के फैंस भी उन्हें नहीं भूले हैं। एक फैन क्लब ने सुशांत की बर्थ एनिवर्सरी पर उनके गानों पर डांस किया। सुशांत की तस्वीर हाथ में लिए भी कई फैंस नजर आए। सुशांत की फोटो लगाकर, उसके आगे फूल भी रखे। इस तरह फैंस ने भी अपने पसंदीदा एक्टर को याद किया।

# 'ओ रोमियो' के ट्रेलर लॉन्च से पहले ही इवेंट छोड़कर चले गए नाना पाटेकर

**मुंबई।** शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज की मच अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' का ट्रेलर आज रिलीज किया गया। ट्रेलर लॉन्च इवेंट मुंबई में आयोजित किया गया, जिसमें निर्माता-निर्देशक समेत फिल्म की मुख्य कास्ट भी नजर आई। इसमें शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी इस इवेंट में पहुंचें। फिल्म के प्रमुख अभिनेता नाना पाटेकर भी इस इवेंट में पहुंचे। लेकिन नाना पाटेकर ट्रेलर लॉन्च इवेंट से बीच में ही चले गए। नाना ट्रेलर लॉन्च होने से पहले ही इवेंट से वापस भी लौट गए। आखिर क्यों इवेंट में बीच से ही चले गए नाना पाटेकर? अब निर्देशक विशाल भारद्वाज ने बताई इसके पीछे की असली वजह।

सोशल मीडिया पर ऐसा दावा किया जा रहा है कि नाना पाटेकर मुंबई में हुए फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंचे थे। लेकिन नाना ट्रेलर लॉन्च होने से पहले ही इवेंट से वापस भी चले गए। नाना पाटेकर का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उन्हें इवेंट से जाते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो में नाना

> **मुख्य कास्ट**
>
> **ट्रेलर लॉन्च इवेंट मुंबई में आयोजित किया गया, जिसमें निर्माता-निर्देशक समेत फिल्म की मुख्य कास्ट भी नजर आई।**

नाराज नजर आ रहे हैं। उन्हें रोकने का प्रयास किया जाता है, लेकिन वो वहां से निकल जाते हैं। वीडियो में नाना पाटेकर समय की बात करते हैं। कहा ये जा रहा है कि नाना इवेंट में समय से पहुंच गए थे। लेकिन शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी इवेंट में काफी लेट पहुंचे। इसलिए नाना पाटेकर तकरीबन एक से डेढ़ घंटे तक इंतजार करने के बाद, इवेंट से बीच से ही लौट गए। इसीलिए जब ट्रेलर लॉन्च के दौरान नाना स्टेज पर नहीं दिखे तो विशाल भारद्वाज ने



नाना के जाने की वजह भी बताई।

**विशाल भारद्वाज ने बताया क्यों गए नाना**

हालांकि, ट्रेलर लॉन्च इवेंट के समय मीडिया से बातचीत के दौरान निर्देशक विशाल भारद्वाज ने खुद बताया कि नाना पाटेकर कार्यक्रम में बीच से ही चले गए हैं। उन्होंने कहा कि नाना वो बच्चा हैं जो शैतानी करता रहता है। नाना ने कहा कि तुम लोगों ने हमें एक घंटे इंतजार करवाया, इसलिए मैं जा रहा हूं। हालांकि, हमें कुछ भी बुरा नहीं लगा। हमारी 27 साल की दोस्ती है और नाना की ये ही आदतें उन्हें नाना पाटेकर बनाती हैं और बाकियों से अलग करती हैं।

**विशाल भारद्वाज के साथ नाना ने दिए पोज**

इस बीच सोशल मीडिया पर कई वीडियो हैं, जिनमें नाना पाटेकर ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंचते नजर आए हैं। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के वीडियो और तस्वीरों में नाना पाटेकर फोटोग्राफरों के सामने पोज भी देते हैं। इस दौरान नाना फिल्म के निर्देशक विशाल भारद्वाज के साथ भी पोज देते हैं। दिग्गज अभिनेता इस इवेंट में अपने सिग्नेचर कुर्ता-पायजामा सेट में थे। हालांकि, उन्हें शाहिद कपूर या तृप्ति डिमरी के साथ किसी भी फोटो या वीडियो में नहीं देखा गया है। वहीं ट्रेलर लॉन्च के वक्त भी नाना पाटेकर स्टेज पर फिल्म की कास्ट और निर्माता-निर्देशक के साथ मौजूद नहीं थे। हालांकि, नाना पाटेकर ने ट्रेलर रिलीज होते ही उसे अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कर दिया। उन्होंने इसे अपने सोशल मीडिया फीड पर भी पोस्ट किया है।


**13 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म**

'ओ रोमियो' का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल प्रमुख भूमिकाओं में नजर आई हैं। फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

# रियलिटी शो 'द 50' में हुई इस बॉलीवुड अभिनेत्री की एंट्री, विक्रांत मैसी और अरशद वारसी के साथ कर चुकी हैं काम

**मुंबई।** आगामी रियलिटी शो 'द 50' अपने टेलीकास्ट होने से पहले ही सुर्खियों में बना हुआ है। इन दिनों शो में शामिल होने वाले कंटेस्टेंट के नाम सामने आ रहे हैं, जिसको लेकर चर्चाएं तेज हैं। दिव्या अग्रवाल और करण पटेल के नाम सामने आने के बाद अब एक और अभिनेत्री का भी नाम सामने आया है। जानिए कौन है ये अभिनेत्री जो 'द 50' में आएगी नजर।

दिव्या अग्रवाल और करण पटेल के नाम सामने आने के बाद 'द 50' की अगली कंटेस्टेंट 'असुर' वेब सीरीज और विक्रांत मैसी के साथ 'द साबरमती रिपोर्ट' में नजर आने वाली रिद्धि डोगरा हैं। रिद्धि ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लंबे नोट के साथ इसकी घोषणा की। अपनी तस्वीर के साथ इस लंबे नोट में रिद्धि ने लिखा, 'पैपराजी के लेंस से दूर, शेर की गुफा में जा रही हूं। एक अभिनेत्री के रूप में मैं हमेशा नए तरीके खोजती रहती हूं ताकि मैं अपने बारे में बहुत कुछ जान सकूं और अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल सकूं। 'द 50' मुझे




इसी तरह का एक चैलेंज लगता है। यह मुझे एक बिल्कुल नई दुनिया में कदम रखने का मौका देता है, जहां कोई बनावटीपन नहीं है। मैं बस अपने असली रूप में सामने आऊंगी और आप दर्शक मुझे अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलते हुए देखेंगे। आपने हमेशा मुझे प्यार किया है और मेरा हौसला बढ़ाया है। मैं आपके साथ द 50 के इस सफर को साझा करने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि मैं शेर की गुफा के असली रहस्य को जानने जा रही हूं।'

यह शो एक ग्लोबल रियलिटी शो का इंडियन वर्जन है। इसमें प्रतियोगी अपनी बुद्धि, रणनीति और इमोशनल शक्ति का उपयोग करते हुए कंपटीशन करते हैं। शो में शामिल होने के बारे में बात करते हुए रिद्धि ने कहा कि यह प्रोजेक्ट उनके जीवन का एक नया चरण है और बिना किसी स्क्रिप्ट के खुद को खोजने का एक मौका है। यह मुझे एक बिल्कुल नई दुनिया में कदम रखने का मौका देता है जहां कोई किरदार नहीं है।

**1 फरवरी को होगा प्रीमियर**

द 50 को लेकर इसकी घोषणा के बाद से ही काफी उत्साह बना हुआ है। शो का प्रीमियर 1 फरवरी को जियोहॉटस्टार और कलर्स पर होगा। शो के बाकी कंटेस्टेंट के बारे में जानने के लिए भी फैंस काफी उत्सुक हैं। देखना है कि आगे और कौन-कौन से नाम सामने आते हैं।

## 'तुम्बाड़' के डायरेक्टर की फिल्म 'मायासभा' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बुधवार को 'तुम्बाड़' जैसी हॉरर-थ्रिलर बनाने वाले डायरेक्ट राही अनिल बर्वे की नई फिल्म 'मायासभा' का ट्रेलर रिलीज हुआ। यह भी थ्रिलर, हॉरर से भरी है। ट्रेलर में जावेद जाफरी का अंदाज हैरान करता है। अब तक अपनी कॉमेडी से हंसाने वाले जावेद जाफरी 'महासभा' में काफी डरावने लग रहे हैं। उनका किरदार नेगेटिव है। जावेद जाफरी स्टारर फिल्म 'महासभा' की रिलीज डेट भी मेकर्स ने ट्रेलर के साथ ही साझा की है। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में पहुंचेगी। इसकी रिलीज डेट 30 जनवरी 2026 है। फिल्म 'महासभा' में जावेद जाफरी के अलावा वीना जामकर, दीपक दामले और मोहम्मद समद जैसे कलाकारों ने भी दमदार अभिनय किया है। फिल्म 'महासभा' के डायरेक्टर राही अनिल बर्वे हैं। गिरीश पटेल और अंकुर जे सिंह ने इसे प्रोड्यूस किया है। शामराव भगवान यादव, चंदा यादव, केवल हांडा और मनीष हांडा ने को-प्रोड्यूस किया है।

# नौवें दिन भी चिरंजीवी की फिल्म ने की अच्छी कमाई

**मुंबई।** चिरंजीवी की फिल्म 'मन शंकर वरप्रसाद गारू' इस पोंगल के त्योहार पर रिलीज हुई। रिलीज के वक्त इस फिल्म को कम स्क्रीन मिलीं क्योंकि इसी त्योहार के आस-पास तीन बड़े साउथ स्टार की फिल्में भी रिलीज हुईं। इन फिल्मों में प्रभास की द राजा साब, रवि तेजा की 'भरता महासयुलाकु विग्न्याप्ति' और नवीन पोलीशेट्टी की 'अनगनगा ओका राजू' जैसी फिल्में शामिल रहीं।

इसके बावजूद भी चिरंजीवी स्टारर इस फिल्म ने एक अच्छी शुरुआत हासिल की और नौंवे दिन तक इसकी कमाई जारी है। बड़ी बात यह है कि कम स्क्रीन पर प्रदर्शित होने के बाद भी इसकी कमाई बाकी फिल्मों की तुलना में काफी ज्यादा है।

चिरंजीवी स्टारर फिल्म 'मन शंकर वरप्रसाद गारू' को ही त्योहार के मौके पर अच्छी ओपनिंग मिली थी। इस फिल्म ने पहले ही दिन 40 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए थे। वहीं इसके साथ रिलीज हुई सुपरस्टर प्रभास की फिल्म द राजा साब ने पहले दिन भले ही 47 करोड़ रुपये



कमाए पर गौर करने वाली बात यह है कि ये फिल्म 440 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट में बनी थी। ऐसे में इस फिल्म के लिए 47 करोड़ की ओपनिंग बेहद कम मानी जाएगी।

वहीं बात करें रवि तेजा की फिल्म 'भरता महासयुलाकु विग्न्याप्ति' की तो इसने पहले दिन मात्र 2.6 करोड़ की ही कमाई की थी। जबकि, नवीन पोलीशेट्टी की फिल्म 'अनगनगा ओका राजू' ने 7.25 करोड़ रुपये का ओपनिंग कलेक्शन किया था।

फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गारू' 12 जनवरी यानी सोमवार को रिलीज हुई थी। वर्किंग डे होने के बावजूद पहले दिन फिल्म ने सारे शोज मिलाकर करीब 41.6 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को इसकी कमाई का ग्राफ नीचे आया। शुक्रवार को इसने एक बार फिर 20 करोड़ से ज्यादा कारोबार किया। अब नौवें दिन यानी दूसरे मंगलवार को फिल्म ने 5.75 करोड़ रुपये कमाए हैं।

सैकनिल्क के मुताबिक तेलुगु बॉक्स आफिस पर इस फिल्म ने अब तक 171.65 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। वहीं वर्ल्डवाइड यह फिल्म करीब 245 करोड़ का कारोबार कर चुकी हैं।

अवधनामा



# इंजीनियर युवराज की मौत मामले में बिल्डर अभय की कोर्ट में हुई पेशी, अगली सुनवाई 27 जनवरी

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 150 में बीते शुक्रवार को 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत मामले में सीजेएम कोर्ट ने आरोपी बिल्डर अभय को 27 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अभय की एक दिन की रिमांड खत्म होने के बाद उसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया था।

सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले में लापरवाही को लेकर जमकर फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए पुलिस को निर्देश दिया कि जांच में ये भी साफ होना चाहिए कि लापरवाही किसकी है। नाली अगर टूटी है तो उसका जिम्मेदार कौन है? इतना ही नहीं



बैरिकेट अगर नहीं लगा है तो उसका जिम्मेदार कौन है। ये सब जांच का हिस्सा होना चाहिए। क्योंकि जब कुछ साल से इसको लेकर शिकायत की जा रही थी तो उचित समय पर कार्यवाई क्यो नहीं की गई।

सेक्टर-150 में पानी से भरे गड्ढे में कार सहित डूबने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की दुखद मृत्यु के मामले में मुख्यमंत्री के आदेश पर गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपना काम शुरू कर दिया है। एसआईटी ने नोएडा प्राधिकरण का दौरा कर जांच शुरू की और अब घटनास्थल का मुआयना करने के लिए रवाना हो गई है। इस मामले में नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने एमजेड विजटाउन के मालिक बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार किया।

इस गंभीर मामले की जांच का नेतृत्व एडीजी जोन मेरठ भानु भास्कर करेंगे। उनके साथ मंडलायुक्त मेरठ और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के चीफ इंजीनियर को भी एसआईटी में शामिल किया गया है। जांच टीम को हादसे के कारणों, संबंधित विभागों की भूमिका, लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के उपायों पर विस्तृत पड़ताल करने के निर्देश दिए गए हैं। एसआईटी से पांच दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट तलब की गई है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सेक्टर-150 में भारी जलभराव के दौरान सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की कार एक पानी से भरे गड्ढे या अंडरपास में फंस गई थी, जिसके परिणामस्वरूप कार सहित उनकी डूबने से मौत हो गई। इस घटना ने स्थानीय प्रशासन, विकास प्राधिकरण और संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जल निकासी व्यवस्था, सड़क निर्माण की गुणवत्ता, चेतावनी संकेतों की कमी और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली जैसी व्यवस्थाओं की कार्यक्षमता भी जांच के दायरे में होगी।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में हुए इस सड़क हादसे के बाद दलदल में डूबे सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार, युवराज की मृत्यु का मुख्य कारण दम घुटना बताया गया है।

# अवैध खनन से ऐसा नुकसान जिसकी भरपाई असंभव अरावली मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

एजेंसी

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि इससे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए अदालत ने अरावली क्षेत्र में खनन और उससे जुड़े सभी पहलुओं की व्यापक जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का फैसला किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अवैध खनन केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी गंभीर खतरा है।

अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और एमिकस क्यूरी के. परमेश्वर को निर्देश दिए हैं कि वे चार सप्ताह के भीतर खनन से संबंधित मामलों में



विशेषज्ञता रखने वाले पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों के नाम सुझाएं, ताकि एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा सके। यह समिति सुप्रीम कोर्ट की निगरानी और मार्गदर्शन में कार्य करेगी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि अरावली क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अवैध खनन की गतिविधियां सामने आ रही हैं। इस पर राजस्थान सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने अदालत को आश्वस्त किया कि राज्य में किसी भी तरह का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पहाड़ियों और श्रेणियों की एक समान परिभाषा को लेकर 20 नवंबर को दिए गए अपने आदेश को फिलहाल स्थगित रखने का निर्णय भी बरकरार रखा है। अदालत ने इससे पहले कहा था कि नई परिभाषा में कुछ गंभीर अस्पष्टताएं हैं, जिनका समाधान किया जाना आवश्यक है।

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश को टी20 वर्ल्ड कप खेलने से रोकने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को एक लॉ स्टूडेंट को आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में बांग्लादेश को खिलने से रोकने के उद्देश्य से दायर की गई एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर कड़ी फटकार लगाई। याचिका में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू आबादी के खिलाफ कथित अत्याचारों का हवाला दिया गया था। लॉ स्टूडेंट ने यह भी अनुरोध किया था कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बांग्लादेश को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजनों में तभी भाग लेने की अनुमति दे जब यह पुष्टि हो जाए कि देश किसी भी मानवाधिकार का उल्लंघन नहीं कर रहा है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायाधीश तेजस करिया की पीठ ने याचिका के औचित्य पर सवाल उठाए। उन्होंने याचिकाकर्ता की वकील, देवयानी सिंह से पूछा, यह किस तरह की याचिका है? कोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए पूछा, यह किस तरह की जनहित याचिका है? कुछ रचनात्मक कार्य करें। अदालत ने कहा, आप लॉ स्टूडेंट हैं।

### बैलगाड़ी दौड़ के दौरान हिंसक झड़प, पथराव के साथ हुई फायरिंग

**बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर जिले में कोतवाली गुलावटी क्षेत्र के हाईवे पर बूढ़े बाबू की दौज के मेले में आयोजित बैलगाड़ी दौड़ के दौरान दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। आरोप है कि कुछ युवकों द्वारा मोटा दांव लगाकर दौड़ शुरू करने के बाद उसमें व्यवधान उत्पन्न किया गया। इस पर दबंगों ने मारपीट, पथराव और फायरिंग की। इस घटना में करीब दर्जन भर लोग घायल हो गए। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे लोग एक-दूसरे पर पथराव कर रहे हैं और गोलियां चल रही हैं। प्रभावितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर चार नामजद सहित 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

# पुणे की रेव पार्टी में पुलिस का छापा, पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद समेत सात हिरासत में

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने एक रेव पार्टी पर छापा मारकर भारी मात्रा में ड्रग्स, हुक्का और शराब बरामद की। पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खड़से के दामाद प्रांजल खेवलकर भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पुणे के एक फ्लैट पर रविवार की सुबह छापेमारी की गई। पुलिस ने बताया कि उन्हें पुणे के खराडी इलाके में रेव पार्टी होने की सूचना मिली थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने छापेमारी की। छापे के दौरान गांजा, शराब और हुक्का बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि सात लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें पांच पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छापे पर प्रतिक्रिया देते हुए, एकनाथ खडसे ने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि क्या पुलिस कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक मकसद तो नहीं था?

# एटा हत्याकांड- मां, बाप, पत्नी, बेटी की हत्या...ईंट से कुचलकर सबको मार डाला

एजेंसी

**एटा।** एटा के नगला प्रेमी में बुजुर्गों के साथ ही 4 लोगों की हत्या की गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में दंपती के बेटे को गिरफ्तार कर जल भेज दिया है। इस बीच घर के परिवार के अन्य लोगों के बीच एक चर्चा तेज है कि अगर बहनोई से रुपये मिल जाते तो शायद इन लोगों की जान नहीं जाती।

कोतवाली नगर के शिकोहाबाद मार्ग स्थित नगला प्रेमी में सोमवार को दोपहर के समय गंगा सिंह उनकी पत्नी श्यामा देवी, पुत्रवधू रत्ना व नातिन ज्योति की हत्या कर दी गई। पुलिस की ओर से लगाई गई फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वाड और अन्य प्रकार की जांच में गंगा सिंह का बेटा कमल सिंह ही हत्यारोपी निकला। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि बेटी ज्योति की शादी के लिए लड़के वालों को सामान खरीदना था। इसके लिए 4 लाख रुपये मांग रहे थे।

जब इस बारे में बहनोई बालिस्टर सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि लड़के वालों से 10 दिन का समय ले लो। तब तक इंतजाम हो जाएगा। इसी वजह से मानसिक तनाव में घर खाना खाने पहुंचा तो पत्नी ने रुपयों के बारे में पूछा। उसको बताया कि 1-2 दिन में व्यवस्था हो जाएगी तो उसने ताना मारते हुए गाली-गलौज की। यही वजह रही कि आवेश में आकर पहले पत्नी और पुत्री उसके बाद माता-पिता की ईंट से कुचलकर हत्या कर दी।

माता-पिता और पत्नी व बेटी का हत्यारोपी कमल सिंह बेटी की सूचना पर घर पहुंचा। सीधा पहली मंजिल पर आया और श्यामा देवी का शव न देखकर हैरान रह गया। आसपास के लोगों व बहनोई से पूछा कि मां कहां हैं। जब किसी ने बताया कि उनकी सांसे चल रही हैं और उनको अस्पताल ले गए हैं तो वहां जाने की जिद करने लगा।

# महिला भाजपा विधायक से दुर्व्यवहार के आरोप तनाव के बीच नीतीश से शिकायत की तैयारी

एजेंसी

**छपरा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी समृद्धि यात्रा के पांचवें दिन 21 जनवरी को जब काफिला सारण जिले के छपरा पहुंचा, तब कार्यक्रम स्थल पर अचानक अफरातफरी का माहौल बन गया। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन से पहले ही बड़ी संख्या में एनडीए समर्थक और कार्यकर्ता स्थल पर जुटे थे, जहां प्रवेश को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया।

कार्यक्रम स्थल के भीतर उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब छपरा से भाजपा की महिला विधायक छोटी कुमारी को लेकर हंगामा शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर्मियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी हुई, जो कुछ देर में बढ़कर



हंगामे का रूप ले गई। हालांकि मौके पर मौजूद अधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं की सूझबूझ से स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया।

इस पूरे घटनाक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने सुरक्षा में तैनात अधिकारियों पर महिलाओं से अभद्र व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है। खास बात यह रही कि यह आरोप किसी विपक्षी दल ने नहीं, बल्कि एनडीए की सहयोगी पार्टी भाजपा के पदाधिकारी ने लगाया। विवेक कुमार सिंह के अनुसार, सुरक्षा में लगे कुछ अधिकारी पटना से आए हुए थे, जिन्होंने महिला कार्यकर्ताओं और विधायक के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया।

भाजपा जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने कहा कि जब वे अन्य कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे, उसी दौरान अधिकारियों ने महिला विधायक छोटी कुमारी को धक्का दिया और उनके प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने दावा किया कि इस दौरान कई अन्य महिला कार्यकर्ताओं के साथ भी कथित रूप से गलत व्यवहार किया गया, जो महिला सशक्तिकरण की भावना के विपरीत है। विवेक कुमार सिंह ने बताया कि समृद्धि यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं और महिलाओं में खासा उत्साह था और सभी मुख्यमंत्री का स्वागत करने पहुंचे थे। उनका कहना है कि सुरक्षा अधिकारियों का यह रवैया कार्यकर्ताओं के सम्मान के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की जाएगी। फिलहाल सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि मुख्यमंत्री इस प्रकरण पर क्या संज्ञान लेते हैं और प्रशासन महिलाओं से जुड़े इन आरोपों पर क्या कदम उठाता है।

# ईरान ने मुजाहिदीन-ए-खल्क संगठन के दो सदस्यों को दी फांसी, सार्वजनिक स्थलों पर हमले का आरोप

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां ईरान सरकार ने रविवार को सार्वजनिक और नागरिक स्थलों पर हमले करने के आरोप में विपक्षी संगठन मुजाहिदीन-ए-खल्क (एमईके) के दो सदस्यों बेहरूज एहसानी इस्लामलू और महदी हसानी को फांसी दे दी है। सरकार का आरोप है कि इन दोनों ने देश के आत्मिक मोर्टार लॉन्चर लेकर सरकारी भवन, स्कूल, आवासीय इलाकों पर हमला करने का दोषी पाया गया। ईरान की न्यायपालिका की आधिकारिक वेबसाइट मिजान ऑनलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, एहसानी 1980 के दशक से इस संगठन से जुड़ा था और एक बार जेल भी जा चुका था। जेल से रिहा होने के बाद उसने फिर से संगठन के लिए काम करना शुरू किया। उसे उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वह तुर्की की सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। उसके पास से हथियार, गोला-बारूद, बम बनाने की सामग्री और अपनी पहचान छिपाने के उपकरण मिले थे।

वहीं सरकारी मीडिया का दावा है कि एहसानी को अल्बानिया में बैठे संगठन के नेताओं ने ईरान भेजा था, ताकि वह देश के अंदर आतंक फैलाने के लिए गुप्त नेटवर्क बना सके। वह सरकारी और आम लोगों को निशाना बनाने के लिए लोगों को ट्रेनिंग भी दे रहा था। बता दें कि इन दोनों लोगों पर सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने, गुप्त जानकारी जुटाने और वीडियो रिकॉर्ड करके उन्हें संगठन के मीडिया चैनलों को भेजने के भी आरोप लगे। उन्हें राज्य से युद्ध, षड्यंत्र, आतंकवादी संगठन की सदस्यता और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर मामलों में दोषी ठहराया गया।

गौरतलब है कि मुजाहिदीन-ए-खल्क (एमईके) कभी ईरान की शाही सरकार के खिलाफ था और 1979 की इस्लामी क्रांति का समर्थन करता था।

# अमेरिकी लोग मेरी नीतियों से खुश हैं दावोस में ट्रंप बोले- यूरोप के हालत काफी चिंताजनक

एजेंसी

**बर्न।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप स्विट्जरलैंड पहुंचे हैं। यहां उन्होंने विश्व नेताओं और उद्योग जगत के दिग्गजों से मुलाकात की। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में ट्रंप का भाषण तय समय पर शुरू हुआ। एयर फोर्स वन में तकनीकी दिक्कत के बावजूद ट्रंप समय पर दावोस पहुंचे। भाषण स्थल पर लोगों की भारी भीड़ देखी गई। ट्रंप के मंच पर आते ही तालियों से स्वागत हुआ। हालांकि भाषण के दोरान स्थल के बाहर ट्रंप के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी चल रहा था। आइए बिंदुवार तरीके से समझते हैं, ट्रंप ने भाषण के दौरान क्या-क्या कहा।

दावोस में भाषण के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ग्रीनलैंड को सुरक्षित रखने की क्षमता केवल अमेरिका के पास है। उन्होंने दावा किया कि पिछले करीब 200 वर्षों से अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड



खरीदने की कोशिश करते रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि द्वीप पर डेनमार्क की मौजूदगी के कोई ठोस संकेत नहीं हैं और डेनमार्क वहां उतना निवेश भी नहीं कर रहा, जितना उसने वादा किया था। उन्होंने ग्रीनलैंड को एक विशाल बर्फीला भूभाग बताते हुए कहा कि अमेरिका ही इसका विकास और सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है, इसी वजह से वे तत्काल बातचीत चाहते हैं।

ट्रंप ने ग्रीनलैंड को रणनीतिक रूप से बेहद अहम बताते हुए कहा कि यह लगभग निर्जन और अविकसित क्षेत्र है, जो फिलहाल असुरक्षित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रीनलैंड का महत्व वहां मौजूद दुर्लभ खनिजों से ज्यादा उसकी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा भूमिका में है। ट्रंप के मुताबिक, अमेरिका की सुरक्षा जरूरतें और वैश्विक स्थिरता इस क्षेत्र से सीधे जुड़ी हैं। इसी कारण वे ग्रीनलैंड को लेकर गंभीर हैं और इसे केवल एक भू-राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि सुरक्षा से जुड़ा सवाल मानते हैं।

# बांग्लादेश में अराजकता का दौर जारी, शेख हसीना की पार्टी के मुख्यालय को कब्जाने की कोशिश

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में उस समय सियासी हलचल तेज हो गई, जब एक अज्ञात समूह ने देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी, अवामी लीग के मुख्यालय पर कब्जा करने की कोशिश की। यह घटना ऐसे वक्त पर सामने आई है जब 5 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्ता से बेदखली की वर्षगांठ नजदीक है। बताया जा रहा है कि यह समूह इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑन फासिज्म एंड जेनोसाइड के बैनर तले काम कर रहा है।

ढाका के बंगबंधु एवेन्यू स्थित अवामी लीग कार्यालय के हर कमरे की सफाई हो रही है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह काम किसके आदेश पर हो रहा है। भवन में प्रतिदिन 10-12 लोग साफ-सफाई कर रहे हैं। एक स्थानीय पर्यवेक्षक शेखावत हुसैन ने मीडिया को बताया कि यह इमारत फासीवादी शासन की निशानी है। इसे खाली कराकर हम नियंत्रण में ले रहे हैं ताकि यहां दोबारा फासीवाद जन्म न ले।

कहा जा रहा है कि यह 10 मंजिला इमारत उन लोगों के विश्राम स्थल के तौर पर इस्तेमाल की जाएगी जो मौजूदा तख्तापलट के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। आंदोलनकारी साफ कर चुके हैं कि वे शेख हसीना और उनके पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान से जुड़ी हर स्मारक और प्रतीक को हटाएंगे। इससे पहले उन्होंने ढाका के धनमंडी स्थित बंगबंधु म्यूजियम (पूर्व में शेख मुजीब का आवास) को भी ढहा दिया था।

गौरतलब है कि अगस्त 2024 में छात्र-नेतृत्व वाले विद्रोह के बाद शेख हसीना को सत्ता से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन हुआ। इस सरकार ने अवामी लीग के सभी राजनीतिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# सैन्य सुरक्षा बनाम टेक्नोलॉजी, पोलैंड क्यों चीनी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने पर कर रहा है विचार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पोलैंड में सैन्य ठिकानों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी के चलते वहां की सरकार चीन निर्मित वाहनों को सैन्य परिसरों में प्रवेश से रोकने पर विचार कर रही है। रक्षा अधिकारियों का मानना है कि आधुनिक वाहनों में मौजूद तकनीक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पोलिश सेना के जनरल स्टाफ के प्रवक्ता कर्नल मारेक पिएत्रजाक के मुताबिक, यह कदम उन जोखिमों को ध्यान में रखकर उठाया जा रहा है जो वाहन में लगे आधुनिक सेंसर, तकनीकी सिस्टम और डेटा ट्रांसमिशन से जुड़े हैं।

उनका कहना है कि ऐसे वाहनों के जरिए कई जानकारियां, बिना जानकारी या नियंत्रण के बाहर भेजी जा सकती है। जो सैन्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हो सकता है।

सेना के प्रवक्ता ने संकेत दिया है कि इस मुद्दे पर आने वाले दिनों



में कोई ठोस समाधान सामने रखा जाएगा। यानी प्रतिबंध से जुड़ा फैसला जल्द लिया जा सकता है।

पोलैंड के मीडिया में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रस्तावित नियम सिर्फ चीन में बने वाहनों तक सीमित नहीं हो सकते। इन उपायों के तहत अमेरिकी कंपनी ञ्जद्गह्यद्यड्ड (टेस्ला) की गाड़ियों को भी सैन्य ठिकानों में प्रवेश से रोका जा सकता है। क्योंकि उनमें भी एडवांस्ड सेंसर और डेटा सिस्टम मौजूद होते हैं।

पोलैंड के रक्षा मंत्रालय ने साफ किया है कि संरक्षित सैन्य ठिकानों और सुविधाओं में चीन निर्मित वाहनों की पहुंच सीमित करने पर काम चल रहा है। इसके साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि ऐसे वाहनों में लगे सिस्टम का कनेक्शन सर्विस फोन और अन्य डेटा कैरियर्स से किस तरह जुड़ता है। नए नियमों में यह भी शामिल हो सकता है कि सैन्य कर्मियों के मोबाइल फोन या अन्य डेटा डिवाइस का कनेक्शन ऐसे वाहनों के सिस्टम से पूरी तरह रोका जाए। ताकि किसी भी तरह की सूचना लीक की संभावना न रहे। इस समय पोलैंड में, जो नाटो और यूरोपियन यूनियन का सदस्य है, सैन्य ठिकानों में वाहनों को प्रवेश देने या रोकने का अधिकार वहां के कमांडरों के पास है।

# हॉट बम’ बना बांग्लादेश- बाहरी शक्तियों के दखल ने बढ़ाई चिंता, पाकिस्तान, चीन और अमेरिका ने गड़ाई निगाह

एजेंसी

**बांग्लादेश।** बांग्लादेश के अंदरुनी हालात लगातार भारत की चिंता बढ़ा रहे हैं। रणनीतिक, सुरक्षा और कूटनीतिक चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। वहां अगले महीने आम चुनाव प्रस्तावित हैं, लेकिन उससे पहले आंतरिक उथल-पुथल की आशंका को देखते हुए भारत ने बांग्लादेश को ‘नॉन फेमिली पोस्टिंग’ देश घोषित कर दिया। वहां से राजनयिकों के परिवार के सदस्यों को वापस बुला लिया है।

विदेश मंत्रालय के पूर्व अधिकारी का कहना है कि बांग्लादेश में सब सामान्य नहीं है। पूर्व सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक बांग्लादेश में विदेशी दखल बढ़ रहा है। वहां जेहादी तत्व मजबूत हो रहे हैं और ऐसे में आंतरिक उथल-पुथल या फिर किसी आतंकी हमले की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।



दिलचस्प घटनाक्रम यह भी है कि बांग्लादेश की क्रिकेट टीम ने भारत में टी-20 क्रिकेट विश्वकप खेलने से मना कर रही है। बांग्लादेश की टीम के निर्णय का पाकिस्तान ने समर्थन किया है। आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप-2026 भारत और श्रीलंका मिलकर आयोजित कर रहे हैं। ‘खेल में कूटनीति’की यह स्थिति भी तंग करने वाली है।

1971 में बांग्लादेश के उदय के साथ भारत का अच्छा पड़ोसी मित्र देश था। पिछले साल वहां प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद भारत के लिए चुनौतियां काफी बढ़ गईं। बांग्लादेश अब भारत के परंपरागत दुश्मन पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ समीकरण ठीक करने में जुट गया है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच में सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। माना जा रहा है कि जल्द ही दोनों देश रक्षा समझौते भी कर सकते हैं। चीन के साथ भारत का 1962 से सीमा विवाद है और चीन के साथ बांग्लादेश की अंतरिम युनुस सरकार से रिश्ते ठीक दिशा में बढ़ रहे हैं। चीन चटगांव के पास बंदरगाह विकसित करने की परियोजना पर निगाह गड़ाए है। सिलिगुड़ी क्षेत्र में चिकन नेक एरिया पर भी उसकी निगाह है। भारत ने इस चुनौती को देखते हुए हल्दिया के पास नौसैनिक अड्डा विकसित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। दक्षिण एशिया में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखने के लिए अमेरिकी एजेंसियों ने भी मौजूदगी बढ़ाई है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई, सेना के हुक्मरान और बांग्लादेश के बीच में संवाद बढ़ने की सूचना है।

ऐसे में रणनीतिक, सुरक्षा और कूटनीतिक कारणों से बांग्लादेश लगातार चिंता बढ़ा रहा है। विदेश मामलों के जानकार रंजीत कुमार और वायुसेना के पूर्व एयरवाइस मार्शल एनबी सिंह कहते हैं कि यह मसला ज्यादा जटिल होता जा रहा है। आने वाले समय में हमें पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश से लगती सीमा पर पूरी चौकसी बरतनी पड़ सकती है। ऐसा हुआ तो सैन्य खर्च में काफी बड़ी बढ़ोत्तरी हो जाएगी और सुरक्षा की चिंता भी बढ़ेगी। बांग्लादेश में कट्टरपंथी जमातों का बोलबाला बढ़ रहा है। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के अगस्त 2024 में बांग्लादेश छोड़ने और भारत में शरण लेने के बाद से हालात बहुत बिगड़े। कट्टरपंथी और जेहादी ताकतों के भारत विरोधी अभियान चलाने, अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर टारगेट करके हमला करने के मामले में बढ़ोत्तरी हुई है। माना जा रहा है कि जमात-ए-इस्लामी और भारत विरोधी खालिस्तान समर्थक संगठनों के बीच रिश्ते पनप रहे हैं।

# विश्वविद्यालय ने दी एनसीसी कैडेटों को एक बड़ी सौगात

- विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेटों के लिए अत्याधुनिक फायरिंग रेंज व ट्रेनिंग एरिया का उद्घाटन
- हाईटेक आब्स्टिकल ट्रेनिंग से कैडेटों को मिलेगा सशस्त्र सेवाओं तक पहुँचने का सुनहरा अवसर
- पूर्वांचल विश्वविद्यालय की फायरिंग रेंज कैडेटों के लिए पूरी तरह सुरक्षित- ग्रुप कमांडर वी के पंजियार
- एनसीसी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम: कुलपति प्रो. वंदना सिंह



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने एनसीसी कैडेटों को एक बड़ी सौगात दी है। बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. वंदना सिंह एवं एनसीसी ग्रुप कमांडर वी के पंजियार ने संयुक्त रूप से अत्याधुनिक आब्स्टिकल ट्रेनिंग एरिया एवं फायरिंग रेंज का फीता काटकर उद्घाटन किया।

उद्घाटन अवसर पर कैडेटों को संबोधित करते हुए एनसीसी ग्रुप कमांडर वी के पंजियार ने कहा कि विश्वविद्यालय में निर्मित फायरिंग रेंज पूरी तरह सुरक्षित एवं आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इससे कैडेटों को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा और वे अनुशासित, सक्षम एवं कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित होंगे।

उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय में निर्मित आब्स्टिकल ट्रेनिंग एरिया अत्याधुनिक (हाईटेक) है और यह अपने प्रकार का सबसे बड़ा प्रशिक्षण क्षेत्र है। यहाँ प्रशिक्षण लेने वाले कैडेट आगामी एनसीसी कैंपों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे तथा भविष्य में सशस्त्र सेवाओं में जाने के लिए उन्हें मजबूत आधार प्राप्त होगा।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। फायरिंग रेंज की शुरुआत इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ एनसीसी से जुड़कर एकता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को आत्मसात करेंगे।

विश्वविद्यालय परिसर में 98 यूपी बटालियन एनसीसी, जौनपुर के तत्वावधान में कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप-331 का आयोजन 15 जनवरी से 24 जनवरी तक किया जा रहा है। इस दौरान कैंप कमांडेंट कर्नल आलोक सिंह धर्मराज के नेतृत्व में ग्रुप कमांडर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा ड्रिल एवं परेड का प्रदर्शन किया गया।

ग्रुप कमांडर ने एमआई रूम, कमांडिंग ऑफिस, कार्यालय, आवासीय परिसर, भोजनालय सहित कैंप की सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कैंप के दौरान कैडेटों को डिस्टेंस जजिंग, ओ टी ट्रेनिंग, फायरिंग एवं मैप रीडिंग जैसी महत्वपूर्ण प्रशिक्षण गतिविधियाँ कराई जा रही हैं, जिनमें कैडेट उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। निरीक्षण के उपरांत कुलपति एवं एनसीसी ग्रुप कमांडर द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 5 यूपी कंपनी, जौनपुर के कमांडिंग ऑफिसर एवं कीर्ति चक्र से सम्मानित पुष्विंदर सिंह की विशेष उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव केश लाल, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. राजकुमार, मेजर आर.पी. सिंह, लेफ्टिनेंट जितेश सिंह, लेफ्टिनेंट चित्रसेन गुप्ता, कैप्टन विनय सरोज, फर्स्ट ऑफिसर विनोद मिश्र, सेकंड ऑफिसर इन्द्रेश, सूबेदार मेजर केपी सिंह, बीएचम राजीव कुमार, सूबेदार बलवीर, हवलदार तरविंदर, गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर रुचि यादव, विश्वविद्यालय के एनसीसी प्रभारी डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, उपकुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, सहायक कुलसचिव (एनसीसी) सरला देवी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एनएसएस छात्रों ने डिजिटल इण्डिया जागरूकता रैली निकाल किया जागरूक

**टूंडला।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद का सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन स्वयंसेवकों द्वारा चयनित ग्राम देवखेडा में डिजिटल इण्डिया जागरूकता अभियान के अन्तर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि सोनू परिहार ने हरी झंडी दिखाकर किया। स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न नारों जैसे आज के समय की यही पुकार ,डिजिटल शिक्षित हों परिवार। हम सब का है एक ही सपना, विकसित बने भारत देश अपना। डिजिटल इण्डिया, स्मार्ट इण्डिया। आदि व हस्तलिखित स्लोगन तख्तियों, के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक करने का कार्य किया गया। बौद्धिक सत्र में सोनू परिहार ने ग्रामीणों व स्वयंसेवकों को डिजिटल प्लेटफार्म की उपयोगिता के बारे में समझाते हुए प्रधानमन्त्री जी के 2047 विजन के बारे में अवगत कराया जिसके अनुसार भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं का डिजिटिलाइजेशन बहुत आवश्यक है।

# पुरानी रंजिश में युवक पर धारदार हथियार से हमला

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरूद्दीनपुर गांव में बुधवार की सुबह हुई एक दिल दहला देने वाली घटना में पुराने विवाद को लेकर पट्टीदारों ने एक युवक को घेर कर धारदार हथियार से मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया गया। तमंचा निकाल कर गोली मारने का भी प्रयास किया गया परंतु वीडियो बनता देखकर तमंचा निकालने वाला व्यक्ति वहां से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची गौराबादशाहपुर पुलिस ने घायल को उपचार हेतु सीएचसी चोरसंड भिजवाया जहां उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कबीरूद्दीनपुर निवासी आलोक राय और हर्ष राय का उसके पट्टीदार संजीव राय से भूमि को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। बुधवार को आलोक राय के घर कोई रिश्तेदार आया था जो जाते समय संजीव राय के घर की तरफ देखते हुए जा रहा था। यह बात संजीव राय को नागवार गुजरी तथा वह उस रिश्तेदार को बुलाकर देखने का कारण पूछने लगा। इस बात से खुन्नस खाये आलोक राय हर्ष राय और उसके घर की तीन-चार महिलाओं ने मिलकर संजीव राय को घेर कर उसे पर बुरी तरह से हमला बोल दिया तथा धारदार हथियार से दाहिने कंधे पर प्रहार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया, इसी दौरान आलोक राय के पक्ष की एक व्यक्ति ने तमंचा निकालकर फायरिंग का भी प्रयास किया परंतु किसी द्वारा वीडियो बनाया जाता देखकर वह तमंचे सहित वहां से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु सीएचसी चोरसंड भिजवाया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया आरोपियों के घर पकड़ का प्रयास किया जा रहा है। अभी मामले को लेकर कोई तहरीर नहीं मिली है। तमंचा निकाले जाने की सूचना मिली है परंतु फायरिंग की बात निराधार है।

## तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**आज़मगढ़।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत जनपद, आजमगढ़ संतोष कुमार यादव ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जय प्रकाश पाण्डेय जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 14 मार्च, 2026 को जनपद न्यायालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, आरबीट्रेशन वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। वादकारी अपने सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठा सकते है।

## पिछड़ा वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति के 4,056 आवेदन शीघ्र अग्रसारित करने के दिये गये निर्देश

**आज़मगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह ने बताया है कि शैक्षिक सत्र 2025-26 पिछड़ी जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति (डिग्री व अन्य कक्षायें) योजनान्तर्गत विद्यालय स्तर से डाटा अग्रसारण की कार्यवाही चल रही है, वर्तमान समय में 4056 छात्रवृत्ति आवेदन पत्र डाटा विद्यालय स्तर पर अग्रसारण हेतु लम्बित है, जबकि शासन द्वारा अग्रसारण की अन्तिम तिथि 27 जनवरी 2026 निर्धारित है। अन्तिम तिथि के समय सर्वर व्यस्त/धीमा हो सकता है। अगामी तिथियों में कई सार्वजनिक अवकाश भी निर्धारित है, ऐसे स्थिति में विद्यालय स्तर पर डाटा पेंडिग रखना उचित नहीं है। विद्यालय स्तर पर डाटा पेंडिग /लम्बित रहने पर शासन/उच्च अधिकारी द्वारा घोर अप्रसन्नता व्यक्त की जा रही है। उक्त सम्बन्ध में जनपद के समस्त दशमोत्तर कक्षाओं (डिग्री व अन्य कक्षायें) की शिक्षण संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि वह बिना अन्तिम तिथि प्रतीक्षा किये विद्यालय स्तर पर लम्बित सभी आवेदन पत्रों का नियमानुसार निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, किन्हीं भी परिस्थितियों में विद्यालय स्तर पर छात्रवृत्ति आवेदन पत्र डाटा लम्बित न रखा जाय। जिन पाठ्यक्रमों में गत वर्ष की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा अभी सम्पन्न नहीं हुई है, ऐसे पाठ्यक्रमों के छात्रवृत्ति डाटा विद्यालय स्तर से नियमानुसार निरस्त किये जाने है।

# 25 जनवरी को मनाया जाएगा 16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संबंध में बैठक की गई। बैठक में राष्ट्रीय मतदाता दिवस जनपद स्तर व तहसील स्तर पर वृहद रुप से मनाये जाने हेतु चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 25 जनवरी को 16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। सभी तहसील स्तर व समस्त मतदेय स्थलों पर कार्यक्रम होगा और मतदाता शपथ दिलाई जायेगी तथा नये युवा मतदाता को ईपिक कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम टी डी इन्टर कालेज में दिन में 11 बजे से आयोजित है। नगर के सभी इन्टर व डिग्री कालेज से छात्र छात्राएं अपने कालेज से मतदाता जागरूकता रैली लेकर बैनर के साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल टी डी इन्टर कालेज पहुंचेगे, जहाँ पर मतदाता जागरूकता विषय पर रंगोली, मेहंदी व पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित होगी, तथा विजेताओं व उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि माननीय निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूर्ण मनोयोग एंवम हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाए। बैठक में प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी लाल बहादुर, सह जिला विद्यालय निरीक्षक विवेक सिंह, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, वरिष्ठ सहायक महमूद अली, शिवकुमार, डॉ ब्रहम प्रकाश प्रधानाचार्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मधु उत्पादन व मौनवंश संवर्धन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गये

**आज़मगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि माह नवम्बर एवं दिसम्बर में लाही/ यूकेलिप्टस के फूलों के पराग एवं पुष्प रस की प्राप्ति से भौनवंश सशक्त हो जाते है एवं प्रदर्शन (मधु उत्पादक) मौनालय से मधु भी नवम्बर के अन्तिम सप्ताह से प्राप्त होने लगता है। काली/पीली सरसों में जनवरी के प्रथम सप्ताह में फूल खिलने लगते है, जिसका भरपूर लाभ लेने के लिए पहले से प्रक्षेत्र का चयन कर मौनवंशों का समय से माइग्रेशन कर, मधु एवं मौनवंश सम्बर्धन का पूर्ण लाभ प्राप्त करने का यह सर्वोत्तम समय है। उन्होने बताया कि माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2026 में मौनपालक स्थानाभाव होने पर यथा आवश्यक मौमी छत्ताधार मौनवंशों को सुलभ करा देना चाहिए तथा काली/ पीली सरसों में 10 प्रतिशत फूल खिल जाने पर मौनवंशों का माइग्रेशन अवश्य कर देना चाहिए। मौनगृहों पर सफेद पेन्टिंग करा कर इन पर लाल रंग से मौनालयवार मौनवंश संख्या अंकित की जाये। मौनगृह के तलपट एवं सम्बन्धित उपकरणों का पोटेशियम परमैगनेट/लाल दवा से माह में एक बार धुलाई करें।

# फुटबॉल टूर्नामेंट मे पटना ने कुशीनगर को 2-0 से हराया

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर/आज़मगढ़।** रेशमी नगरी मुबारकपुर स्पोर्टिंग ग्राउंड पर आयोजित अयाज़ अहमद ग्राफर मेमोरियल एक फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दिन का उद्घाटन मैच जिला पटना बिहार और ज़िला कुशीनगर की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में पटना की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुशीनगर को 2ङ्क0 से पराजित कर टूर्नामेंट में विजयी हुई।

मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना और जुझारू पन का परिचय दिया। कुशीनगर की टीम ने भी कड़ा मुकाबला पेश किया, लेकिन पटना के खिलाड़ियों की सटीक रणनीति और आक्रामक खेल के आगे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट का उद्घाटन अपर आयुक्त शमशाद हुसैन एवं मुख्य अतिथि एमएलसी शाह आलम (गुड्डू जमाली) ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी शशिमोली पांडे तथा चौकी प्रभारी मुरारी मिश्रा भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए अपर आयुक्त शमशाद हुसैन ने कहा खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। आज के दौर में खेल के साथ-साथ शिक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। दोनों के संतुलन से ही एक बेहतर समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर सभासद अरशद जमाल, विद्यासागर, अमीन अहमद, वकार अहमद सभासासद, बशीर अहमद फैजान एडवोकेट मोहम्मद शाहिद, मसलहुद्दीन, मास्टर सिराज अहमद सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## किसान दिवस का आयोजन, पशुपालन एवं मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के निर्देश



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों की समस्याओं एवं कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पशुपालन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे खेती के साथ-साथ पशुपालन को भी अपनाएं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।उन्होंने अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि मधुमक्खी पालन के संबंध में किसानों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। साथ ही मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने हेतु किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं आवश्यक संसाधनों की हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि के साथ सहायक व्यवसायों को अपनाकर किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। जिलाधिकारी के द्वारा किसानों को समन्वित खेती करने पर बल दिया गया। इसके साथ ही जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि उद्यान विभाग के द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि वी बी द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह, डिप्टी पीडी आत्मा डॉ0 रमेश चंद्र यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री का आगमन आज

**आज़मगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन राहुल विश्वकर्मा ने बताया है कि केशव प्रसाद मौर्य उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का दिनांक 22 जनवरी 2026 (गुरुवार) को कलेक्ट्रेट परिसर, हरिऔध कला केन्द्र व थाना सिधारी क्षेत्रान्तर्गत रामजानकी मैदान शाहगढ़, जनपद आजमगढ़ में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। जनपद में धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 पूर्व से ही प्रवृत्त है। केशव प्रसाद मौर्य उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का जनपद आजमगढ़ में भ्रमण के दौरान दिनांक 22 जनवरी 2026 (गुरुवार) को कार्यक्रम स्थल कलेक्ट्रेट परिसर, हरिऔध कला केन्द्र व थाना सिधारी क्षेत्रान्तर्गत रामजानकी मैदान शाहगढ़ जनपद आजमगढ़ को नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है तथा कार्यक्रम स्थल से 5 किमी0 की परिधि में सभी प्रकार के ड्रोन उड़ान/संचालन पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

## अधिकारियों संग की गई बैठक

**आज़मगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में दिनांक 24-26 जनवरी की अवधि में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को समारोहपूर्वक आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना 24 जनवरी 1950 को हुई थी तथा इसी दिन प्रदेश का नाम संयुक्त प्रान्त से बदल कर उत्तर प्रदेश रखा गया था। उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना की ऐतिहासिक स्मृति को चिरस्थाई बनाने तथा प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं विकासात्मक उपलब्धियों को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वर्ष-2018 से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस को त्रिदिवसीय (24-26 जनवरी के मध्य) आयोजन के माध्यम से सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा व्यापक जनसहभागिता के साथ मनाया जाता रहा है।

# सिविल सर्विसेज के गेंदबाजों को प्रशिक्षण देंगे आजमगढ़ के सत्येंद्र, हर्ष

**अवधनामा संवाददाता**



**आज़मगढ़।** आजमगढ़ की माटी के लाल सब रजिस्ट्रार सत्येंद्र कुमार यादव ने एक बार फिर से जनपद के नाम को गौरवांवित किया है, इस बार उन्हें उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज पुरुष क्रिकेट टीम में गेंदबाजी प्रशिक्षण की जिम्मेदारी मिली है वह अब अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने वाले यूपी टीम के खिलाड़ियों को गेंदबाजी का गुर सिखायेंगे। बताते चले कि अम्बेडकर नगर में सब रजिस्ट्रार के रूप में अपनी सेवा दे रहे सत्येंद्र कुमार यादव आजमगढ़ जनपद के फूलपुर तहसील के पवई ब्लॉक अंतर्गत ग्राम इटकोहिया के निवासी है। बचपन से ही क्रिकेट में रूचि रखने वाले सत्येंद्र यादव सिविल सर्विसेज में आने के बाद भी खेल में रूचि बनाये रखा। इसी रूचि और लगन के दम पर सत्येंद्र कुमार यादव पूर्व में उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज क्रिकेट टीम की ओर से खिलाड़ी के रूप में भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर चुके हैं। उनके अनुभव, अनुशासन और तकनीकी दक्षता से टीम को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई जा रही है। इसी को देखते हुए खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, खेल भवन, लखनऊ द्वारा जारी आदेश में सत्येंद्र कुमार यादव को वर्ष 2025-26 की अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। यह अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 17 से 26 फरवरी 2026 तक दिल्ली के कई नामी ग्राउंड पर सम्पन्न होगा। सभी के प्रति आभार जताते हुए सब रजिस्ट्रार सत्येंद्र कुमार यादव ने कहाकि कोई भी कितना व्यस्त रहे या किसी भी ओहदे पर चला जाए लेकिन उसे अपने मन मस्तिष्क को स्वस्थ्य रखने के लिए हमेशा किसी भी खेल से जुड़ा रहना चाहिए। खेल के माध्यम से हम अपने पेशेवर जीवन में भी ऊर्जावान रहते है साथ ही अपने देश, प्रदेश, जिले, गांव के भी नाम को रोशन कर सकते है। बधाई देने वालों में डा विनय सिंह, सुभाष चन्द यादव, डा रामजी वर्मा, डा बृजेश प्रजापति, गिरीश चतुर्वेदी, महेन्द्र मृदुल, पवन गौतम, विद्या सागर पटेल,नवल किशोर सहित पूरे प्रदेश से बधाईयां मिल रही है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण पर राजनीतिक दलों संग बैठक

**मैनपुरी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के आलेख्य प्रकाशन के सम्बन्ध में आयुक्त आगरा मंडल आगरा, रोल प्रेक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह दि. 22 जनवरी को अपरान्ह 04 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक करेंगे। उन्होने अध्यक्ष, मंत्री, समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा है कि वह समय से बैठक में प्रतिभाग करें। उन्होने बताया कि राजनैतिक दलों के साथ बैठक के उपरांत रोल प्रेक्षक द्वारा प्राप्त दावे, आपत्तियों के निस्तारण, जारी किए गए नोटिस आदि कार्यो के सम्बन्ध में अपरान्ह 05 बजे आर.ओ., ए.आर.ओ. के साथ समीक्षा करेंगे। उन्होने उप जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मैनपुरी, भोगांव, किशनी एवं करहल से कहा कि पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त 6, 7, 8 फॉर्मो एवं नोटिसों की बूथवार सूचना तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान बी.एल.ओ. द्वारा गणना प्रपत्रों पर मतदाताओं के फोटो व मोबाइल नम्बर अंकित नहीं गए हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से तैयार कर लिए जाए।

## राजभर समाज के युवाओं के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

**आजमगढ़।** प्रवक्ता समाजवादी पार्टी अशोक यादव ने अपने जारी एक बयान में बताता कि कल आजमगढ़ में किसी कार्यक्रम के दौरान ओमप्रकाश राजभर ने राजभर समाज के युवाओं के हाथों में लाठियों का वितरण किया। राजभर समाज भी पीडीए वर्ग का एक हिस्सा है और पीडीए वर्ग यह पूछता है कि ओम प्रकाश राजभर जी एक तरफ आप अपने दोनों बेटों के हाथों में लोकसभा और विधानसभा का टिकट वितरण कर उनके भविष्य को सुनहरा बनाने का काम कर रहे हैं।

## आम सूचना

मैं शिव चरण पुत्र धन्नू नि.ग्राम सोना अर्जुनपुर थाना नानौता ज़ि. सहारनपुर ने अपने पुत्र अमित पुत्र वधु श्रीमती कविता पत्नी अमित नि.ग्राम सोना अर्जुनपुर थाना नानौता सहारनपुर के प्रति दिन के लड़ाई झगड़े एवं उनके गलत व्यवहार/आचरण से तंग होकर दोनों से सभी सम्बन्ध विच्छेद कर उक्त दोनों को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदख़ल कर दिया है।

# श्रीदेवी मेला व ग्राम सुधार प्रदर्शनी 18 मार्च से

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** श्रीदेवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी का पूजन 11 मार्च को शीतला देवी मंदिर पर पूजन एवं हवन के साथ वैदिक रीति-रिवाज से होगा, प्रदर्शनी, मेले का उद्घाटन 18 मार्च को होगा एवं प्रदर्शनी का समापन 17 अप्रैल को होगा, इस अवधि में देवी जागरण, संगीत संध्या, भंजन संध्या, पत्रकार सम्मेलन, शाम-ए-गजल, राष्ट्रीय एकता सम्मेलन, विराट दंगल, स्थानीय बच्चों के कार्यक्रम, कवि सम्मेलन एवं मुशायरा, महिला एवं मातृ शिशु कल्याण कार्यक्रम, विधि सम्मेलन, पंच सम्मेलन, एक शाम राष्ट्र के नाम, एक शाम कन्हैया के नाम, शाम-ए गजल, लोक गीत एवं लोक नृत्य आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। अध्यक्ष प्रदर्शनी, जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने श्रीदेवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी की वृहद सभा की बैठक में सर्वसम्मति से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संयोजकों का चयन किया साथ ही लॉटरी के माध्यम से कार्यकारिणी के 07 सदस्यों का चयन भी किया। शतचण्डी महायज्ञ एवं देवी पूजन हेतु सुरेश चन्द्र वंसल वीनू, उद्घाटन के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु उमाशंकर शुक्ला, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राष्ट्रीय एकता सम्मेलन एवं महाराजा तेज सिंह के जीवन पर आधारित कार्यक्रम हेतु मनोरमा दास, अपना दिवस हेतु राघव पचौरी, कवि सम्मेलन हेतु आलोक गुप्ता, लोकगीत एवं लोक नृत्य हेतु आशुतोष तिवारी, स्काउट एवं गाइड सम्मेलन हेतु जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, महिला सम्मेलन एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम हेतु आराधना गुप्ता, विराट दंगल हेतु श्रीकृष्ण यादव पहलवान, पत्रकार सम्मेलन हेतु अंकित शुक्ला, शाम-ऐ-गजल हेतु शम्सुद्दीन वारसी, कब्बाली हेतु शफी मंसूरी, श्रीदेवी जागरण हेतु के.के. मिश्रा, संगीत सम्मेलन हेतु सुमित पाण्डेय, स्थानीय बच्चों के कार्यक्रम हेतु रॉबिन तिवारी, सिविल पेंशनर्स सम्मेलन हेतु आर.सी. पाण्डेय, भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन हेतु सैनिक कल्याण अधिकारी को संयोजक चुना गया। मुशायरा हेतु शाहनवाज, भजन संध्या हेतु आशीष धूसिया, एक शाम राष्ट्र के नाम हेतु एस. साराबाई, विधि सम्मेलन हेतु संजीत गौड एड., एक शाम कन्हैया के नाम हेतु राहुल दुबे, एक शाम शिव बाबा के नाम हेतु प्रेम बाबू अम्बेश, योग शिविर हेतु डा. चन्द्रमोहन एवं आतिशबाजी हेतु हेमंत चांदना, मुजम्मिल मिर्जा, स्मारिका विमोचन हेतु प्रशांत मिश्रा को सर्वसम्मति से संयोजक चुना गया। जिलाधिकारी ने लॉटरी के माध्यम से कार्यकारिणी के 07 सदस्यों का चयन लॉटरी पद्धति द्वारा किया, जिसमें अजय सागर, अनिल कुमार शर्मा, अनुपम चतुर्वेदी, शाकिर अली, सत्य नारायण गुप्ता, घनश्याम दास गुप्ता, डा. नीरू बाला जैन कार्यकारिणी के सदस्य चुने गये। बृहद सभा की बैठक में जिलाधिकारी ने गत् वर्ष हुए आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित आय रू. 97 लाख 50 हजार के सापेक्ष रू. 01 करोड़ 02 लाख 21 हजार की आय हुयी, वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित व्यय रू. 47 लाख 63 हजार के सापेक्ष रू. 52 लाख 76 हजार की धनराशि व्यय हुई।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम कैलाशकुमार शंकर विश्वकर्मा था। जिसको बदलकर कैलाश विश्वकर्मा रख लिया है। अब मुझे कैलाश विश्वकर्मा के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**कैलाश विश्वकर्मा**
पुत्र विश्वकर्मा शंकर धन्नू ग्राम बगहीडाड़ पोस्ट-बनकट थाना मुबारकपुर जिला-आजमगढ़

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के शैक्षिक प्रमाण पत्र में नाम अभिसुमंत वर्मा है। जबकि आधार कार्ड में प्रियांशू वर्मा हो गया है। अब मेरे पुत्र को अभिसुमंत वर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाय।

**संजय कुमार वर्मा पुत्र चन्द्रभान वर्मा**
निवासी-ग्राम- हंसखोरी महुअवा, पोस्ट-महुअवा शुकुल, थाना-पनियरा, जिला-महराजगंज, उ. प्र., पिन नम्बर-273158

# तालाब से मछली चोरी कर बेचने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** थाना- बरदह पूर्व की घटना/इतिहास दिनांक 19.01.25 को वादिनी मुकदमा चन्दन कश्यप ड्ड/हृपवन कश्यप ग्राम पसिका थाना बरदह जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना कि मेरे पति के नाम से ग्रा0पसिका में एक पोखरी मतस्य पालन हेतु आवन्टित हुयी है । जिसमे मछली पाली गयी है । मेरे पति वाहर रहते है । पोखरी के देख-रेख के लिए गाव के ही देवदत्त राय स्/हृ स्व माता प्रसाद राय को जिम्मेदारी दिया गया है । दि0 18.01.26 कि भोर में समय लगभग समय 2.30 बजे मेरे ही गाव के अजय सरोज पुत्र नन्दलाल सरोज व सुरज सरोज पुत्र विनोद सरोज द्वारा जाल लगा कर मछली निकाल रहे थे । इनके द्वारा पूर्व में भी मेरी मछ्लीयाँ चोरी की गयी थी । इन लोगो कि मछली मारने कि सिकायत काफी दिनो से थी । उक्त सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 24/26 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। घटना का अनावरण- दिनांक 20.01.26 को उ0नि0 पुनीत कुमार श्रीवास्तव मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्तों 1. अजय सरोज पुत्र नन्दलाल सरोज 2. सुरज सरोज पुत्र विनोद सरोज ग्राम पसिका थाना बरदह जनपद आजमगढ़ को मछली पकड़ने वाली जाल व 01 हजार रू/- नकदी के साथ समय 04.50 बजे ग्राम बकेश से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त 1-अजय सरोज पुत्र नन्दलाल सरोज ग्राम पसिका थाना बरदह जनपद आजमगढ़, 2. सुरज सरोज पुत्र विनोद सरोज ग्राम पसिका थाना बरदह जनपद आजमगढ़, बरामदगी का विवरण 1. मछ्ली पकडने की जाल (अभि0 सूरज के कब्जे से) 2. नगद एक हजार दस रुपये (अभियुक्त अजय सरोज के कब्जे से) आपराधिक इतिहास- 1. अजय सरोज पुत्र नन्दलाल सरोज ग्राम पसिका थाना बरदह जनपद आजमगढ़, मु0अ0सं0 24/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस । 2. सुरज सरोज पुत्र विनोद सरोज ग्राम पसिका थाना बरदह जनपद आजमगढ़, मु0अ0सं0 24/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस । गिरफ्तारी करने वाली टीम -1. उ0नि0पुनीत कुमार श्रीवास्तव थाना बरदह जनपद आजमगढ़ 2. हे0का नागेन्द्र पटेल थाना बरदह जनपद आजमगढ़3. का0 दुर्गेश राय थाना बरदह जनपद आजमगढ़ थे।

# जोमैटो की पैरेंट कंपनी इटरनल में बड़ा बदलाव दीपेंद्र गोयल ने छोड़ी सीईओ की कुर्सी, अब इन्हें कमान

**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स सेक्टर की दिग्गज कंपनी ज़ोमैटो और ब्लिंकिट की पैरेंट कंपनी इटरनल के शीर्ष नेतृत्व में एक बड़ा फेरबदल हुआ है। कंपनी के संस्थापक दीपेंद्र गोयल ने इटरनल के सीईओ पद से इस्तीफा दे दिया है। स्टॉक एक्सचेंजों को दी गई जानकारी के मुताबिक, ब्लिंकिट के संस्थापक अलबिंदर ढींडसा को गोयल का उत्तराधिकारी नामित किया गया है। यह नेतृत्व परिवर्तन 1 फरवरी से प्रभावी होगा। अलबिंदर ढींडसा अब ग्रुप सीईओ के रूप में कार्यभार संभालेंगे और कंपनी के दिन-प्रतिदिन के कामकाज का नेतृत्व करेंगे।

जोमैटो और ब्लिंकइट ब्रांडों की मालिक खाद्य वितरण और त्वरित वाणिज्य कंपनी एटर्नल ने बुधवार को वित्त वर्ष 2026 की दिसंबर तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में 72.88 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 102 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। पिछले वर्ष की इसी अवधि में कंपनी ने 59 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था।

कंपनी के बोर्ड ने दीपेंद्र गोयल के




निदेशक, प्रबंध निदेशक और सीईओ पद से 1 फरवरी से प्रभावी इस्तीफे को भी मंजूरी दे दी और शेयरधारकों की मंजूरी मिलने पर पांच साल के कार्यकाल के लिए उन्हें बोर्ड में उपाध्यक्ष और निदेशक के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की।

दीपेंद्र गोयल ने अपने इस्तीफे का कारण बताते हुए शेयरधारकों को एक पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि उनका रुझान अब नए विचारों और प्रयोगों की ओर बढ़ रहा है, जिनमें जोखिम की मात्रा काफी अधिक है।

गोयल ने कहा, ÷हाल ही में, मैंने खुद को नए विचारों के एक सेट की ओर आकर्षित पाया है जिसमें काफी उच्च-जोखिम वाले शोध और प्रयोग शामिल हैं। ये उस तरह के विचार हैं जिन्हें इटरनल जैसी पब्लिक कंपनी के बाहर बेहतर तरीके से आगे बढ़ाया जा सकता है÷।

**अलबिंदर ढींडसा पर जताया भरोसा**

नेतृत्व सौंपते हुए गोयल ने अलबिंदर ढींडसा की क्षमताओं पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि ढींडसा अब दिन-प्रतिदिन के निष्पादन, परिचालन प्राथमिकताओं और व्यावसायिक निर्णयों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

गोयल ने ब्लिंकिट के अधिग्रहण से लेकर उसके ब्रेक-ईवन तक पहुंचने के सफर का हवाला देते हुए कहा कि ढींडसा इटरनल का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। इस बदलाव के तहत, गोयल के सभी अनवेस्टेड स्टॉक ऑप्शंस वापस कर्मचारी स्टॉक ऑप्शन पूल में चले जाएंगे।

गोयल अब कहां करेंगे फोकस?

दीपेंद्र गोयल इटरनल से हटने के बाद अपने निजी रिसर्च वेंचर्स और डीप-टेक स्टार्टअप्स पर ध्यान केंद्रित करेंगे। पिछले एक साल में उन्होंने कई नए क्षेत्रों में कदम रखा है-

एलएटी एयरोस्पेसः गोयल ने पूर्व ज़ोमैटो सीओओ सुरभि दास द्वारा स्थापित इस स्टार्टअप में 20 मिलियन डॉलर का निवेश किया है।

कंटीन्यूः यह एक हेल्थ और वेलनेस वेंचर है, जिसका उद्देश्य मानव जीवनकाल को बढ़ाने पर शोध करना है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई कुशाक पेश की




**लखनऊ।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई कुशाक पेश की है, जो वैल्यू, सेफ्टी, डायनामिक्स को नए सिरे से परिभाषित करती है और यूरोपियन टेक्नोलॉजी को डेमोक्रेटाइज़ करने की अपनी स्ट्रैटेजी को आगे बढ़ाती है। कुशाक इंडिया 2.0 स्ट्रैटेजी के तहत ब्रांड की पहली कार है और इसने भारत में कंपनी की ग्रोथ में तेज़ी लाई है। सेगमेंट-फर्स्ट टेक्नोलॉजी जैसे बिल्कुल नए आठ-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन, रियर सीट मसाज फंक्शन, और कई नए फीचर्स और स्टैंडर्ड इक्विपमेंट के साथ, नई कुशाक, स्कोडा ऑटो इंडिया की यूरोपियन इंजीनियरिंग को भारतीय सड़कों पर और ज़्यादा आसान बनाने की स्ट्रैटेजी को फॉलो करती है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, स्कोडा में हमारा मिशन यूरोपियन टेक्नोलॉजी को सबके लिए उपलब्ध कराना और इसे पूरे भारत में कस्टमर्स के लिए ज़्यादा आसान बनाना है। आज, शहरों और इलाकों के बीच की सीमाएं धुंधली हो रही हैं, और उम्मीदें मिल रही हैं। हम इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए ऐसे प्रोडक्ट लॉन्च कर रहे हैं जो इन बदलती कस्टमर पसंद को पूरा करते हैं। आज नई कुशाक के प्रीमियर के साथ, हम अपने पोर्टफोलियो में 'रियल ऑटोमैटिक्स' की क्लास-लीडिंग रेंज रखने की अपनी विरासत को और आगे बढ़ा रहे हैं, जो एक ऐसी एसयूवी दे रही है जिसमें स्टैंडर्ड तौर पर सबसे ज़रूरी सेफ्टी, कम्फर्ट, डिज़ाइन और सुविधा वाले फीचर्स हैं, जो हमारी प्रूवन यूरोपियन इंजीनियरिंग की वजह से हैं। हम लगातार अपने कस्टमर्स की बात सुन रहे हैं, और नई कुशाक हमारे पोर्टफोलियो को मॉडर्न और हमारे बढ़ते स्कोडा परिवार के लिए रेलिवेंट बनाए रखने की दिशा में एक और कदम है। स्कोडा ऑटो के सीईओ क्लॉस ज़ेल्मर ने कहा, नए रूप में आया कुशाक भारत के महत्व को और मज़बूती से रेखांकित करता है, जो स्कोडा ऑटो की अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में विस्तार रणनीति के लिए एक अहम आधार है। कुशाक ने भारत में ग्राहकों के बीच तेज़ी से अपनी पहचान बनाई है और आसियान व मध्य पूर्व के लिए एक निर्यात मॉडल के रूप में भी खुद को स्थापित किया है।

## टाटा एआईए लाइफ ने प्रीमियम ऑफसेट और गारंटीशुदा आय विकल्प के साथ दीर्घकालिक बचत को बनाया आसान

**मुंबई।** भविष्य के लिए बचत सभी करना चाहते हैं लेकिन दीर्घकालिक बचत योजना को बरकरार रखने अक्सर मुश्किल हो सकता है। बढ़ते घरेलू खर्च, बदलती प्राथमिकताएं, और साल-दर-साल प्रीमियम भुगतान के दबाव कारण दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को बनाए रखना मुश्किल लग सकता है। ऐसे में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने बचत को आसान और अपेक्षाकृत अधिक किफायती बनाने के लिए, अपनी दीर्घकालिक बचत योजना, फॉर्च्यून गारंटी सुप्रीम, को ऐसी विशिष्टताओं के साथ बेहतर बनाया है जो गारंटीशुदा रिटर्न प्रदान कर वित्तीय बोझ कम करते हैं।

**'प्रीमियम ऑफसेट' फीचर के साथ बचत की ज़िम्मेदारी बांटना**

इस बदलाव का मुख्य तत्व है, टाटा एआईए का अनोखा 'प्रीमियम ऑफसेट' विकल्प। इस फीचर के तहत, ग्राहक 12 साल की प्रीमियम भुगतान अवधि के पहले छह साल के लिए ही प्रीमियम देते हैं, और बाकी छह प्रीमियम के लिए, वे टाटा एआईए द्वारा दिए जाने वाले आय लाभ (इनकम बेनिफिट) से चुकाने (ऑफसेट) का विकल्प चुन सकते हैं। यह ऑफसेट ढांचा ग्राहकों को पूरी अवधि के दौरान प्रीमियम प्रदान करने के दबाव के बिना दीर्घकालिक स्तर पर निवेश में बने रहने में मदद करता है। यह योजना जेब से होने वाले खर्च को कम कर बचत के आड़े आने वाली बाधाओं को कम करती है, खास तौर पर तब जबकि लागत और कर (टैक्स) के कारण दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को बरकरार रखना मुश्किल लग सकता है। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के प्रमुख- उत्पाद, विपणन, कॉर्पोरेट संचार एवं बिज़नेस मिड ऑफिस, सुजीत कोठारे ने इस बदलाव पर अपनी टिप्पणी में कहा-

कई उपभोक्ता दीर्घकालिक स्तर पर बचत करना चाहते हैं लेकिन हिचकिचाते हैं क्योंकि इसके लिए निवेश करते रखना अक्सर बोझ बन जाता है, विशेष रूप से बढ़ती लागत और कर के मद्देनज़र। ऐसे में हम सुदृढ़ फॉर्च्यून गारंटी सुप्रीम के साथ अपने ग्राहकों के साथ बचत की ज़िम्मेदारी अपने साथ बांट कर इसे आसान बना रहे हैं। प्रीमियम ऑफसेट विकल्प को गारंटीशुदा आय के प्रावधान और अनुशासित बचत को समय के साथ सरल, विश्वसनीय और निवेश बनाए रखने में आसानी के लिए तैयार किया गया है।

**'पावर ऑफ 6' के साथ स्पष्टता, निश्चितता और आत्मविश्वास**

फॉर्च्यून गारंटी सुप्रीम योजना ग्राहकों को पॉलिसी के नियमों और शर्तों के मुताबिक, 6त्न से अधिक के आकर्षक आंतरिक प्रतिफल दर (आईआरआर) के साथ गारंटीशुदा आय और अन्य गारंटीशुदा लाभ हासिल करने का विकल्प भी प्रदान करती है। 'पावर ऑफ 6' के नाम से जानी जाने वाली विशिष्टता, उन लोगों के लिए उपयोगी है जो भविष्य में निश्चितता और नियमित आय चाहते हैं - चाहे वह सेवानिवृत्ति के बाद की ज़रूरतों और दीर्घकालिक पारिवारिक लक्ष्यों के लिए हो या जीवन के बाद के चरणों में वित्तीय स्थिरता के लिए हो।

पावर ऑफ 6 वेरिएंट ग्राहकों को 6% आईआरआर की आकर्षक गारंटी देकर भरोसेमंद दीर्घकालिक समाधानों पर कंपनी के फोकस को बढ़ाता है। बच्चों की शिक्षा, सेवानिवृत्ति और आय सुरक्षा जैसे जीवन लक्ष्यों की योजना बनाने वाले व्यक्तियों के लिए तैयार यह योजना वित्तीय नियोजन में अधिक आत्मविश्वास प्रदान करने के लिए सुनिश्चित लाभ को जीवन बीमा सुरक्षा के साथ जोड़ती है।

**दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए तैयार**

फॉर्च्यून गारंटी सुप्रीम व्यक्तिगत, गैर-लिंक्ड, गैर भागीदारी वाली जीवन बीमा बचत योजना के रूप में, पॉलिसी अवधि के दौरान जीवन सुरक्षा के साथ गारंटीशुदा लाभ प्रदान करती है और अप्रत्याशित परिस्थितियों में भी निरंतरता और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती है। पात्र प्रीमियम को धारा 80सी के तहत कर लाभ मिलता है, जबकि परिपक्वता और बीमित व्यक्ति की मृत्यु के बाद मिलने वाले लाभ आयकर अधिनियम की धारा 10(10डी) के तहत मौजूदा कर कानूनों के अधीन कर मुक्त है।

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस इन बदलावों के साथ उपभोक्ताओं को झिझक और लागत से संबंधित चिंता के बगैर आगे बढ़ने में मदद करना चाहती है - ताकि उन्हें अधिक आसानी, आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ दीर्घकालिक बचत के सशक्त बनाया जा सके।

## 1.60 लाख के करीब सोना और 3.34 लाख पार चांदी




**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में आज एक ऐसा ऐतिहासिक मोड़ आया जिसने निवेशकों और आम आदमी, दोनों को हैरत में डाल दिया है। अंतरराष्ट्रीय दबाव और भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच, सोने की कीमतें 1.60 लाख प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर को छूने के लिए बेताब हैं, वहीं चांदी ने 3.34 लाख प्रति किलो का सर्वकालिक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भू-राजनीतिक तनाव और रुपये की कमजोरी के चलते निवेशकों का रुझान तेजी से बुलियन की ओर बढ़ा है, जिससे कीमतों में यह अभूतपूर्व उछाल आया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी के अनुसार, घरेलू बाजार में टाइट सप्लाई और मजबूत निवेश मांग के कारण कीमतें अंतरराष्ट्रीय दरों की तुलना में अधिक तेज हैं। इसके अलावा, कमजोर रुपया भी आग में घी का काम कर रहा है। रुपया भी रुपया 91.69 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर है। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक प्रवीण सिंह बताते हैं कि ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच तनाव बढ़ गया है। इसके साथ ही राजकोषीय और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं ने भी सोने की कीमतों को हवा दी है। ऑगमोंट की हेड-रिसर्च रेनीषा चेनानी के मुताबिक, निवेशक दावोस की घटनाओं पर नजर गड़ाए हुए हैं, जहां डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ का मुद्दा उठाने की आशंका है। प्रमुख शक्तियों के बीच बढ़ रहे रिसोर्स नेशनलिज्म और नाटो सहयोगियों के प्रति अमेरिकी रुख ने वैश्विक बाजारों को अस्थिर कर दिया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी पैनिक बाइंग देखी जा रही है। जानकारों के

# रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ ने युवाओं में हृदय संबंधित बीमारियों के बढ़ते खतरे के बारे में व्यक्त की चिंता



**लखनऊ।** पहले माना जाता था कि हृदय संबंधित बीमारियां केवल बुजुर्गों में होती हैं लेकिन अब युवाओं में भी यह तेज गति से बढ़ रही है जोकि एक चिंताजनक बात है। पूरे भारत में मेडिकल डाटा और हॉस्पिटल ट्रेंड यह दर्शाते हैं कि आज लगभग 25त्न हार्ट अटैक के केस जो देश में रिपोर्ट किए जाते हैं वह 40 साल से कम उम्र के लोगों में होते हैं। कार्डियक इमरजेंसी में बढ़ता नंबर अब उम्र के दूसरे दशक के आखिरी में और तीसरे दशक के शुरुआती में भी देखा जा रहा है।

रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ के डॉक्टरों ने चेताया है कि कार्डिएक केस में यह बढ़ोतरी अचानक नहीं हुई है बल्कि पिछले कई सालों से धीरे-धीरे यह बढ़ रही है और अक्सर यह लाइफस्टाइल में बदलाव के वजह से होता है। आजकल के भारतीय युवाओं की ज़िंदगी बहुत तेज़ गति से चलती है जैसे कि डिमांडिंग जॉब, स्क्रीन पर ज़्यादा समय बिताना, नींद का अनियमित होना, रेडी-टू-ईट खाना और लगातार मानसिक दबाव रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बन गए हैं। इसके अलावा हाइपरटेंशन, डायबिटीज, मोटापा और हाई कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ रहा हैं। ये बीमारियां पहले की तुलना में बहुत कम उम्र में हो रही हैं। धूम्रपान, शराब पीना, एक्सरसाइज़ की कमी और खराब स्ट्रेस मैनेजमेंट हृदय की बीमारियों के खतरे को और बढ़ा देते हैं।

आनुवांशिक कारक भी इन बीमारियों को बढ़ाने में योगदान देते हैं। भारतीय और दक्षिण एशियाई के लोगों में हृदय की बीमारियां पश्चिमी देशों के लोगों की तुलना में समय से पहले हो रही हैं। इसका अर्थ है कि अगर लाइफस्टाइल बदलाव में अनदेखी की जाए तो इस तरह के खतरे बहुत जल्दी और तेज गति से बढ़ते हैं।

सबसे चिंताजनक जो बात है वह यह है कि कई युवाओं में हार्ट अटैक %साइलेंट% होता है या बहुत आसानी से कोई अन्य सामान्य परेशानी मान लिया जाता है। बिना किसी वजह के थकान, सांस फूलना, सीने में हल्का दबाव, चक्कर आना, या जबड़े, पीठ या कंधे में दर्द जैसे लक्षणों को अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। जब तक मेडिकल मदद ली जाती है, तब तक नुकसान काफी हो चुका होता है।

दुनिया भर की चिंता को बढ़ाते हुए वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन का कहना है कि दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में हर मिनट कार्डियोवस्कुलर बीमारियों से लोगों की जान जाती है, और इनमें से लगभग आधी मौतें 70 साल से कम उम्र के लोगों में समय से पहले हो जाती हैं। वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन ने एक ज़रूरी बात कही है कि इनमें से लगभग 80त्न समय से पहले होने वाली मौतों को दअरसल रोका जा सकता है। जागरूकता, समय पर स्क्रीनिंग और लाइफस्टाइल में बदलाव न सिर्फ मददगार होता है बल्कि जान बचाने में भी महत्वपूर्ण होता है।

इस बढ़ते ट्रेंड के बारे में बात करते हुए रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ के सीनियर कंसल्टेंट, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. हर्षित गुप्ता ने कहा, पिछले कुछ सालों में हमने देखा है कि कार्डिएक के मरीजों की उम्र का दायरा आश्चर्यजनक रूप से बदला है।

# जागरुकता बुनी जिंदगी में: संजीवनी ने 'पिंक टैग प्रोजेक्ट' शुरु करके रोजमर्रा की पलों को जीवन रक्षक संदेश में बदली

### संजीवनी यूनाइटेड अगेंस्ट कैंसर के तीसरे संस्करण में द पिंक टैग प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया



**मुंबई।** फेडरल बैंक हॉरमिस मेमोरियल फाउंडेशन, न्यूज18 नेटवर्क और नॉलेज पार्टनर टाटा ट्रस्ट्स द्वारा शुरू की गई परिवर्तनकारी पहल संजीवनी यूनाइटेड अगेंस्ट कैंसर के तीसरे संस्करण में द पिंक टैग प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया है। यह एक अनोखी और असरदार व्यवहार परिवर्तन पहल है, जो महिलाओं तक उनके सबसे निजी और व्यक्तिगत पलों में पहुंचती है और उन्हें यह याद दिलाती है कि अपनी देखभाल कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा लिए जरूरी है।

**एक चेतावनी देने वाला सच**

भारत में हर चार मिनट में एक महिला को स्तन कैंसर का निदान होता है। हर आठ मिनट में एक महिला इस बीमारी के कारण अपनी जान गंवा देती है। छोटे शहरों और गांवों में, जहां जानकारी की कमी है और सामाजिक झिझक ज्यादा है, वहां स्तन स्वास्थ्य पर बातचीत लगभग नहीं होती। महिलाएं शायद ही कभी अपने लिए समय निकाल पाती हैं। घर के काम, रोजगार और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच उनका खुद का स्वास्थ्य पीछे छूट जाता है। जब तक कोई गंभीर संकट सामने नहीं आता, तब तक उनकी सेहत अनदेखी, टाली हुई और भुला दी जाती है।

**दिल को छूने वाला एक छोटा टैग**

पिंक टैग प्रोजेक्ट एक बहुत ही सरल लेकिन गहरे विचार से जन्मा है। एक महिला के दिन का सबसे निजी पल, जब वह कपडे पहनती है, वही पल उसकी सेहत को लेकर जागरूकता जगाने का सबसे ताकतवर समय बन सकता है।

इसका समाधान बहुत आसान और समझने योग्य है। एक छोटा गुलाबी रंग का टैग, जिस पर स्तन की स्वयं जांच कैसे करें, इसकी साफ-साफ जानकारी लिखी होती है। इस टैग को ब्लाउज, कुर्ता या अंदर पहनने वाले कपडों के अंदर, कपडें धोने की सूचना देनेवाले टैग के पास सिल दिया जाता है। जहां महिला अकेली होती है और खुद पर ध्यान देती है, वहीं यह पिंक टैग उसे चुपचाप लेकिन साफ तरीके से याद दिलाता है। यह कोई ऐसा अभियान नहीं है जो उसका समय मांगे या किसी सेमिनार में जाना पडें। यह तो रोजमर्रा के जीवन में कपडों के साथ बुना हुआ एक छोटा सा संदेश है।

**कपडे पर जागरूकता की सिलाई**

पिंक टैग प्रोजेक्ट की पूरी कहानी को एक प्रभावशाली शॉर्ट फिल्म में दिखाया गया है। इस फिल्म को मशहूर अभिनेत्री शीबा चड्ढा ने आवाज दी है। फिल्म की शुरुआत एक कडवी सच्चाई से होती है। भारत में हर चार मिनट में एक महिला को स्तन कैंसर होता है, फिर भी छोटे शहरों में सन्नाटा पसरा रहता है। फिल्म में महिलाओं को उनके रोज़ के काम करते हुए दिखाया गया है, जैसे पानी भरना, आंगन साफ करना, खाना बनाना और कपडे पहनना।

**एक मजबूत संदेश**

फिर आता है वह खास पल। जब महिला ब्लाउज के हुक लगाती है, साडी की प्लीट ठीक करती है, कुर्ता पहनती है, तब उसकी नजर पिंक टैग पर पडती है।

# गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि, वैश्विक बाजार की कमजोरियों और विदेशी निधियों की लगातार निकासी के कारण निवेशकों में दहशत फैलने से बुधवार को शेयर बाजार के सूचकांक लगातार तीसरे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा, रुपये की लगातार कमजोरी के बीच वित्तीय, बैंक और उपभोग शेयरों में बिकवाली ने भी बाजारों पर दबाव बढ़ा दिया।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 270.84 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 81,909.63 अंक पर बंद हुआ। दिन के दौरान बेंचमार्क 1,056.02 अंक या 1.28 प्रतिशत गिरकर 81,124.45 पर आ गया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 75.00 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 25,157.50 पर बंद हुआ।

वैश्विक बाजारों में सतर्कता और डॉलर की मजबूत मांग के बीच बुधवार को भारतीय रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले तेज गिरावट के साथ रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 76 पैसे गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर 91.73 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से, आईसीआईसीआई बैंक, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और मारुति सबसे बड़े पिछड़ने वालों में शामिल थीं। इसके विपरीत, इटरनल, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंटरग्लोब एविएशन और रिलायंस इंडस्ट्रीज लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक जोखिम कारकों के कारण बाजार में अस्थिरता छाई रही। हालांकि, कारोबार के अंत में हुई खरीदारी से बाजार को शुरुआती नुकसान से उबरने में मदद मिली। रुपये की कमजोरी और व्यापारिक संबंधों को लेकर बनी अनिश्चितताएं इस अस्थिरता को और बढ़ा सकती हैं।

## पूंजी की दिक्कतों को दूर कर वित्तीय समावेशन बढ़े



**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2026 के नजदीक आते ही वित्तीय क्षेत्र के हितधारकों ने सरकार से कई नीतिगत कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जो पूंजी की बाधाओं को कम करें, जिम्मेदार क्रेडिट विस्तार को बढ़ावा दें और वित्तीय समावेशन को गहराई दें। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे की वृद्धि केवल वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने से नहीं, बल्कि क्रेडिट की गुणवत्ता, वित्तीय संस्थानों की स्थिरता और अंतिम छोर तक सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी से तय होगी।

बीएलएस ई-सर्विसेज के सीओओ लोकनाथ पांडा ने कहा कि बजट का फोकस बचत, क्रेडिट और भुगतान से जुड़े समावेशी विकास को सहारा देने वाले वित्तीय इकोसिस्टम को मजबूत करने पर होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि खाता स्वामित्व और डिजिटल अपनाने में प्रगति के बावजूद, वित्तीय समावेशन का अगला चरण खातों की सक्रियता, वंचित वर्गों तक क्रेडिट प्रवाह और अंतिम छोर तक सेवाओं की बेहतर आपूर्ति पर निर्भर करेगा।

इसके लिए टिकाऊ ऑपरेटिंग मॉडल, पर्याप्त लिक्विडिटी सपोर्ट और बैंकों व मध्यस्थों के लिए समन्वित प्रोत्साहन जरूरी हैं।

**क्रेडिट विस्तार से आगे बढ़ने पर जोर**

गोदरेज कैपिटल के एमडी और सीईओ मनीष शाह ने कहा कि भारत में वित्तीय गहराई के अगले चरण में केवल क्रेडिट विस्तार से आगे बढ़कर उसकी गुणवत्ता, पहुंच और स्थिरता पर ध्यान देना होगा।

उन्होंने कहा कि बजट 2026 घरेलू लिक्विडिटी को मजबूत करने और क्रेडिट गारंटी व सह-ऋण संरचनाओं जैसे जोखिम-साझेदारी ढांचों को सुदृढ़ कर अहम भूमिका निभा सकता है।

साथ ही, दीर्घकालिक बचत को प्रोत्साहन और उच्च कर अनुपालन को मान्यता देने की जरूरत भी जताई।

**बैंकिंग सेक्टर में सुधारों पर फोकस**

ग्रांट थॉर्नटन भारत के पार्टनर विवेक अय्यर ने कहा कि बैंकिंग सेक्टर में सुधारों का फोकस कंसोलिडेशन, नवाचार, तकनीक और निजी पूंजी पर रह सकता है। उन्होंने संकेत दिया कि छोटे वित्त बैंकों और शहरी सहकारी बैंकों में विलय-अधिग्रहण की प्रक्रिया आसान की जा सकती है, जबकि एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी नई तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने की घोषणाएं संभव हैं। निजी पूंजी के मोर्चे पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एफडीआई सीमा बढ़ाने और विदेशी बैंकों के लिए कर सरलीकरण जैसे कदम उठाए जा सकते हैं।

**पूंजी बाजार को देखते हुए ले फैसला**

एक्सिस सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ प्रणव हरिदासन ने कहा कि बाजार बजट 2026-27 से निरंतरता, विश्वसनीयता और बेहतर क्रियान्वयन की उम्मीद कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूंजी बाजार के लिहाज से कर स्थिरता और नीतिगत निरंतरता, बड़े ऐलानों से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

वैश्विक निवेशकों के लिए भारत को संरचनात्मक विकास बाजार के रूप में बनाए रखने के लिए व्यावहारिक कर नीति और दीर्घकालिक बचत को समर्थन जरूरी होगा।

कुल मिलाकर, विशेषज्ञों का कहना है कि वित्तीय क्षेत्र को ऐसा बजट चाहिए जो सुर्खियों से आगे बढ़कर वित्तीय प्रणाली की बुनियाद को मजबूत करे, पूंजी और लिक्विडिटी की उपलब्धता बढ़ाए और जिम्मेदार क्रेडिट विस्तार को समर्थन दे।

## रुपया डॉलर के मुकाबले फिर धड़ाम, 76 पैसे गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सतर्कता और डॉलर की मजबूत मांग के बीच बुधवार को भारतीय रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले तेज गिरावट के साथ रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 76 पैसे गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर 91.73 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि रुपये ने 16 दिसंबर, 2025 को अपना अब तक का सबसे निचला स्तर 91.14 दर्ज किया था और इस महीने अब तक स्थानीय मुद्रा में 1.50 प्रतिशत की गिरावट आई है।

फॉरेक्स कारोबारियों के अनुसार, बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता और अमेरिका से मिल रहे विस्तारवादी संकेतों के चलते निवेशकों में जोखिम से बचने का रुख बढ़ा है। इसका दबाव उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं पर बना हुआ है, जिसमें भारतीय रुपया भी शामिल है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया 91.05 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के निचले स्तर 91.74 तक गिर गया। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 7 पैसे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर 90.97 पर बंद हुआ। सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के एमडी अमित पबारी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा व्यापार युद्ध की बयानबाजी को फिर से शुरू करने और ग्रीनलैंड पर अपना दबाव बढ़ाने से बाजार पहले से ही अस्थिर थे। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जबकि डॉलर लगातार दूसरे दिन कमजोर हुआ। यह इस बात का संकेत है कि निवेशक न केवल जोखिम बल्कि दिशा पर भी सवाल उठा रहे हैं। पबारी ने आगे कहा कि लगातार वैश्विक बेचैनी, साथ ही 91.07 से ऊपर लगातार गिरावट, धीरे-धीरे 91.70-92.00 क्षेत्र की ओर द्वार खोल सकती है, जब तक कि आरबीआई के सक्रिय हस्तक्षेप द्वारा इसे रोका न जाए। उन्होंने कहा कि नकारात्मक गिरावट की ओर देखें तो, किसी भी सुधारात्मक गिरावट को 90.30-90.50 के दायरे में पहला समर्थन मिलने की संभावना है।

# निसान ने गगन मंगल को बनाया भारत में अपना कम्युनिकेशंस हेड



**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने गगन मंगल को कम्युनिकेशंस हेड नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 12 जनवरी, 2026 से प्रभावी हो गई है। गुरुग्राम के रहने वाले गगन मंगल एनएमआईपीएल के लिए कम्युनिकेशंस की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह एनएमआईपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स के साथ मिलकर काम करेंगे और उनकी रिपोर्टिंग वाइस प्रेसिडेंट - इंटरनेशनल कम्युनिकेशंस कैथरिन जाचारी के समक्ष होगी।

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, 'हमारे सफर के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर निसान मोटर इंडिया में हम गगन का स्वागत करते हैं। उनके पास ऑटोमोटिव कम्युनिकेशंस के क्षेत्र में व्यापक विशेषज्ञता और भारतीय मीडिया को लेकर मजबूत समझ है। हम अपने ब्रांड रीसर्जेंस को गति दे रहे हैं और एक्साइटिंग प्रोडक्ट लॉन्च की तैयारी में हैं। ऐसे में गगन का नेतृत्व हमारी कम्युनिकेशंस रणनीति को मजबूत करने और भारत में निसान को लेकर मजबूत रुख बनाने में मददगार होगा।'

निसान से जुड़ने से पहले गगन मंगल फॉक्सवेगन इंडिया से जुड़े थे। वहां वह प्रेस एवं मार्केटिंग कम्युनिकेशंस की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। मैनेजमेंट ग्रेजुएट मंगल के पास कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस और मार्केटिंग का 18 वर्षों का अनुभव है। उन्होंने फॉक्सवेगन और ह्युंडई समेत अग्रणी ऑटोमोटिव ओईएम के साथ काम किया है।

अपने करियर में मंगल ने प्रोडक्ट लॉन्च के दौरान इंटीग्रेटेड कम्युनिकेशन रणनीति बनाने, बड़े इवेंट आयोजित करने, ब्रांड स्ट्रेटजी बनाने और कैंपेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपनी पिछली भूमिका में वह कम्युनिकेशंस रणनीति को आकार देने, मीडिया में मजबूती से पक्ष रखने और राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मीडिया के साथ संबंधों को मजबूत करने की जिम्मेदारी निभा रहे थे। निसान मोटर इंडिया के कम्युनिकेशंस हेड गगन मंगल ने कहा, 'विकास एवं बदलाव के सफर में ऐसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर निसान मोटर इंडिया से जुड़कर मैं वास्तव में उत्साहित हूं। निसान के लिए भारत प्राथमिकता वाला बाजार बना हुआ है। यहां ब्रांड की प्रासंगिकता, विश्वास एवं ग्राहकों के साथ जुड़ाव बढ़ाने के व्यापक अवसर हैं। मैं भारत में और वैश्विक स्तर पर कंपनी की टीम के साथ मिलकर काम करूंगा, जिससे स्पष्ट, आत्मविश्वास से भरपूर और ग्राहकों को केंद्र में रखने वाली रणनीति बनाई जा सके। इस रणनीति में निसान की वैश्विक महत्वाकांक्षाओं की झलक दिखेगी, साथ ही यह रणनीति भारतीय उपभोक्ताओं के अनुरूप होगी।'

अपनी नई भूमिका में मंगल भारत में निसान के ब्रांड रिसर्जेंस के सफर में अहम भूमिका निभाएंगे। वह आगामी प्रोडक्ट लॉन्च को सपोर्ट करेंगे और कंपनी के कम्युनिकेशंस एवं मीडिया एंगेजमेंट के प्रयासों को मजबूत करेंगे। इंटरनेशनल कम्युनिकेशंस की वाइस प्रेसिडेंट कैथरिन जाचारी ने कहा, 'गगन के पास ऑटोमोटिव कम्युनिकेशंस के क्षेत्र में गहरी विशेषज्ञता और भारतीय मीडिया की व्यापक समझ है। हमें भरोसा है कि उनका नेतृत्व निसान के लिए महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि भारत में निसान अपने नए और रोमांचक चरण में कदम रखने जा रही है।'

# क्षेत्र पंचायत मोतीचक के बैठक में 12 करोड़ की परियोजनाओं पर मुहर

- क्षेत्र का चहुमुखी विकास कराना मेरी प्राथमिकता : प्रमुख अर्चना

**अवधनामा संवाददाता**



बैठक को संबोधित करती प्रमुख अर्चना


बैठक में उपस्थित प्रधान व बीडीसी सदस्य

**मथौली, कुशीनगर।** विकास खण्ड मोतीचक सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत व प्रधानों की बैठक ब्लॉक प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में गांवों के विकास के लिए वित्तीय वर्ष में कराए जाने वाले विकास कार्यों के लिए 12 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं पर मुहर लगी। बैठक का संचालन कर रहे ब्लॉक टी.ए. रामकृपाल ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि कर नए कार्यों को पढ़कर बताया।

अध्यक्षीय संबोधन में ब्लाक प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह ने कहा कि क्षेत्र को विकसित बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। कहा कि सरकार की हर योजना की जानकारी सबसे पहले क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधानों को होनी चाहिए। जिससे गांव के हर व्यक्ति को योजनाओं की जानकारी मिले और वह उसका लाभ पा सकें। आप लोगों के सहयोग से मोतीचक विकास खंड में तेजी से विकास हो रही है। खण्ड विकास अधिकारी श्वेता मिश्रा ने वित्तीय वर्ष के लिए मनरेगा में 9 करोड़ और राज्य वित्त योजना के 3 करोड़ कुल 12 करोड़ की बजट पर स्वीकृति होने की जानकारी दिया।

उन्होंने ने आवास, पेंशन, कृषि, स्वच्छता अभियान, मनरेगा आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समस्त ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि विकास कार्य में जो भी समस्या उत्पन्न हो रही उसे अवगत कराएं, उसका समाधान कराकर विकास कार्य पूर्ण किया जाएगा। इस मौके पर जेई कृष्ण मद्धेशिया, लिपिक हरिओम शुक्ला, भाजपा नेता रामु राव, नरेगा बाबू आलोक जायसवाल, विजय कुशवाहा, प्रधान प्रतिनिधि विनय कुमार, ईरेंज साहनी, वीरेंद्र साहनी, सचिव ब्रजेश गौंड, समरजीत सिंह, इंसाद अंसारी, अलाउद्दीन, उमेश यादव, रामनेती, अनिल दुबे, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## समस्त विभाग के अधिकारियों ने योजनाओं की दी जानकारी

क्षेत्र पंचायत की बैठक में सीएचसी मोतीचक प्रभारी डॉ राजेश मद्धेशिया ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। इसमें सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान गोल्डन कार्ड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्कम कार्ड बनाने में मोतीचक जिले का दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। 80 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बन चुके है, प्रयास जारी है। जिन लोगों का आयुष्मान नहीं बना है वह गांव के आशा व एएनएम से मिलकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। इसी प्रकार एपीओ राजेश कुमार ने मनरेगा अब विकसित भारत बीवी जी राम जी के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने 2025ङ्क26 में लक्ष्य के सापेक्ष 110 प्रतिशत कार्य हुआ है। 80 प्रतिशत श्रमिकों को रोजगार देने का कार्य किया गया है। 7 आंगनबाड़ी केंद्रों के सापेक्ष 4 पूर्ण हो गया है, बाकी पर कार्य चल रहा है। अन्नपूर्णा भवन का निर्माण तेजी से चल रहा है। इसके अलावा एडीओ पंचायत रामायण गुप्ता, एडीओ एगी मनोज सिंह, सीडीपीओ प्रभारी विभा शाही, एडीओ आईएसबी बिंद्रावती देवी आदि समस्त विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं के बारे में जानकारी दिया।

# एसआईआर में लापरवाही बरतने पर कुशीनगर में 6 अधिकारियों को नोटिस

- संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में डीएम ने खंड विकास अधिकारी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तमकुहीराज, सेवरही, दुदही, हाटा एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी व उप खंड अधिकारी, बिजली कसया, वरिष्ठ सहायक निर्वाचन कार्यालय (नगरीय एवं पंचायत) को कारण बताओ नोटिस जरी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

डीएम द्वारा जारी इस आदेश में संतोषजनक उत्तर न मिलने पर अगली कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है। समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई कि, एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) में तमकुहीराज एवं हाटा विधानसभा क्षेत्रों में नो मैपिंग, डुप्लीकेट मतदाता सत्यापन, सुनवाई एवं नोटिस निर्गत किए जाने के कार्यों में गंभीर शिथिलता बरती गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने इस पर गंभीर रुख अपनाया। जारी आदेश में कहा कि बार-बार निर्देश के बाद भी अधिकारियों द्वारा न तो निर्धारित नोटिस निर्गत किए गए, न ही प्रशिक्षण, बैठकों एवं निर्वाचन कार्यों में पूरी सहभागिता ही सुनिश्चित की गई। इससे निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। इसके अतिरिक्त डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन के कार्य में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। बिना समुचित जांच के बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम विलोपित किए जाने, ग्राम पंचायतवार खुली बैठकों के आयोजन एवं साक्ष्य प्रस्तुत न किए जाने व डाटा फीडिंग वेंडर के विरुद्ध प्रस्तावित कार्यवाही से संबंधित पत्रावलियां समय से प्रस्तुत न करने के आरोप भी पाए गए हैं।

### इन पर हुई कार्रवाई

विद्या सागर गुप्ता बीडीओ सेवरही, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अनिल राय बीडीओ तमकुहीराज, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कमलेश राय बीडीओ दुदही, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, राहुल कुमार एसडीओ बिजली कसया, आलोक सिंह, वरिष्ठ सहायक जिला निर्वाचन कार्यालय, धनंजय कुमार दूबे, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी।



निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा, निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कहीं भी लापरवाही दिखी तो कार्रवाई तय है।

**महेंद्र सिंह तंवर, जिला निर्वाचन अधिकारी**

# खोखिया धाम में शतचंडी महायज्ञ का हुआ भव्य शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**बोदरवार, कुशीनगर।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें हाथी, घोड़े के साथ कलश यात्रा में पांच सौ इक्यावन कुंवारी कन्याओं ने माथे पर कलश रख कर शोभा यात्रा निकाली। ग्यारह दिनों तक चलने वाले इस शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति इकतीस जनवरी को विशाल भंडारे के साथ की जायेगी।

बुधवार को विकास खंड मोतीचक के खोखिया गांव में ग्यारह दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस कलश यात्रा में हाथी और घोड़े शामिल थे। भक्तिमय संगीत की धुन पर स्त्री, पुरुष, बच्चे और युवा %जय माता दी% के जयघोष करते हुए चल रहे थे। यह शोभा यात्रा खोखिया मंदिर परिसर से शुरू होकर डोम बरवा, महुई और मठिया होते हुए बनकटा साइफन तक पहुंची। जहां बनकटा साइफन पर यज्ञाचार्य पं. पवन शास्त्री और उनके सहायक आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 501 कुंवारी कन्याओं के कलश में जल भरवाया।

इस दौरान पूरा वातावरण जयकारों से गूंज उठा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष और खोखिया ग्राम प्रधान दुर्गेश प्रताप दूबे ने मनोज शुक्ला, उत्तम शुक्ला और मारकंडेय सिंह के साथ बताया कि यह महायज्ञ पिछले 24 सालों से ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह 11 दिवसीय महायज्ञ दिन और रात में रामलीला के मंचन के साथ चलेगा। महायज्ञ का समापन 31 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ होगा। इस आयोजन में राधेश्याम दूबे, जोखन सिंह, जितेंद्र शुक्ल, धर्मेन्द्र शुक्ल, रमाशंकर सिंह सहित सभी ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित हो रहा है।

# पुल के पास अनियंत्रित होकर बाइक सवार खेत में गिरा, मौत

- कसया थाना क्षेत्र के मैनपुर टोला शिवपट्टी का मामला

**अवधनामा संवाददाता**



**कसया, कुशीनगर।** थाना के ग्रामसभा मैनपुर के टोला शिवपट्टी में पुल के समीप अनियंत्रित बाइक के खेत में गिर जाने से बाइक सवार 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना मंगलवार की रात बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार उक्त ग्राम निवासी एक बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गेहूं के खेत में चला गया, जिससे युवक बुरी तरह से चोटिल हो गया। स्थानीय लोगों और परिजन आनन फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। शिवपट्टी निवासी 18 वर्षीय पारितोष पुत्र रामानंद कुशवाहा किसी कार्य से गांव दीनापट्टी से राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाने वाली मार्ग पर स्थित बाड़ी नदी पुल के समीप बाइक अनियंत्रित होकर गेहूं के खेत में चली गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया लें गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देख डाक्टरों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक 5 बहनों में इकलौता भाई था। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था।

# रामकोला थाने में लावारिश 61 वाहनों की हुई नीलामी

- 5 ऑटो टेंपू, एक पिकअप, 2 ट्रैक्टर व एक बोलेरो शामिल है

**अवधनामा संवाददाता**



**रामकोला, कुशीनगर।** स्थानीय थाने में लावारिश पड़ी 61 वाहनों को अधिकारियों की मौजूदगी में बुधवार को नीलम कर दी गई। इसमें 55 दो पहिया, 5 ऑटो टेंपू, 2 ट्रैक्टर व एक बोलेरो वाहन शामिल है। कुल वाहनों की नीलामी 5 लाख 28 हजार रुपए में हुई।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा ऑपरेशन क्लीन अभियान÷ के तहत समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानों पर लावारिस वाहनों का नियमानुसार निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी खड्डा विरेन्द्र कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रक्रिया पूरी करते हुए व उपजिला मजिस्ट्रेट कप्तानगंज कुशीनगर के द्वारा नीलामी की तिथि निर्धारण के क्रम में एकता त्रिपाठी, नायब तहसीलदार कप्तानगंज के नेतृत्व में थाना रामकोला में निरुद्ध सीज व लावारिस में दाखिल 52 दो पहिया वाहनों व 05 आटो टेंपू व 01 पिकअप व 02 टैक्टर व एक बोलेरो चार पहिया वाहन (कुल 61 छोट-बड़ें वाहनों) की प्रकिया को पूर्ण कराई गई। जिससे कुल 5,28,000/ आय की प्राप्त हुई। इस मौके पर थानाध्यक्ष धनवीर सिंह, व.उ.नि. सुभाषचन्द्र, श्यामलाल निषाद, योगेन्द्र यादव व अखण्ड प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# खतौनी में अंश निर्धारण की त्रुटियों के सुधार हेतु विशेष अभियान शुरू

- रोस्टरवार लेखपालों द्वारा ग्रामवार बैठकें आयोजित की जाएंगी

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह द्वारा जनपद की समस्त तहसीलों में खतौनी में खातेदारों/सह-खातेदारों के गाटों के अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों एवं लोप के संशोधन/दर्ज कराए जाने हेतु विशेष अभियान संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

उक्त अभियान के अंतर्गत प्रत्येक तहसील में रोस्टरवार कार्यक्रम के अनुसार लेखपालों द्वारा ग्रामवार बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में संबंधित राजस्व ग्राम की खतौनी, आकार पत्र ख0पू0-3 एवं अन्य संगत अभिलेखों के साथ खातेदारों/सह-खातेदारों को बुलाकर अंश निर्धारण की स्थिति स्पष्ट की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु तहसील, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक स्थलों पर बैनर-पोस्टर लगाए जाएं तथा थाना दिवस एवं तहसील दिवस के अवसर पर भी इसकी जानकारी दी जाए।

साथ ही जनसूचना एवं संपर्क विभाग के माध्यम से कम से कम दो लोकप्रिय स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जाए। बैठकों के दौरान यदि सह-खातेदार पूर्व में दी गई सहमति से वर्तमान में भी सहमत पाए जाते हैं, तो उनसे पुनः सहमति प्राप्त की जाएगी। वहीं लिपिकीय त्रुटियों के कारण यदि अंश निर्धारण गलत हुआ है, तो आवेदन पत्र के माध्यम से संशोधन की कार्यवाही की जाएगी।

न होने की स्थिति में संबंधित अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ आवेदन प्राप्त कर अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में उक्त अभियान का कड़ाई से समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कराएं, ताकि खातेदारों को त्वरित एवं पारदर्शी समाधान उपलब्ध कराया जा सके।

## जल जीवन मिशन की 202 परियोजनाएं पूरी हुई

**अमेठी।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत इस समय हर घर जल आकलन कार्यक्रम चल रहा है।जल जीवन मिशन की 202परियोजनाएं पूरी हो गई हैं।305राजस्व गांवों में हर घर नल सुविधा के अन्तर्गत गृह संयोजन और जलापूर्ति का काम पूरा हो गया है। जनपद में हर घर नल परियोजना के अन्तर्गत 487 परियोजनाएं है। इनमें से 202परियोजनाओं का काम शत प्रतिशत पूरा हो चुका है।211ग्राम पंचायतों के हर परिवार के लोगों को जल निगम की पानी की टंकी से जलापूर्ति मिल रही है। जिले के 945 राजस्व गांवों में से 305गांवों में ओवर हेड टैंकों से जलापूर्ति की जा रही है। अन्य गांवों में पम्प से जलापूर्ति की जा रही है।रोड रेस्टोरेशन की शिकायतें शून्य हैं। अधिशासी अभियंता,जल निगम अनिल कुमार ने बताया कि जिले में वेलस्पन, गायत्री और वी टी एल कम्पनियां काम कर रही हैं। पैसे के अभाव में पिछले छः महीने से कार्य प्रभावित था। अब वित्तीय समस्या काफी कुछ दूर हुई है। जिन परियोजनाओं पर 80 फीसदी तक कार्य हो चुका है, उन्हें 31 मार्च के पहले पूर्ण कर लिया जाएगा।

# हिंदू सम्मेलन : एकजुटता पर आरएसएस के प्रांत प्रचारक ने दिया जोर

- हिंदू सम्मेलन युवाओं में राष्ट्र की भावना जागृत करेगी : मोहन
- सुकरौली में विराट हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**


सम्मेलन में प्रांत प्रचारक व हाटा विधायक मोहन

**सुकरौली, कुशीनगर।** नगर पंचायत सुकरौली के नेहरू इंटर कॉलेज के प्रांगण में बुधवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रान्त प्रचारक रमेश ने अपने संबोधन में सनातन मूल्यों के संरक्षण और सामाजिक एकता पर विशेष जोर दिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए संघ के प्रांत प्रचारक रमेश जी ने कहा कि यदि हिंदू समाज जातिवाद के भाव को छोड़कर केवल हिंदूवाद को मजबूत करे तो निश्चित रूप से ऐसे सभी तत्वों के मंसूबे सफल नहीं हो पाएंगे। कहा कि हिंदू समाज एक जुट होकर राष्ट निर्माण में अपनी योगदान दें।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मोहन. वर्मा ने भी सहभागिता की। विधायक ने प्रान्त प्रचारक के साथ भारत माता की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह सम्मेलन हमारी गौरवशाली संस्कृति को अक्षुण्ण रखने और युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना भरने का एक सशक्त माध्यम है। ?सम्मेलन के दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमूह ने देश और संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, चेयरमैन राजनेति कश्यप, डॉक्टर रविश सिंह, मुन्ना सिंह, प्रमुख रंजना पासवान, प्रमुख मोतीचक अर्चना सिंह, अर्जुन गुप्ता, अशोक कुमार सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**बस्ती।** मुण्डेरवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान दौरान हिस्ट्रीशीटर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर नेट बाग निवासी शमशाद पुत्र इशराइल को अवैध 12 बोर तमंचा, एक अदद कारतूस व एक अदद मोटरसाइकिल के साथ बस्ती कांटे मार्ग बहद ग्राम अहरा बुधा नाला के पास से 20 जनवरी 2026 को समय करीब 13.45 बजे गिरफ्तार कर जेल रवाना किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पर मुंडेरवा थाने पर मु0अ0सं0 13/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया है। मुंडेरवा पुलिस ने बताया कि पूर्व से थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 170/2025 धारा 331(4), 305(ड्ड) बीएनएस पंजीकृत होकर विवेचना प्रचलित है। चोरी की मुकदमा की घटना में आरोपी शमशाद द्वारा अपने बयान में बताया गया है कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर कई बार चीनी मिल से लोहा चुराया है। इस मामले के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपी शमशाद पर इससे पूर्व मु0अ0सं0 13/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती, मु0अ0सं0 170/2025 धारा 331(4), 305(ड्ड) बीएनएस थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती , मु0अ0सं0 274/2020 धारा 380, 457 आईपीसी थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती, मु0अ0सं0 305/2020 धारा 379, 411 आईपीसी थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती, मु0अ0सं0 128/2021 धारा 379, 411 आईपीसी थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम मे थानाध्यक्ष मुण्डेरवा प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 राजेन्द्र यादव, उ0नि0 जावेद खान थाना मुण्डेरवा, हे0का0 देवानन्द यादव, हे0का0 पुनीत पाठक, का0 कामोद कुशवाहा शामिल रहे ।

## थानाध्यक्ष मुण्डेरवा ने ग्राम प्रहरियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया प्रेरित, बाटा कंबल



**बस्ती।** थाना मुंडेरवा परिसर में आज शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए थानाध्यक्ष मुंडेरवा प्रदीप कुमार सिंह द्वारा सभी ग्राम चौकीदारों को कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम चौकीदारों को ठंड से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के संबंध में अवगत कराया गया तथा ड्यूटी के दौरान सतर्क रहकर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान थाना स्थानीय के उपनिरीक्षक जावेद खान, मिथिलेश मिश्रा, हेड मुहर्रिर विनय कुमार, का0 मुंशी पंकज कुमार त्रिपाठी, सूरज कुमार आदि उपस्थित रहे। कंबल वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम चौकीदारों को ठंड के मौसम में राहत प्रदान करना एवं उनके मनोबल को बढ़ाना रहा। उपस्थित ग्राम चौकीदारों द्वारा इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## भाजपा की सरकार में हो रहा है विकास : अंकुर वर्मा

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा ने बुधवार को अपने निज निवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा की सरकार में सड़क, पेयजल, विकास के साथ ही जमीनी धरातल पर विकास के ठोस कार्य किये जा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में मैंदान में उतरने का लक्ष्य है तो अंकुर वर्मा ने कहा कि यदि पार्टी मौका देती है तो निश्चित तौर पर वे तैयार हैं। यदि टिकट न मिला तो पार्टी जिसे भी प्रत्याशी घोषित करेगी तो पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिये पूरी ताकत लगा दूंगा। भाजपा नेता अंकुर वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरन्तर सभी मोर्चो पर विकास की ओर है और नागरिकों की आकांक्षायें पूरी हो रही है।



# संजय -अमिता ने उठाई पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग

- खिचड़ी भोज और स्नेह मिलन कार्यक्रम करके संदेश दिए
- पूर्वांचल को राज्य बनाने के लिए पूर्वांचल राज्य संयुक्त मंच के माध्यम से मुहिम तेज की जायेगी : डॉ संजय सिंह
- हमें पूर्वांचल राज्य दे दीजिए हम भारत को जापान बना देंगे : डा अमीता सिंह

**संजीव भारती**




**लखनऊ/अमेठी।** राजनीतिक रूप से हमेशा सुर्खियों में रहे अमेठी संसदीय क्षेत्र से बुधवार को एक नयी राजनीति की शुरुआत हुई है। कांग्रेस के शासन काल में उत्तर प्रदेश की राजनीति में हमेशा चर्चा में रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग फिर से उठाई है ?। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ अमीता सिंह ने इस मांग के समर्थन में प्रदेश के 28जिलों की जनता को एकजुट होने का संदेश दिया है। बुधवार को अपने ददन सदन कार्यालय परिसर में डा संजय सिंह और डॉ अमिता सिंह ने खिचड़ी भोज और स्नेह मिलन कार्यक्रम के माध्यम से एक नया संदेश दिया।इस कार्यक्रम में अमेठी जिला बचाओ संघर्ष समिति के अगुआ रहे वरिष्ठ अधिवक्ता उमाशंकर पांडेय और बहुजन समाज पार्टी से विधायक रह चुके चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी भी मौजूद रहे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के 8 मंडल के 28 जिलों को मिलाकर एक अलग राज्य पूर्वांचल के गठन की मांग किया। उन्होंने कहा कि विश्व के पांचवें सबसे बड़े देश की जनसंख्या से अधिक जनसंख्या को समेटे उत्तर प्रदेश राज्य में एक राज्य व्यवस्था के तहत सुशासन की स्थापना सम्भव नहीं। बड़े राज्यों में लोकतंत्र व सुशासन दोनों प्रभावी नहीं रहते। डॉ संजय सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है कि पूर्वांचल के जिलों के विकास के लिए एक अलग राज्य बनाया जाय। डॉ संजय सिंह ने कहा कि पूर्वांचल राज्य 7,98,76,083 आबादी वाला देश का 14 वां बड़ा राज्य होगा जिसमे वाराणसी, चंदौली , जौनपुर , ग़ाज़ीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, मिर्ज़ापुर, सोनभद्र, भदोही, अयोध्या, अकबरपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच , श्रावस्ती, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर मिलाकर कुल 28 जिले शामिल होंगे। पूर्वांचल राज्य संयुक्त संकल्प मंच के माध्यम से पूर्वांचल को राज्य बनाने की मुहिम यहां के लोगों के हित मे चलाई जाएगी।

डॉ संजय सिंह ने पूर्वांचल राज्य गठन की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे सभी संगठनों और सेनानियों को साथ आने के लिए आमंत्रित किया। पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह ने कहा कि, भाषाई एवं सांस्कृतिक रूप से पूर्वांचल की अलग पहचान है। व्यापार के दृष्टि से पूर्वांचल एक विशाल बाजार है, प्राकृतिक संसाधनों, कुशल श्रम से समृद्ध है फिर भी प्रशासनिक उपेक्षा के चलते सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़ा रह गया है। पूर्वांचल की अलग समस्याएं हैं जिसके लिए विशेष केंद्रीय नीतियों की जरूरत है।

डॉ अमीता सिंह ने कहा कि भारत के समग्र विकास एवं विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्वांचल के लिए एक पृथक प्रशासनिक ढांचे की आवश्यकता है। पूर्वांचल क्षेत्र में कृषि में सुधार ना होने व औद्योगिक विकास ना होने से पलायन बढ़ता जा रहा है। नेपाल से आने वाली नदियों के जल प्रबंधन के लिए विशेष नीतियों के न बन पाने से एक तरफ नहरों में पानी की कमी होती है और दूसरी तरफ बाढ़ से हर साल भारी नुकसान। पूर्वांचल क्षेत्र में अच्छी चिकित्सा सुविधाओं, उच्च शिक्षा, अच्छे इंफ्राट्रक्चर की बडी कमी है।

डॉ अमीता सिंह ने कहा कि, पूर्वांचल देश का बड़ा विद्युत उत्पादन केंद्र है, उपजाऊ भूमि है, दुनिया की प्रमुख आईटी कंपनियों में काम करने वाले ज्यादा संख्या में लोग पूर्वांचल से हैं, खनिज संपदा वाले मिर्ज़ापुर और सोनभद्र पूर्वांचल का ही हिस्सा हैं, हस्त शिल्प, अयोध्या, काशी एवं प्रयागराज जैसे आध्यात्मिक पर्यटन तथा सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु, लुम्बिनी एवं श्रावस्ती का बौद्ध पर्यटन पूर्वांचल को भारत के लिए विदेशी मुद्रा अर्जित करने का बड़ा स्रोत बना सकता है। अमीता सिंह ने पूर्वांचल के विकासशील सोच के सभी सामजिक कार्यकर्त्ताओं एवं पूर्वांचल राज्य की लड़ाई लड़ रहे विभिन्न सामाजिक राजनैतिक संगठनों से एक साथ आने का आह्वाहन किया जिससे पृथक पूर्वांचल राज्य की मांग को सशक्त ढंग से राष्ट्रीय पटल पर रखा जा सके। एकजुट होकर हम प्रभावशाली रूप से अपनी मांग को रख सकेंगे।

## मिशन-2027,बसपा ने बनाई मतदाता सूचियों की जांच और संगठन मजबूती की कार्ययोजना

**अमेठी।** बुधवार को बहुजन समाज पार्टी की जिला व विधानसभा कमेटियों के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक विभा गेस्ट हाउस में हुई। बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी अखिलेश अम्बेडकर और अजय कुमार गौतम ने संगठन के कार्यो और आर्थिक सहयोग दिवस रजिस्टर की प्रगति की समीक्षा की। अखिलेश अम्बेडकर ने सभी पार्टी पदाधिकारियों को सर्वसमाज के लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए गांव चलो अभियान तेज करने के निर्देश दिए। विधानसभा और जिला कमेटी के सभी पदाधिकारियों को गांवों में प्रतिदिन तीन बैठकें करने के निर्देश दिए। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से स्वीकृत नये पोलिंग बूथों पर संगठन निर्माण और एस आई आर के अन्तर्गत वोटर लिस्ट की जांच और नये मतदात बनाने के लिए प्रारूप - 6फार्म भरवाने पर जोर दिया गया। अखिलेश ने कहा कि जब तक बहुजन समाज पार्टी सत्ता में वापस नहीं लौटती, बहुजन समाज की समस्यायों का समाधान नहीं हो सकता।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ किसान दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** किसानों की समस्याओं के निराकरण तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा हेतु मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों, प्रगतिशील कृषकों, कृषक उत्पादक संगठनों के निदेशक सदस्यों, पशुपालकों एवं मत्स्य पालकों का स्वागत करते हुए विगत किसान दिवस की कार्यवृत्ति में कृषकों की समस्याओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों की अनुपालन आख्या को पढ़कर सुनाया गया। जिसमें कृषक समस्याओं का समाधान होने पर संतुष्ट पाये गये।

किसान दिवस में जिला अध्यक्ष किसान यूनियन राम कुमार वर्मा द्वारा कृषकों की राजकीय नलकूप एव विद्युत से संबंधित समस्याओं के संबंध में अवगत कराया गया। प्रगतिशील कृषक बब्बन सिंह, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी चंद्र भान सिंह संचित, जितेंद्र तिवारी द्वारा ए.आर. को-ऑपरेटिव से धान खरीद खरीद के संबंध में आवश्यक फीड बैक प्राप्त किया गया। किसान दिवस में मौजूद कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने वर्तमान फसलों के संबंध में किसानों को आवश्यक जानकारी देते हुए किसानों को आम में लगने वाले बौर तथा उसमें लगने वाले कीट रोग नियंत्रण के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

उपस्थित किसानों द्वारा मत्स्य पालकों हेतु बैंक से लोन की सुविधा प्राप्त करने तथा विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं की जानकारी हेतु पम्पलेट वितरण कराये जाने का सुझाव प्राप्त हुआ। प्रगतिशील कृषक शशांक सिंह, लालता प्रसाद गुप्ता, मुन्नालाल,वर्मा सहित अन्य कृषकों द्वारा सरयू नगर, उद्यान, विपणन, पशुपालन सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया। सीडीओ मुकेश चंद्र द्वारा बैठक में उपस्थित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को कृषकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के अन्त में उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री जल्द से जल्द बनवाने का सुझाव देते हुए सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, पीपीओ प्रिया नंदा, जिला गन्ना अधिकारी आनंद शुक्ला, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक जितेंद्र नाथ मसंद, अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारी तथा कृषकगण मौजूद रहे।

# आउट ऑफ स्कूल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** आउट ऑफ स्कूल बच्चों के विषेश प्रषिक्षण हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण 19.01.2026 से 21.01.2026 का समापन फिरोजाबाद 21 जनवरी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद आशीष कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आउट ऑफ स्कूल बच्चों के विशेष प्रशिक्षण हेतु जनपद स्तर पर तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण का आज ब्लॉक संसाधन केंद्र फिरोजाबाद पर समापन हो गया। उक्त प्रशिक्षण मुख्यतः शारदा एप और आउट ऑफ स्कूल बच्चों पर आधारित रहा। उक्त प्रशिक्षण में जनपद के समस्त नव चयनित एआरपी तथा नोडल ने बड़ी ही गहनता के साथ उक्त प्रशिक्षण को प्राप्त किया। रूद्र नारायण शुक्ल जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता व डायट प्रवक्ता श्रीमती लोहिता सिंह ने बताया कि संकेतो के साथ यदि बच्चों को सिखाया जाए तो वे जल्दी सीख जाएंगे, छोटे-छोटे बच्चों को अंग्रेजी खेल-खेल में कैसे सिखाएं इसके साथ ही डायट के ही प्रवक्ता प्रदीप कुमार, ने बताया की बच्चों को आनंदमई वातावरण में जोड़, घटाओ किस प्रकार से सिखाया जाए। संदर्भ दाता राजेंद्र कुमार ने उक्त प्रशिक्षण की बारीकियां से अवगत कराया। प्रशिक्षण के अंत में समस्त प्रतिभागियों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए और कहा कि आप सभी लोगो ने उक्त प्रशिक्षण को भली प्रकार से प्राप्त कर लिया है और अब आप सभी लोग अपने-अपने विकास खण्डों में भली प्रकार से अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

# अहमदाबाद के युवक के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का दर्ज हुआ मुकदमा

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र में स्थित एक परियोजना के इंजीनियर की पत्नी ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया है कि मार्च 2025 में इंस्टाग्राम पर गुजरात के अहमदाबाद निवासी भाविन परमार से उसकी बातचीत शुरू हुई थी जो बाद में वीडियो कॉल पर बात करता रहा । युवक ने वीडियो कॉल के दौरान फोटो खींच लिए। जिन्हें एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद से एडिट कर आपत्तिजनक बना दिया। इन फोटो के आधार पर महिला और उसके पति को अब वह युवक ब्लैकमेल कर रहा है इस दौरान महिला और उसके पति ने ब्लैकमेलिंग से बचने के लिए मोबाइल नंबर और सभी इंटरनेट मीडिया खाते बंद कर दिए, जिससे कुछ समय तक मामला शांत रहा। 14 जनवरी को आरोपित ने महिला के एक रिश्तेदार के मोबाइल पर वही आपत्तिजनक फोटो भेजकर धमकी दी कि यदि महिला से बात नहीं कराई गई तो वह फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर देगा। इसके बाद महिला ने थाना रामचंद्र मिशन में मुकदमा दर्ज कराया है थाना रामचंद्र मिशन प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है मामले की जांच की जा रही है।

# रोड पर जल भराव को लेकर जल निगम अधिकारियों से मिले व्यापारी



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता के नेतृत्व में जल निगम के एई रवि कुमार से मिला और शहर में लगातार हो रही सीवर लाइन लीकेज की गंभीर समस्या से अवगत कराया।

व्यापारियों ने बताया कि निशात टॉकीज के सामने दुकानों के आगे सीवर लाइन और जल निगम की पाइप लाइन से लगातार पानी बह रहा है। हालात इतने खराब हैं कि दुकानदारों को दुकानें बंद करनी पड़ रही हैं और व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका। मामला संज्ञान में आते ही इंजीनियर रवि कुमार ने संबंधित कर्मचारियों को मौके पर भेजने और तत्काल समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं। साथ ही राहत के तौर पर टैंकर लगवाकर पानी की निकासी कराने का आश्वासन दिया।

इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुलाटी ने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो व्यापारी धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि शहर में जगह-जगह सीवर व पानी की लाइनें लीकेज कर रही हैं, बिना बारिश के ही जलभराव और कीचड़ की स्थिति बनी हुई है, जिससे ग्राहक बाजार नहीं पहुंच पा रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में सतनाम चावला, गौरव मेहता, दीपू राठौर, लियाकत, सर्वेश राठौर, नरेश मेहता, शिवम राठौर, मोहित सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# नफीसा खातून को मिला भारतेंदु हरिश्चंद्र अन्तर्राष्ट्रीय गौरव सम्मान

**सुल्तानपुर।** हिंदी भाषा सेवा और सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर पहचान बनाने वाली नफीसा खातून को ÷भारतेंदु हरिश्चंद्र अन्तर्राष्ट्रीय गौरव सम्मान 2026÷ से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान हिंदी भाषा के संवर्धन, साहित्यिक योगदान और सामाजिक सक्रियता के लिए प्रदान किया गया।नफीसा खातून को जनपद सुल्तानपुर में भी अब तक कई सम्मान और पुरस्कारों से नवाज़ा जा चुका है। उनके कार्यों को न केवल साहित्यिक जगत ने सराहा है, बल्कि जनपद के नागरिकों और संस्थाओं ने भी लगातार सम्मानित किया है।यदि नफीसा खातून के व्यक्तित्व और कार्यों की बात करें तो वे सामाजिक मुद्दों, महिलाओं के सशक्तिकरण और जनहित से जुड़े विषयों पर हमेशा मुखर रही हैं। वे एक निडर और स्पष्टवादी महिला के रूप में जानी जाती हैं, जो विभिन्न मंचों तथा अधिकारियों के समक्ष महिलाओं तथा समाज से जुड़ी चुनौतियों को बेझिझक उठाती हैं।

# महापौर ने नव-निर्मित अंडरग्राउंड डस्टबिन परियोजना किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद में नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा महानगर क्षेत्र के चिनौर में नव-निर्मित अंडरग्राउंड डस्टबिन परियोजना का शुभारंभ महापौर अर्चना वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। यह परियोजना क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर निगम का एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि आम जनमानस को गंदगी से मुक्ति दिलाई जा सके। चिनौर क्षेत्र में लंबे समय से ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित स्थान को अब अंडरग्राउंड डस्टबिन एवं ब्यूटीफिकेशन के माध्यम से सुव्यवस्थित किया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ वातावरण प्राप्त होगा। महापौर ने यह भी कहा कि अंडरग्राउंड डस्टबिन की स्थापना से खुले में कचरा फैलने की समस्या समाप्त होगी तथा स्वच्छता व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। यह पहल न केवल स्वच्छ शाहजहाँपुर के संकल्प को मजबूती देती है, बल्कि शहर को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में भी एक सार्थक प्रयास है। कार्यक्रम में नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र नगर निगम के अधिकारीगण मौजूद रहे

# बीआरसी डीहा पर संपन्न हुई शिक्षकों की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**





**बहराइच।** जनपद के ब्लॉक संसाधन केंद्र डीहा पर समस्त शिक्षकों की मासिक बैठक खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएँ मौजूद रहे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों से वार्ता की गई और आवश्यक दिशा निर्देश शिक्षकों को जारी करते हुए बताया कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे अभिभावकों के बच्चों को डीबीटी का लाभ दिए जाने के संबंध में सूचना ऑनलाइनआज ही निस्तारितकरें।23 जनवरी को सुभाष चंद्र जयंती 24 तारीख तो उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाते हुए समस्त विद्यालयों में रंगाई-पुताई का कार्य हो जाना चाहिए इसके अलावा बच्चों के लिए सभी विद्यालयों में एक हिंदी व एक इंग्लिश का समाचार पत्र मंगाया जाना सुनिश्चित करते हुए कंपोजिट मद में प्राप्त धनराशि का नियमानुसार व्यय करें शौचालय को स्वक्ष रखने के साथ साथ विद्युत से विद्यालयों को आच्छादित करने अनुसूचित जाति बालिकाओं का ऑनलाइन सूचना प्रदान करना तथा वरिष्ठता सूची में मांगी गई टीईटी की सूचना प्रदान करने सहित विद्यालयों से संबंधित अनेकों विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान विद्या विलास पाठक, भूपेंद्र श्रीवास्तव बृजेश सलिल, अनीस अहमद, विनोद कुमार, एआरपी कुमार अभय, हरिओम, श्रवण मिश्रा और जितेंद्र राय सहित प्रखर शुक्ला, नदीम अहमद,विशेश्वर सिंह, अजय, मनोज श्रीवास्तव,पवन पाण्डेय, अमरीन सहित विकास खंड के शिक्षक शिक्षिकाएँ मौजूद रहे।

## झारखंड से लापता मासूम भाई बहन की खोज में सहयोग करें आमजनः विराट शिरोमणि

**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने बताया कि झारखंड के जनपद रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मौसीबाड़ी मल्लार कोचा स्थित घर से दो लापता बच्चों अंश आयु 05 वर्ष व अंशिका आयु 04 वर्ष (भाई-बहन) 02 जनवरी 2026 से लापता है। स्थानीय पुलिस व जिला प्रशासन बच्चों की खोज में प्रयासरत है। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि स्टेट लीगल सर्विस अथारिटी के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा लापता मासूम बच्चों की खोज जैसे नेक कार्य सहयोग करने की अपेक्षा की गयी है। सचिव द्वारा आमजन के साथ साथ मीडिया प्रतिनिधियों से बच्चों की खोज में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गई है।

## पंजाब नेशनल बैंक की नई शाखा का शुभारंभ



**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के देहली बाजार में बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक की नई शाखा का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने पंजाब नेशनल बैंक के महाप्रबंधक (अंचल कार्यालय लखनऊ) मृत्युंजय तथा मंडल प्रमुख (अयोध्या) अवधेश कुमार तिवारी के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर शाखा का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि शिवकुमार सिंह ने कहा कि देहली बाजार में बैंक शाखा खुलने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बैंकिंग सुविधाएं सहजता से उपलब्ध होंगी। इससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और उपभोक्ताओं को अब बैंकिंग कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक कृष्ण दीपक वर्मा, उप प्रबंधक अनुज कुमार, ग्राम प्रधान विपिन यादव, प्रधान प्रतिनिधि विक्रम प्रताप सिंह 'गोलू', अभय प्रताप सिंह अजमल खान, मो. जकी, अफरोज जमा पठान, ग्राम प्रधान शिव बहादुर (पीरो सरैया), विकास सिंह, करमजीत सिंह गोरे, इंद्र प्रताप सिंह (पूर्व उपनिरीक्षक), शेष नारायण श्रीवास्तव, शिव प्रताप सिंह (देवलपुर) सहित अन्य जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## स्टाफकारण बताओ नोटिस निर्गत करें

**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड शिकोहाबाद के प्राथमिक विद्यालय नगला महुआ, उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर, प्राथमिक विद्यालय धौरऊ हिम्मतपुर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय धौरऊ हिम्मतपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाई गयी कमियों के दृष्टिगत प्राथमिक विद्यालय नगला महुआ के समस्त स्टाफ को कारण बताओ नोटिस निर्गत स्पष्टीकरण उपलब्ध कराये जाने के आदेश निर्गत किया गया है। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निरीक्षण में प्र0अ0ध्स0अ0 को विद्यालयों में छात्र उपस्थिति बढ़ाये जाने, समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था किये जाने के निर्देश के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही 24 जनवरी, 2026 से आयोजित होने वाली द्वितीय सत्र परीक्षा एवं डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं के माध्यम से निपुण आंकलन के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में 8 हजार श्रमिकों का किया पंजीकरण

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी रमेश रंजन के प्रयासों से प्रशासन लगातार सर्वोदय के मूल मंत्र को आत्मसात् करते हुए जनपद में समाज के सभी वर्गों के उत्थान हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है, बुनियादी सुविधाओं से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार तक हर क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित किया जा रहे हैं, श्रमिकों के कल्याण हेतु चलाई जा रही प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत अब तक 8 हजार से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है, वहीं निर्माण कामगारों को कार्यस्थल पर मृत्यु की दशा में 5 लाख रू0, स्थायी दिव्यंगता पर 3 लाख रू0 और आंशिक दिव्यंगता पर 2 लाख रू0 की भी सहायता दी जा रही है, वहीं पंजीकृत श्रमिकों की दुर्घटना से मृत्यु पर 5 लाख, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख, दिव्यंगता की स्थिति में दो से चार लाख रुपए एवं अंत्येष्टि हेतु 25 हजार रू0 का हित लाभ प्राप्त हो रहा है।

इसी तरह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत 2017 से 2025 तक कुल 46675 लाभार्थी थे, जिन्हें 24930.59 लाख का भुगतान किया गया है, इसी तरह वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत वर्ष 2017 से 2025 तक कुल 405740 लाभार्थी है, जिन्हें कुल 33289.77 लाख का भुगतान किया गया। इसी तरह दिव्यांग पेंशन योजना अंतर्गत कुल 14401 लाभार्थी थे, जिन्हें 2931.54 लाख का भुगतान किया गया, पेंशन योजनाओं में सभी भुगतान की प्रक्रिया ऑनलाइन डीवीडी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में भेजी गई, जो पूरी तरीके से पारदर्शी है। इसी तरह अन्नदाताओं के उत्थान हेतु शासन एवं प्रशासन सदैव कृत संकल्पित नजर आ रहा है, जिसमें 2017 से 2025 तक जनपद में कुल 255306 किसान सम्मान निधि के लाभार्थी थे, जिन्हें 75666 लाख की राशि का भुगतान किया गया है, इसी तरह किसान ऋण मोचन के तहत 52558 किसान लाभार्थी थे, जिन्हें 18203.22 लाख राशि का भुगतान किया गया। इसी तरह कल्याणकारी योजनाओं से सामाजिक समावेशन को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 227786 लाभार्थियों को लाभांवित किया जा चुका है, जबकि प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत जनपद में अब तक 1334454 लोगों के बैंक खातें खोले गए हैं, जबकि 475682 लोगों को अब तक निःशुल्क राशन वितरण किया गया है, जबकि 15891 व्यक्तिगत शौचालय (शहरी) और 96096 व्यक्तिगत शौचालय (ग्रामीण) जबकि 543 सामुदायिक शौचालय ग्रामीण का जनपद में निर्माण किया जा चुका है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जनपद में कुल 10797 लाभार्थियों के खातों में 12956.40 लाख की धनराशि प्रेषित की जा चुकी है, इसी तरह मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2514 लाभार्थियों के खाते में वर्ष 2017 से 2025 तक 3016.80 लाख की धनराशि प्रेषित की जा चुकी है, इसी तरह 640254 कुल नागरिकों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा चुका है, जो उनको मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी रमेश रंजन के प्रयासों से जनहितकारी योजनाएं लगातार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, और मुख्यमंत्री का सपना अंतोदय से सर्वोदय तक जनपद में जिलाधिकारी के नेतृत्व में निरंतर पूरा हो रहा है।

# सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें

**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली निकाल कर आमजन को स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया।

रैली का आरंभ प्राचार्य प्रोफेसर विशाल पाठक द्वारा किया गया स इस दौरान प्रोफेसर प्रेम प्रभाकर, पीओ डॉ टीएच नकवी एवं जिला समन्वयक प्रोफेसर एमपी सिंह की उपस्थिति में रैली कॉलेज प्रांगण से शंभू नगर जसलई मार्ग से होते हुए पालीवाल चौराहे पहुंची। यहां पर छात्र छात्राओं ने यात्रियों से हेलमेट तथा सीट बेल्ट लगाने के साथ-साथ तीन सवारियों को न बिठाने का सुझाव दिया ताकि सुरक्षा नियमों का पालन हो सके।

# प्राथमिक शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के संबंध में सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद।** प्राथमिक शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम जिलाधिकारी फिरोजाबाद को ज्ञापन सोंपा। मानव शक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष विनीत यादव के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। साथ ही ज्ञापन में विनीत यादव जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद ने कहा कि वर्तमान में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति उत्तरोत्तर खराब होती जा रही है जो कि गंभीर एवं विचारणीय विषय है। बच्चे देश का भविष्य होते हैं और उनको अच्छी गुणवत्तापूर्ण बेहतर शिक्षा प्रदान करना हम सबका एवं सरकार का परमदायित्व होता है। अतः प्राथमिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए निम्न बिंदुओं पर विचार कर क्रियान्वयन करें तो बेहतर शिक्षा हो सकती है। सन 2018 के बाद प्राथमिक शिक्षकों की प्रदेश में कोई भर्ती नहीं हुई है जिससे लगभग 181276 पद वर्तमान में खाली पड़े हैं, जो की गंभीर स्थिति है कृपया करके अति शीघ्र इनको अभियान के तहत भरा जाए। आगे कहा कि न्यायालय में प्राथमिक शिक्षा भर्ती के मामले लंबित हैं उनको शीघ्र निपटाने हेतु सरकार के द्वारा पहल की जाए। साथ ही प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जाए और प्राथमिक शिक्षकों से केवल शिक्षण का कार्य कराया जाए। साथ ही प्राथमिक स्तर पर नई तकनीक से शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की जाए। वाई. के. तोमर जी ने कहा कि मिड-डे मील योजना की जिम्मेदारी किसी संबंधित विभाग को दी जाए और प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। जिलाध्यक्ष मनु सिंह ने कहा कि प्राथमिक स्तर से ही छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर की शिक्षा दी जाए। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है इस पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन देते समय प्रदेश महासचिव मंजीत सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राहुल देव, राष्ट्रीय सलाहकार समिति के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण बाबूजी, प्रदेश सचिव महिपाल सिंह, मानव शक्ति पार्टी महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष आगरा डॉ. सुनैना यादव, फिरोजाबाद महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनु सिंह, मंडल उपाध्यक्ष साधना देवी चौहान, मंडल महासचिव अनुपम सक्सैना, जिला उपाध्यक्ष पुष्पलता पाठक, शैलेंद्र सिंह चौहान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, जिला महासचिव अविनाश कुमार, जिला उपाध्यक्ष कृष्पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनमोहन कुमार,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ओमकार माधव शास्त्री, विधि प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, शिकोहाबाद विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, विधानसभा उपाध्यक्ष सिरसागंज नवलेश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष सिरसागंज व्यापार प्रकोष्ठ राहुल यादव, जिला उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ इंद्र मोहन आदि उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 30 से

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** भारतीय भाषा समिति शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित और राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय आई क्यू ए सी व हिंदी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 30 व 31 जनवरी को होगी। महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद संगोष्ठी कक्ष में होने वाली भारतीय भाषा परिवार अंतर्सम्बंध और सांस्कृतिक संवाद विषयक इस संगोष्ठी में देशभर के विद्वान अपने विचार व्यक्त करेंगे। संगोष्ठी के समन्वयक हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर इंद्रमणि कुमार ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य भारतीय भाषाओं के अध्ययन के औपनिवेशिक, यूरो केंद्रित और विभेदकारी दृष्टिकोण को चिन्हित करते हुए इस संदर्भ में वैकल्पिक दृष्टिकोण की प्रस्तावना तैयार करना है। इस दृष्टिकोण में भारत की विभिन्न भाषाओं में समानता, सहजीविता और सांस्कृतिक संवाद के सूत्रों का रेखांकन निहित है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन भारतीय भाषा समिति द्वारा नेशनल बुक ट्रस्ट से प्रकाशित दो पुस्तकों भारतीय भाषा परिवार अ न्यू फ्रेमवर्क इन लिंग्विस्टिक्स और कलेक्ट स्टडीज ऑन भारतीय भाषा परिवार पर्सपेक्टिव एंड होरीज़ंस और उनमें उठाए गए मुद्दों पर केंद्रित होगा। संगोष्ठी में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश चंद्र शर्मा, मुम्बई विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. रामजी तिवारी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के भाषा विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अभिनव कुमार मिश्र, हैदराबाद विश्वविद्यालय के प्रो. गजेंद्र पाठक, इलाहाबाद विश्व विद्यालय के प्रो. विजय कुमार राय, रामजस कॉलेज दिल्ली के डॉ उमाशंकर पांडेय , युगतेवर के सम्पादक कमलनयन पांडेय व के एन आई के पूर्व प्राचार्य प्रो. राधेश्याम सिंह सहित अन्य जाने-माने विद्वान, शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी अपने विचार रखेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह आयोजन शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्वत समाज के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह तथा प्रबंधक एडवोकेट बालचंद सिंह समेत महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उत्साह के साथ आयोजन की तैयारी में जुटे हैं।

# धर्म गुरुओं के अपमान पर सड़कों पर उतरी कांग्रेस, किया जोरदार प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**





**सुल्तानपुर।** प्रयागराज के माघ मेले में ज्योतिपीठ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के साथ प्रशासन द्वारा की गई कथित मारपीट व गाली-गलौज की घटना ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। सरकार की खुली संरक्षण में प्रशासन की बर्बरता के विरोध में बुधवार को कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पर जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की और प्रशासन को चेतावनी दी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में कांग्रेसियों ने जुलूस निकालकर व नारेबाज़ी करके विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी कार्यालय के सामने सडक पर बैठकर घण्टों नारेबाजी की व दोषी अधिकारियों के खिलाफ तत्काल निलंबन औरपूरी घटना की न्यायिक जांच की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि जगतगुरु शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी भगवान शंकर के आंशिक अवतार माने जाते हैं उनसे बड़ा कोई हिंदू धर्म में नहीं है ऐसे हमारे सम्मानित धर्मगुरु के साथ मारपीट और अपमान करना यह साबित करता है कि यह सरकार पूरी तरह तानाशाही पर उतर आई है। प्रशासन सत्ता के नशे में चूर होकर संतों पर भी लाठियां चला रहा है। कांग्रेस इस अन्याय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। वही उन्होंने सरकार पर सीधा हमला बोला और कहा कि भाजपा सरकार में न तो धर्म सुरक्षित है, न ही धर्मगुरु है।शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि धर्मगुरुओं का अपमान पूरे हिन्दू समाज का अपमान है, दोषी अधिकारियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। कांग्रेसियों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से जुलूस निकालकर लाल डिग्गी चौराहा, सुपर मार्केट बड़ा डाकखाना चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में सड़क पर बैठकर जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में सलाउद्दीन हाशमी, राजेश तिवारी, वरुण मिश्रा, सुब्रत सिंह सनी, ममनून आलम, आवेश अहमद,जफर खान, रणजीत सिंह सलूजा, सियाराम तिवारी, राहुल त्रिपाठी, शरद श्रीवास्तव, श्रीमती राम कुमारी,हमीद राइनी,अतहर नवाब,मो. कमर खान, अशोक सिंह, मनीष तिवारी, नंदलाल मोर्य, मोहित तिवारी, देवेंद्र तिवारी, संतोष वर्मा, मनीष तिवारी, मो. अतीक,मोहसिन सलीम, सियाराम वर्मा,दिनेश तिवारी, इन्द्रकेश शर्मा, सर्वेश सिंह सोनू, राहुल मिश्र, एजाजुद्दीन, राम लौट यादव आदि कांग्रेस नेता व पदाधिकारी शामिल रहे।

# कोल इंडिया की हाई पावर कमेटी का दो दिवसीय एनसीएल दौरा सम्पन्न

- बीना, अमलोरी एवं निगाही परियोजनाओं का किया निरीक्षण
- संविदाकर्मियों के वेतन, सामाजिक सुरक्षा एवं कार्य-परिस्थितियों की हुई समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** संविदाकर्मियों के वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी के उद्देश्य से गठित कोल इंडिया की हाई पावर कमेटी ने एनसीएल की बीना, अमलोरी एवं निगाही परियोजनाओं का दौरा किया। इस दौरान समिति के सदस्यों में केशव राव, निदेशक (मानव संसाधन)-एमएसीएल, मनीष कुमार, निदेशक (मानव संसाधन)-एनसीएल, मु.अंजार आलम, निदेशक (वित्त), ईसीएल, सी.एस. तिवारी, निदेशक (तकनीकी), सीसीएल, गौतम बनर्जी, कार्यकारी निदेशक (एचआर), सीआईएल, जयब्रत मजूमदार, महाप्रबंधक (सीएमसी), सीआईएल, रंजन बेहरा (बीएमएस), शिवकांत पांडे (एचएमएस), नरेश मंडल (एटक), मानस चटर्जी (सीटू) उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर महाप्रबंधक (अमलोरी क्षेत्र) आलोक कुमार, महाप्रबंधक (बीना क्षेत्र) आर के सिंह, महाप्रबंधक (निगाही क्षेत्र) राजेंद्र वर्मा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) समीर बरला, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) राजेश चौधरी, अमलोरी, बीना व निगाही परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

हाई पावर कमेटी ने मंगलवार को बीना व अमलोरी परियोजना का दौरा किया व बुधवार को निगाही परियोजना का दौरा किया। इस अवसर पर खदानो का निरीक्षण किया साथ ही संविदा श्रमिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं जैसे कैंप, रेस्ट शेल्टर, कैंटीन आदि का जायजा लिया गया।

सदस्यों ने संविदा कर्मियों से संबंधित वेतन भुगतान, बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली, स्वास्थ्य व अन्य लाभों की विस्तार से समीक्षा की। समिति ने संविदा श्रमिक शिविरों में विभिन्न वैधानिक दस्तावेजों की जांच भी की व एनसीएल की कार्यसंस्कृति व संविदा कर्मियों को दी जाने वाली सुविधाओं की सराहना की।

समिति के सदस्यों ने परियोजना में अधिभार हटाव में कार्यरत संविदा श्रमिकों से संवाद कर उनकी कार्य-परिस्थितियों, सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर फीडबैक लिया। इस अवसर पर बीना परियोजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों को सम्मानित भी किया गया। समिति के सदस्यों ने निगाही में ड्रैगलाइन संचालन व सतत खनन पहल के तहत विकसित बरेजा ईको-पार्क भी देखा।

गौरतलब है कि यह संयुक्त समिति एनसीएल के दो दिवसीय दौरे थी जो संविदा श्रमिकों के जीवन स्तर, कार्य-परिस्थितियों एवं सामाजिक सुरक्षा के उन्नयन हेतु समग्र मूल्यांकन कर अपने सुझाव देती है, जिससे भविष्य में संविदाकर्मियों के हित में और अधिक प्रभावी नीतिगत सुधार सुनिश्चित किए जा सकें।

## 23 जनवरी को शाम 6 बजे बजेगा सायरन, रहेगा ब्लैक आउट

**हमीरपुर।** आगामी 23 जनवरी 2026 को उत्तर प्रदेश दिवस एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा शहर में एक व्यापक ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह पूर्वाभ्यास हवाई हमले से बचाव एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) विजय शंकर तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मॉक ड्रिल स्पोर्ट्स स्टेडियम, हमीरपुर में आयोजित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सायरन की आवाज या अचानक होने वाले अंधेरे से नागरिक घबराएं नहीं, यह केवल एक अभ्यास है। बताया गया कि मॉक ड्रिल का प्रदर्शन शाम 5 बजे से शुरू होगा। ठीक शाम 6 बजे हवाई हमले की चेतावनी के रूप में 2 मिनट तक ऊंची-नीची आवाज में सायरन बजाया जाएगा। इसके साथ ही ड्रिल क्षेत्र में ब्लैक आउट (बिजली कटौती) की जाएगी। खतरा टलने का संकेत देने के लिए अंत में 2 मिनट तक एक ही आवाज में 'ऑल क्लियर' सायरन बजाया जाएगा। इस दौरान पुलिस, फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस वाहन सायरन बजाते हुए स्पोर्ट्स स्टेडियम की ओर सक्रिय रहेंगे।

## लॉ एंड ऑर्डर से कोई समझौता नहीं, कानून से खिलवाड़ करने वाले जाएंगे सलाखों के पीछे: अखिलेश



**चोपन/सोनभद्र (अवधनामा संवाददाता)** बुधवार को नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने पत्रकारों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में कानून का राज हर कीमत पर कायम रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और लॉ एंड ऑर्डर से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशे के कारोबार सहित सभी प्रकार के आपत्तिजनक एवं अवैध गतिविधियों पर पूरी सख्ती के साथ अंकुश लगाया जाएगा। कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे तत्वों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र की तत्काल सुनवाई की जाएगी तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विशेष रूप से महिला संबंधी अपराधों पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रभावी रोकथाम की जाएगी। बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने आमजन से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की और कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा और विश्वास के लिए हर समय तत्पर रहेगी।

## अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड डाला सीमेंट वर्क्स ने सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

**सोनभद्र/डाला (अवधनामा संवाददाता)** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड डाला सीमेंट वर्क्स , सी एस आर कार्यक्रमों के अंतर्गत दिनांक 21 जनवरी 2026 को स्किल ट्रेनिंग सेंटर , डाला मेंइकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर के दिशा निर्देशन , मानव संसाधन प्रमुख संजीव राजपूत के मार्गदर्शन में कैप्टन रोहित फरासी के द्वारा सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में कैप्टन रोहित फरासी के द्वारा ग्रामीण युवाओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं को विडियो के माध्यम से जागरूक किया गया जिनमें मुख्य रूप से सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु अपनी पहल के बारे में विशेष रूप से जोर दिया गया ,कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टर बनाए गए ,एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत बच्चों ने आम राहगीरों को रोक कर गाड़ी में सीट बेल्ट लगाने , दोपहिया वाहनों के लिए हेलमेट, ट्रैफिक नियमों आदि के बारे में जानकारी दी ,साथ ही उनके वाहनों पर रिफ्लैक्टिव टेप लगाया।

# पिकअप से गिरकर युवक की मौत, सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम (हरदोई)।** पुआल से भरी पिकअप गाड़ी के ऊपर बैठकर यात्रा कर रहे युवक की गिरने से मौत हो गई। यह हादसा बिलग्राम क्षेत्र में गंगा हाईवे स्थित रेस्ट एरिया के पास हुआ। मृतक की पहचान सुनील, निवासी बैफरिया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की मौत पिकअप से गिरने के कारण होना सामने आया है।

जानकारी के मुताबिक गांव का ब्रजेश अपने दोस्त सुनील को दावत खाने अजतूपुर लेकर गया था। लौटते समय पिकअप वाहन में पुआल लदा हुआ था। पिकअप के केबिन में ब्रजेश अपनी पत्नी व बच्चों के साथ बैठ गया, जबकि जगह न होने के कारण सुनील पुआल के ऊपर बैठकर यात्रा करने लगा।

गंगा हाईवे के रेस्ट एरिया के पास मोड़ आने पर संतुलन बिगड़ने से सुनील पिकअप से नीचे गिर गया। चालक ब्रजेश का कहना है कि वह सुनील को उठाने के लिए गया और पानी भी डाला, लेकिन वह नहीं उठा। इसी दौरान मौके पर कुछ लोग एकत्र हो गए। परिवार साथ होने के कारण वह घबरा गया और पिकअप लेकर घर चला गया। बाद में जब वह वापस लौटा, तब तक पुलिस शव को कब्जे में ले चुकी थी।

ब्रजेश ने यह भी बताया कि सुनील पिछले दो दिनों से लगातार शराब का सेवन कर रहा था और अत्यधिक नशे में था। मना करने के बावजूद वह पिकअप पर हंगामा कर रहा था बिलग्राम पुलिस ने पिकअप वाहन को बरामद कर लिया है तथा चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए हैं। वहीं, कुछ कथित व राजनीतिक लोगों द्वारा घटना को हत्या की साजिश बताने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयानों के आधार पर ही निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## भूमाफिया का आतंकः तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा, रोकने पर गाली-गलौज

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे में भूमाफिया के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे सरकारी तालाबों के अस्तित्व को मिटाने पर तुले हुए हैं। ताजा मामला स्टेशन रोड स्थित रहमानिया इंटर कॉलेज के तालाब का है। कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. रजिया सुल्ताना ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि कमलेश, चिल्लू और चुनइया जैसे लोग समय-समय पर तालाब की जमीन पर अवैध निर्माण करते रहते हैं। हाल ही में जब शिया नाम के व्यक्ति द्वारा किए जा रहे निर्माण को कॉलेज कर्मियों ने रोकने का प्रयास किया, तो आरोपी गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गया। हालांकि, इस मामले में थाना प्रभारी संतोष सिंह ने न्यायालय में होने के कारण अभी कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी है। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बावजूद तालाबों पर हो रहे इन कब्जों से स्थानीय लोगों में रोष है।

## नेशनल हाईवे-34 पर भीषण टक्करः ऑटो के उड़े परखचे, तीन गंभीर रूप से घायल



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** मंकराव के पास नेशनल हाईवे-34 पर एक अज्ञात वाहन ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान शिवदत्त (32) निवासी छानी, बबलू (32) निवासी बाकी और यशोदा (30) निवासी अरतरा तिराहा के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। शिवदत्त की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## जीपीएल कप सीजन-19ः रोमांचक मुकाबले में हथौड़ा कमहरिया ने फजल-11 को 1 रन से हराया



**गुसियारी (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** एपीजे अब्दुल कलाम खेल मैदान में आयोजित जीपीएल कप के छठे मैच में शनिवार को रोमांच की पराकाष्ठा देखने को मिली। हथौड़ा कमहरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 170 रनों का लक्ष्य रखा, जिसमें जाहिद ने 69 रन और मनोज ने 34 रनों का योगदान दिया। जवाब में उतरी फजल-11 हमीरपुर की टीम ने कड़ी टक्कर दी। शहनवाज (74 रन) और बिलाल (54 रन) की तूफानी पारियों के बावजूद टीम 169 रन ही बना सकी और मात्र 1 रन से मैच हार गई। शानदार प्रदर्शन के लिए जाहिद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## सुमेरपुर में कृषक प्रशिक्षणः नई तकनीक और स्प्रिंकलर सिंचाई पर जोर

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** उद्यान विभाग द्वारा पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख जयनारायण यादव और जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने किसानों को आधुनिक खेती और नवीन सिंचाई पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न कंपनियों द्वारा स्प्रिंकलर और ड्रिप इरिगेशन का लाइव डेमो दिया गया। प्रगतिशील किसान रघुवीर सिंह राजपूत ने औषधीय खेती के अपने अनुभव साझा किए। ब्लॉक प्रमुख ने स्वयं जैन इरिगेशन से पंजीकरण कराकर किसानों के सामने मिसाल पेश की।

## खेत में काम करते समय अधेड़ को सांप ने डसा

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम खडेही में सर्पदंश की घटना सामने आई है। 50 वर्षीय रमेश पुत्र राम आसरे अपने खेत में काम कर रहे थे, तभी एक जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार, समय पर इलाज मिलने के कारण रमेश की हालत अब स्थिर बनी हुई है।

## ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच- एनटीपीसी विंध्याचल की पहल से क्रिकेट टूर्नामेंट का आग़ाज़

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** खेलों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत 20 जनवरी, 2026 को मिनी स्टेडियम, नवजीवन विहार, विंध्यनगर में ग्रामीण टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। पाँच दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की 20 टीमों ने भाग लिया, जिससे आयोजन को खासा उत्साह और जनभागीदारी मिली। उद्घाटन मुकाबला अनपरा और सरसवाह की टीमों के बीच खेला गया। उद्घाटन समारोह में स्टेशन की ओर से कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल की उपस्थिति रही, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद श्यामला देवी वर्मा सहित अनेक स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। यह आयोजन ग्रामीण युवाओं में खेल अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्र में खेल संस्कृति को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खेलों के माध्यम से समावेशी सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है, जो एनटीपीसी की सामाजिक उत्तरदायित्व की सोच को प्रतिबिंबित करता है।

## 23 जनवरी को पुलिस लाईन में आयोजित होगा ब्लैक आउट मॉक ड्रिल

**बहराइच।** अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश दिवस-2026 एवं नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस के अवसर पर 23 जनवरी 2026 को सांय 06:00 बजे से पुलिस लाइन प्रांगण में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। मॉक ड्रिल में जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, राज्य आपदा मोचन बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, अग्निशमन एवं आपात सेवायें, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बन्धित विभागों/संस्थानों/संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि ब्लैक आउट के दौरान क्या करें और क्या न करें के सम्बन्ध में जारी की गई एडवाईज़री के माध्यम से आमजन को सुझाव दिया गया है कि एअर रेड सायरन बजने पर शांतिपूर्वक अपने सुरक्षित स्थान पर शरण लें।

# भ्रष्टाचार पर एंटी करप्शन टीम का बड़ा प्रहार

- 10 हजार की रिश्वत लेते पंचायत सचिव रंगे हाथ गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा (हमीरपुर)।** जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बांदा की एंटी करप्शन टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सुमेरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत सचिव को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से ब्लॉक परिसर और कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया है। सुमेरपुर विकास खंड में तैनात ग्राम पंचायत सचिव शिवशंकर पाल के पास ग्राम पंचायत बदनपुर का अतिरिक्त प्रभार था। ग्राम पंचायत प्रतिनिधि अजय साहू के मुताबिक, उनके गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य कराया गया था, जिसकी कुल लागत 1 लाख 30 हजार रुपये थी। आरोप है कि इस भुगतान को जारी करने के बदले में सचिव शिवशंकर पाल 30 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहे थे। जब अजय साहू ने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई, तो मामला 10 हजार रुपये पर तय हुआ। इसके बाद पीड़ित ने भ्रष्टाचार की शिकायत बांदा स्थित एंटी करप्शन टीम से कर दी।

**जाल बिछाकर की गई गिरफ्तारी-** शिकायत की पुष्टि होने पर एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक राकेश सिंह के नेतृत्व में एक ट्रैप टीम गठित की गई। जैसे ही सचिव ने पटेल नगर, सुमेरपुर में रिश्वत की राशि स्वीकार की, टीम ने उन्हें रंगे हाथों दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद सचिव को मौदहा कोतवाली लाया गया, जहां उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ग्राम पंचायत प्रतिनिधि की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। सचिव शिवशंकर पाल को 10 हजार रुपये लेते हुए गिरफ्तार किया गया है और मौदहा पुलिस के सुपुर्द कर आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। > – राकेश सिंह, निरीक्षक, एंटी करप्शन टीम (बांदा इकाई)

# क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान विंध्याचल द्वारा श्रम संहिताओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** आरएलआई विंध्याचल ने 19 एवं 20 जनवरी, 2026 को ÷नई श्रम संहिताएँ÷ विषय पर अर्द्ध दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य चारों समेकित श्रम संहिताओं तथा उनके कार्यस्थल पर प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

प्रशिक्षण चार बैचों में आयोजित किया गया, जिसमें विंध्याचल, सिंगरौली एवं रिहंद से आए कर्मचारी, एसएमसी सदस्य एवं कर्मचारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं वक्ता अमर नाथ वर्मा, पूर्व कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन), एनटीपीसी के स्वागत के साथ संजीव कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) द्वारा किया गया। अपने संबोधन में साहा ने वैधानिक जागरूकता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि नई श्रम संहिताओं की समझ, बदलते औद्योगिक परिवेश में अनुपालन सुनिश्चित करने तथा श्रम संबंधी मुद्दों के प्रभावी प्रबंधन के लिए अत्यंत आवश्यक है। ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समेकित श्रम संहिताओं से प्रक्रियाएँ सरल हुई हैं और उनके क्रियान्वयन में स्पष्टता आई है। उन्होंने आरएलआई विंध्याचल की इस पहल की सराहना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि इससे एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में एकरूपता एवं व्यावहारिक समझ को मजबूती मिलेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वीएसआर क्षेत्र के लगभग 153 कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सत्रों का समापन संवादात्मक चर्चाओं एवं प्रश्नोत्तर के साथ हुआ, जिससे एनटीपीसी की सुदृढ़ अनुपालन व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंधों के प्रति प्रतिबद्धता पुनः पुष्ट हुई।

## अमृत सरोवर योजना की खुली पोल,कागजों में 29 लाख खर्च,जमीन पर अधूरा तालाब

**सुल्तानपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गांवों में जल संरक्षण को लेकर शुरू की गई अमृत सरोवर योजना की जमीनी हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में है। बल्दीराय विकास खंड की ग्राम पंचायत बरसांवां में स्थित शीतल बाबा अमृत सरोवर के निर्माण को लेकर लगाए गए सूचना बोर्ड ने कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर किए हैं।अमृत सरोवर का निर्माण कार्य 5 अक्टूबर 2022 को शुरू हुआ था, जिसकी कुल लागत करीब 28.96 लाख खर्च हुए हैं। इसमें श्रमांश मद में 18.46 लाख रुपये और सामग्री मद में 10.49 लाख रुपये खर्च होना बताया गया है। हालांकि मौके पर पहुंचने पर हालात इससे बिल्कुल उलट नजर आते हैं।गांव निवासी सुल्तान बेग ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है।

# हरदोई में कृषि निवेश मेला व कृषक प्रदर्शनी का आयोजन

- कृषक जागरूकता के लिए विकास खंडों में कृषि मेला
- प्राकृतिक खेती को लेकर किसानों को किया गया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता योजना के साथ ही सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अन्तर्गत कृषि निवेश मेला एव कृषक प्रदर्शनी का आयोजन जनपद के विकास खण्ड बेहन्दर, हरियावा एवं शाहाबाद में आयोजित किये गये। विकास खण्ड बेहन्दर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक बालामऊ रामपाल वर्मा , उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर हरदोई विनीत कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक डाश टी0एन0 राय द्वारा प्रतिभाग किया गया। विधायक द्वारा कार्यकम स्थल पर उपस्थित कृषको को सम्बोधित करते हुये केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कृषको के हित में चलाई जा रही समस्त योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये कृषको को प्राकृतिक खेती करने का आवहान किया गया। इस मौके पर विधायक द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखायी गई। उनके द्वारा जैविक खेती, नैनो यूरिया का प्रयोग, बुवाई से पूर्व बीज शोधन करने संतुलित उर्वरक, तिलहनी व दलहनी फसलो के क्षेत्र को बढाना, आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कृषको को सम्बोधित करते हुये उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर हरदोई विनीत शुक्ला द्वारा बताया गया कि जो पात्र कृषक है वे फार्मर रजिस्ट्री कराकर अपना पीएम किसान योजना में पंजीकरण कर योजना में जुड सकते है। इसी के साथ उनके द्वारा जनपद के समस्त कृषको से अपील की सभी कृषक अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा ले। उनके द्वारा बताया गया जो कृषक जायद सत्र में मूंग, मूगफली, उर्द की खेती करने के इच्छुक है उन्हे कृषि विभाग द्वारा निशुल्क बीज मिनीकिट वितरित की जा रही है। निशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर जाकर बुकिंग कर बीज मिनीकिट प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम में कृषि के साथ ही पशुपालन, गन्ना, मत्स्य, उद्यान, इफको, विभागो के प्रतिनिधियों द्वारा कृषको को अपने विभाग से सम्बन्धी जानकरी भी दी गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा आलू गेहूँ, सरसों की फसलों के बारे में भी नवीनतम जानकारी देने के साथ मृदा परीक्षण कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार ही संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में इफको प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग करते हुये उर्वरक की उपलब्धता एवं प्रयोग की जानकारी दी गई। विकास खण्ड शाहाबाद में आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा के द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यकम में उपस्थित कृषको को कृषको के हित में कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओ की जानकरी दी गई। इस अवसर पर पीएम किसान योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।

## नहीं रहे दरगाह शरीफ के ख़ादिम राशिद वारसी



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** शहर के कटरा शहाब खां स्थित दरगाह हज़रत अबुल हसन शाह वारसी के ख़ादिम राशिद वारसी का मंगलवार दोपहर इंतकाल हो गया। बुधवार सुबह बाइस ख्वाजा कब्रस्तान में मरहूम के सैकड़ों चाहने वालों ने नम आंखों से सुपुर्दे ख़ाक कर लोगों ने रब तआला की बारगाह में हाथ उठाकर मगफिरत की दुआये की। बताया जाता है कि मरहूम कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे, मंगलवार सुबह तबियत बिगड़ने पर उन्हें ज़िला अस्पताल ले जाया गया वहां से उन्हें सैफई के लिए रिफर कर दिया गया, लगभग तीन बजे मरहूम का इंतकाल हो गया। मरहूम की मिट्टी दरगाह शरीफ लाई गई जहां पर आप से मोहब्बत करने वालें लोग पहुंच गए सभी ने आख़री दीदार कर दुआये मगफिरत की। ख़ुश मिजाज़, हरदिल अज़ीज़ चेहरे पर हमेशा मुस्कुराहट सबके दुख-सुख में हमेशा खड़े रहे मरहूम। सरकार वारिसे पाक और आपके फकीरों से बेपनाह मोहब्बत करने वाले और दरगाह वारसी की वर्षों ख़िदमत कर इस दुनिया से रुखसत हो गए मरहूम राशिद वारसी। दिल्ली में रह रही मरहूम की बहन और भांजी सबा ने आकर आख़री दीदार कर नम आंखों से भाई के लिए दुआये मगफिरत की।

## भाजपा नेता समीर दोहरे बने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक बुधवार को चौरसिया बगिया स्थित भाजपा नेता समीर दोहरे के आवास पर जिला महामंत्री धर्मेद्र कुमार जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समीर दोहरे ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर संगठन का जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। जिला कोषाध्यक्ष सवैश चौहान शहर प्रभारी संजय वर्मा युवा जिला महामंत्री रजीत सिंह कुशवाह ने फूलमाला पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। जिला प्रवक्ता इकरार अहमद जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन ने सदस्यता रशीद देकर सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौक़े पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लल्लू वारसी महिला जिला संरक्षक सुशीला राजावत महिला ज़िलाध्यक्ष अर्चना कुशवाह महिला जिला महामंत्री वर्षा दुबे जिला उपाध्यक्ष रिषी पोरवाल एडवोकेट जिला मंत्री संजीव राजपूत जिला मंत्री यामीन रिकू चौधरी जिला मंत्री वशीम राईन युवा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुशवाह नगर मंत्री आकाश वर्मा इबादुर रहमान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लर्निंग बाय डूइंग विषय पर एक शैक्षिक कार्यशाला का हुआ आयोजन



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** उच्च प्राथमिक विद्यालय कृपालपुर विकास खंड बसरेहर में स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह द्वारा लर्निंग बाय डूइंग विषय पर एक शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों एवं अध्यापकों को गतिविधि आधारित शिक्षण की अवधारणा की विस्तृत जानकारी दी। श्री सिंह ने कहा कि लर्निंग बाय डूइंग पद्धति से बच्चे केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहते, बल्कि व्यवहारिक अनुभव के माध्यम से सीखते हैं। इससे उनकी समझ गहरी होती है और रचनात्मकता, समस्या समाधान क्षमता तथा आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने इसे वर्तमान समय में स्किल डेवलपमेंट के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए विद्यालयों में इसके नियमित प्रयोग पर जोर दिया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से अध्यापकों को यह बताया गया कि शिक्षण को कैसे रोचक और प्रभावी बनाया जा सकता है। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस तरह की कार्यशालाओं के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

## बार कॉन्सिल ऑफ उ.प्र.चुनाव 2026



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** बार कॉन्सिल ऑफ उ.प्र.चुनाव 2026 के लिए मंगलवार व बुधवार दो दिन हुए मतदान में अधिवक्ताओं ने अपने-अपने पसंद के प्रत्याशियों को जम कर मत दिये।मतदान के दो दिन कचहरी में खूब चहल पहल देखने को मिली। बार कॉन्सिल ऑफ उ.प्र.चुनाव 2026 के सदस्य पद के प्रत्याशी जानकी शरण पांडेय,परेश मिश्रा,पवित्र दुबे,इमरान उल्लाह,आसिफ रज़्ज़ाक़ खान,राधा यादव,अनुराग पांडेय आदि कई प्रत्याशियों के बस्ते भी लगाए गए बस्तों पर उनके समर्थक सुबह से शाम तक जमे रहे और अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए वोट का अनुरोध भी करते रहे।सदस्य पद की प्रत्याशी अक्शा अज़ीम आदि प्रत्याशियों ने मतदान के अंतिम दिन बुधवार को आकर अपने-अपने लिए अधिवक्ताओं से वोट का अनुरोध किया।

# गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगी लखपति दीदियां

अवधनामा ब्यूरो

- कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की शान बनेंगी उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियां
- 23 जनवरी को दिल्ली रवाना होंगी, प्रदेश की 14 दीदियां




**लखनऊ।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के गहत गठित स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर कार्य करने वाली उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियों एवं उनके सहयोगियों द्वारा 26 जनवरी 2026 को गणतन्त्र दिवस पर कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली परेड में प्रतिभाग किया जाएगा। इन दीदियों को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग लखनऊ से 23 जनवरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि यह दीदियाँ दिल्ली मे परेड देखने से पहले मंत्री ग्रामीण विकास मन्त्रालय (भारत सरकार) शिव राज सिंह चौहान जी के नई दिल्ली मे आयोजित कार्यक्रम मे भी शामिल होंगी, जिसमे वह सबसे भेंट करेंगे। सभी दीदियो को अन्य राज्यों की दीदियों के साथ दिल्ली भ्रमण भी 27 जनवरी को कराया जाएगा।

देश की राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड-(26जनवरी 2025) के अवसर पर उत्तर प्रदेश की 14 दीदियों को विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर प्रतिभाग के लिए उत्तर प्रदेश से आमंत्रित किया गया है। दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की दीदियों को आमंत्रित किये जाने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए, आभार व्यक्त किया है। कहा है कि देश की राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर प्रतिभाग के लिए समूह की दीदियों को आमंत्रित किया जाना उत्तर प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इन दीदियों को भी बधाई व शुभकामनाएं दी है।

उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री का विचार रहता है कि गरीब से गरीब व्यक्ति राष्ट्रीय पर्व में देश की राजधानी में आमंत्रित हों। कहा कि सरकार गरीबी के दर्द को जानती है।

गरीबी के दर्द को जानने के कारण ही गरीबों का दर्द दूर करने में सफल हुयी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह सम्बन्धित जिलों की चयनित दीदियों से समन्वय बनाकर उन्हें समय से दिल्ली भेजने व वापस लाने आदि आवश्यक व्यवस्थाएं निर्देशानुसार सुनिश्चित करें।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 लखपति दीदियों में गोरखपुर की मन्शा देवी, (गतिविधि-ई-रिक्शा उद्यम एवं ई-रिक्शा ट्रेनर,) व राजकुमारी देवी (गतिविधि-पशुपालन-बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संघ से सम्बद्ध), झांसी की प्रवेश कुमारी (गतिविधि-पशु आहार उत्पादन इकाई), बिजनौर की रितु देवी, (गतिविधि-विदुर कैफे संचालन) व सुमन देवी (प्रेरणा कैफे) कौशाम्बी की सरिता देवी (ई - रिक्सा आधारित उद्यम, सेफ मोबिलिटी परियोजना), अलीगढ़ की ऋतु शर्मा (मशाला निर्माण एवं बिक्री), चित्रकूट की निर्मला देवी (दुग्ध व्यवसाय, बुन्देलखण्ड मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी से सम्बद्ध), इटावा की मन्त्रवती शाक्य (उन्नत कृषि) व विजेता गोयल (ब्यूटी पार्लर, जन सुविधा केन्द्र आदि), सम्भल की अनुपमा सिह (गोआधारित उत्पाद व अन्य कार्य) व मोनिका (सौन्दर्य प्रसाधन निर्माण) रायबरेली की गुड़िया देवी (दुग्ध व्यवसाय), तथा देवरिया की आशा (प्रेरणा कैण्टीन), हैं जो 23 जनवरी को दिल्ली के लिए लखनऊ से प्रस्थान करेंगी।

# प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र के आवेदन हेतु ऑनलाइन व्यवस्था : परिवहन मंत्री

अवधनामा ब्यूरो



- कुशल चालकों को ही मिलेगा स्थायी लाइसेंसः दयाशंकर सिंह
- सड़क सुरक्षा के लिए प्रत्यायन प्रशिक्षण केंद्र अनिवार्य
- ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया होगी और सख्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से कुशल चालकों को ही स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त हो, इसके उद्देश्य से ही सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार (मोर्थ) ने प्रत्यायन (प्रमाणन) प्राप्त चालन प्रशिक्षण केन्द्र (एडीटीसी) की स्थापना हेतु तथा उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया के संबंध में केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 में संशोधन कर नए प्राविधान जोड़े है। इसका मुख्य लक्ष्य चालन प्रशिक्षण को वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित बनाना है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना एवं रख-रखाव हेतु, पारदर्शिता पूर्ण पर्यवेक्षण हेतु आवेदन प्रपत्र समस्त वाछित अभिलेखों के साथ नए विकसित किए जा रहे पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएगें। अब तक इसके लिए विभाग में ऑफलाइन व्यवस्था थी। उन्होंने बताया कि जल्दी ही पोर्टल को लाइव कर दिया जाएगा। इस पर विभाग तेजी से काम कर रहा है। प्रत्यायन प्रशिक्षण केन्द्र हेतु 58 जनपदों (आईडीटीआर एवं डीटीटीआई को छोड़कर) में प्रत्यायन प्रशिक्षण केन्द्र की कार्यवाही हेतु आवेदन ऑफलाइन माध्यम से की जा रही थी लेकिन आगे से ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

परिवहन मंत्री ने बताया कि 10 लाख की आबादी पर 01 प्रत्यायन प्रशिक्षण चालन केन्द्र की स्थापना किए जाने का प्राविधान है। उन्होंने बताया कि 18 जनपदों के 21 सेंटर पर उक्त प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन विभाग कर रहा है।

सरकार की मंशा है कि सड़क पर प्रशिक्षित चालक ही वाहन चलाए। सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर है। मुख्यमंत्री की चिंता सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को लेकर है। समय-समय पर मुख्यमंत्री के निर्देश प्राप्त है कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु के आकड़ों को 50 प्रतिशत तक कम किया जाए।

# वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** किसान पथ पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। खुशहालगंज आउटर रिंग रोड के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान राजेश रावत (35 वर्ष) पुत्र जमुना रावत, निवासी ग्राम रायपुर, थाना फतेपुर चौरासी, तहसील सफीपुर, जनपद उन्नाव के रूप में हुई है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था और चार भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक की बहन रूबी ने बताया कि उनके भाई लखनऊ में अपने बुआ के लड़के साधु का हालचाल लेने गए थे, जिसका कुछ दिन पहले सड़क हादसा हो गया था। भाई को देखने के बाद जब राजेश वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी पारा थाना क्षेत्र अंतर्गत किसान पथ के खुशहालगंज आउटर रिंग रोड के पास यह दर्दनाक दुर्घटना हो गई। राजेश रावत के परिवार में पत्नी अंकिता और तीन बच्चे हैं। बच्चों में 13 वर्षीय पुत्री सोनी, 11 वर्षीय पुत्र सनोज और सबसे छोटा बेटा मोनू शामिल है। हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य होने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। सूचना मिलते ही पारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। हादसे के चलते कुछ समय के लिए किसान पथ पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने नियंत्रित कर सामान्य कराया। इस संबंध में पारा थाना इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि अभी तक मृतक के परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# सीजेएम विभांशु सुधीर का स्थानांतरण राजनीतिक उद्देश्य से : कांग्रेस

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** संभल हिंसा मामले में तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी सहित अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश देने वाले सीजेएम विभांशु सुधीर के स्थानांतरण को कांग्रेस ने राजनीतिक उद्देश्य से किया तबादला बताया है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने कहा कि अब इस मामले में न्यायपालिका खुद कटघरे में आ गयी है। न्यायपालिका को ही साबित करना है कि उसकी स्वतंत्रता बची है या उसने सरकार के आगे सरेंडर कर दिया है। श्री आलम ने एक बयान में कहा कि सरकार के मुस्लिम विरोधी नैरेटिव को बढ़ाने वाले पुलिस अधिकारियों पर कानून सम्मत आदेश देने पर जजों का तबादला करने के पीछे अन्य जजों को डराने की मंशा है ताकि बाकी जज भी सरकार के खिलाफ फैसले देने से डरें। इससे पहले भी दिल्ली दंगों में भाजपा नेताओं पर एफआईआर न दर्ज



कने और सही दिशा में जांच न करने पर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश देने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के जज एस. मुरलीधर का भी रातों-रात स्थानांतरण कर दिया गया था। इसी तरह राजस्थान के एक जज दिनेश कुमार गुप्ता का भी अडानी की एक कम्पनी पर 50 लाख का जुर्माना लगाने के बाद ही ट्रांसफर कर दिया गया था। वहीं प्रदेश कांग्रेस महासचिव संगठन अनिल यादव ने कहा कि संभल शाही मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा स्वतः स्फूर्त घटना नहीं बल्कि सत्ता और प्रशासनिक संरक्षण में हुई हिंसा थी। श्री यादव ने संभल हिंसा की निष्पक्ष जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश से कराने की मांग की। इसी के साथ उन्होंने दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ तत्काल आपराधिक कार्रवाई करने और जज विभांशु सुधीर का ट्रांसफर और डिमोशन तुरंत रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अनुज चौधरी का बचाव करते हुए कहना कि वह पहलवान है और पहलवान की भाषा कुछ लोगों को बुरी लगती है अत्यंत आपत्तिजनक है। यह बयान आरोपी अधिकारी को नैतिक संरक्षण और संदेश देता है कि सत्ता बल और भय की भाषा को वैध मानती है। लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद जब सीजेएम कोर्ट ने अनुज चौधरी तोमर व अन्य पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने का फैसला सुनाया तो दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई के बजाए जज विभांशु सुधीर का तबादला और डिमोशन करना न्यायपालिका पर सीधा हमला है।

## जनगणना में बाधा डाली तो जाना होगा तीन साल के लिए जेल

**लखनऊ।** जनगणना में बाधाडालने वालों को तीन साल के लिए जेल जाना पड़ेगा उत्तर प्रदेश सर्कार ने जनगणना के लिए जारी अधिसूचना में इस बात की घोषणा की है। सूचना के अनुसार अगर कोई जनगणना में बाधा डालता है तो उस पर 1000 रुपये तक जुर्माना और 3 साल तक जेल हो सकती है। प्रदेश में मई-जून में हाउस सर्वे होना है। इसमें प्रगणक घर-घर जाएंगे और संसाधनों के बारे में जानकारी जुटाएंगे। इससे पहले कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रक्रिया को व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए मंडल, जिला, तहसील, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, छावनी परिषद और औद्योगिक प्राधिकरणों में जनगणना संचालन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की सूची जारी की गई है। अधिसूचना के मुताबिक, कमिश्नर मंडल जनगणना अधिकारी, डीएम प्रमुख जनगणना अधिकारी और एडीएम (वित्त एवं राजस्व) जिला जनगणना अधिकारी होंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी,एवं संख्या अधिकारी और जिला पंचायतराज अधिकारी को अपर जिला जनगणना अधिकारी बनाया गया है।

# मतदाता को नोटिस और सुनवाई का मौका दिये बिना नाम न हटाएः अमित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शहर कांग्रेस कमेटी ने जिला निर्वाचन अधिकारी को बिना ठोस कारण और विवरण बड़ी संख्या में फार्म 6 और 7 जमा किये जाने को लेकर पत्र लिखा है। पत्र में मामले में त्वरित हस्तक्षेप करते हुए जमा किये गये फार्म 6 और 7 की संकलित सूची उपलब्ध कराने की मांग की गयी है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी ने जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि संज्ञान में आया है कि आपके अधिकार क्षेत्र में एसडीएम/ईआरओ/बीएलओ के समक्ष कई हजार फार्म 6 और 7 आवेदन जमा किये गये हैं, जिनमें से अधिकांश फार्म पूर्व मुद्रित हैं, जिनमें मतदाताओं का विवरण टाइप किया गया है। इसी तरह आपत्तिकर्ताओं के विवरण अस्पष्ट व अपठनीय हैं। यह भारत निर्वाचन आयोग के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। स्थानीय स्तर पर पूछताछ में मिला कि इन फार्मों का एक बड़ा हिस्सा बिना सत्यापन थोक में जमा किया गया है। आवेदनों में गंभीर कमियां पाई गयी हैं, जैसे आपत्तिकर्ता की पहचान का प्रमाण न होना, मोबाइल नम्बर न होना, आपत्ति के लिए कोई विशिष्ट कारण या विवरण न देना आदि। अमित त्यागी ने अपने पत्र में सभी फार्मों की कड़ी जांच जिसमें बीएलए के हस्ताक्षरों का अभिलेखों से मिलान और व्यक्तिगत आपत्तिकर्ताओं की पहचान व सम्पर्क विवरण का सत्यापन शामिल हो। मतदाता को नोटिस और सुनवाई का मौका दिये बिना नाम न हटाया जाए। जरूरी विवरण रहित हजारों अपूर्ण फार्म की तत्काल जांच कराई जाए, राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों को प्राप्त सभी फार्म 6 और 7 की सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए और पेश फार्मों की आवधिक संकलित सूचियों का सार्वजनिक प्रकटीकरण सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# महिला आयोग की बैठक में अपर्णा का न आना चर्चा का विषय

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष और मुलायम सिंह यादव की बहु अपर्णा यादव का आज महिला आयोग की बैठक में न पहुंचना चर्चा का विषय रहा। लेकिन आज उन्होने एक्स हैंडिल से शाम को 5.30 बजे भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष नितिन नबीन को बधाई दी है। जबकि अपर्णा यादव ने सोशल मीडिया पर अपने सभी पोस्ट्स में कमेंट सेक्शन बंद कर दिया है। इससे पहले उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कमेंट सेक्शन पब्लिक था। माना जा रहा है कि अपर्णा की सोशल मीडिया टीम ने यह फैसला उनके पति प्रतीक यादव की तलाक वाली पोस्ट के बाद लिया है।. राज्य महिला आयोग में समाज कल्याण विभाग की विमिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक एक कार्यशाला÷ का आयोजन किया गया था। इसमें



अध्यक्ष डॉ.बबीता सिंह चौहान के साथ उपाध्यक्ष चारू चौधरी और सदस्य हिमानी अग्रवाल, सुनीता श्रीवास्तव, अंजू प्रजापति, पूनम द्विवेदी, अनुपमा सिंह लोधी, सुजीता कुमारी, नीलम प्रभात, गीता बिन्द, गीता विश्वकर्मा, पुष्पा पाण्डेय, डा, प्रियंका मौर्या, मीनाक्षी भराला, सुनीता सैनी, अर्चना पटेल, जनक नंदिनी, रेनू गौड़ अवनी सिंह, सपना कश्यप और संगीता जैन मौजूद थीं। वहीं सोमवार को अपर्णा यादव को लेकर उनके पति प्रतीक यादव की पोस्ट को लेकर भी चर्चा रही। प्रतीक यादव ने अपने एक्स पोस्ट में अपर्णा यादव पर आरोप लगाते हुए तलाक़ देने तक की बात कही थी।

# रबी-खरीफ में नलकूप निर्बाध चलेंः स्वतंत्र देव

- राजकीय नलकूपों की सतत क्रियाशीलता के निर्देश
- सिंचाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहींः जलशक्ति मंत्री
- नलकूप व पम्प नहरों के समयबद्ध अनुरक्षण पर जोर



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजकीय नलकूपों की सतत क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए, विशेष रूप से रबी एवं खरीफ फसलों के सिंचाई काल में किसी भी प्रकार की बाधा न आने दी जाए। नलकूपों एवं पम्प नहरों के अनुरक्षण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि आकस्मिक खराबी की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि राजकीय नलकूपों एवं पम्प नहरों के संचालन और अनुरक्षण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा समयबद्धता एवं नवाचार पर अधिक से अधिक बल दिया जाए। क्षेत्रीय स्तर पर नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए तथा फील्ड से प्राप्त फीडबैक के आधार पर त्वरित कार्यवाही की जाए। लाभार्थी किसानों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि सिंचाई संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह निर्देश आज यहाँ उदयगंज स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सभागार में सिंचाई विभाग (यांत्रिक संगठन) की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में प्रदेश में स्थापित राजकीय नलकूपों, लघु डाल नहरों तथा वृहद एवं मध्यम पम्प नहरों के संचालन, अनुरक्षण एवं अनुश्रवण की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान यांत्रिक संगठन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति पर विभागीय अधिकारियों से गहन चर्चा की गई तथा कार्यों को और अधिक प्रभावी, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कुल 36,094 राजकीय नलकूप संचालित हैं, जिनके माध्यम से लगभग 30.06 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता सृजित की गई है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में 257 लघु डाल नहरें संचालित हैं, जिनसे लगभग 1.88 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता उपलब्ध हो रही है। साथ ही, प्रदेश में 30 वृहद एवं मध्यम पम्प नहरें कार्यशील हैं, जिनके शीर्ष कार्य यांत्रिक संगठन द्वारा सफलतापूर्वक संपादित किए जा रहे हैं। विगत 08 वर्षों के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कुल 291 परियोजनाएँ पूर्ण कराई गई, जिनसे लगभग 7.50 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता का सृजन/पुनर्स्थापन हुआ है। इन परियोजनाओं से प्रदेश के लगभग 7.44 लाख कृषक परिवार प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए हैं।

## पत्नी को बिजली का करंट लगाकर मारने का किया प्रयास

**लखनऊ।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र में दहेज लोभियों की क्ररूरता का एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है। एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के कुछ समय बाद ही उसे कम दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता के मुताबिक, ससुराल वाले उसे न केवल शारीरिक रूप से पीटते थे, बल्कि उसे जान से मारने की नीयत से बिजली का करंट लगाते और रसोई की गैस खोल देते थे। मामला तब और बिगड़ गया जब आरोपियों ने मायके से चार लाख रुपये नकद और एक चार पहिया गाड़ी लाने का दबाव बनाया।

पीड़िता ने जब अपनी असमर्थता जताई, तो उसे बेरहमी से पीटकर घर से निकाल दिया गया। वर्तमान में वह अपने मायके में रह रही है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसके पति ने पहली पत्नी के रहते हुए ही गांव की ही एक अन्य युवती के साथ कोर्ट मैरिज कर ली है और अब उसके साथ रह रहा है।

## दरगाह हजरत अब्बास में जश्ने हजरत अबुल फजलिल अब्बास 24 को

अवधनामा ब्यूरो


**लखनऊ।** अमीरउल मोमेनीन हजरत अली (अ.स.) के बेटे हजरत अब्बास (अ.स.) के जन्मदिन के मौक पर 24 जनवरी को दरगाह हजरत अब्बास रूस्तम नगर में एक शानदार अलम-ए-मुबारक कि जियारत करायी जायेगी। इसके बाद जश्ने हजरत अबुल फजलिल अब्बास का आयोजन होगा। अलम शुक्रवार रात 8 बजे सजाया जायेगा और बृहस्पतिवार को लोग इसकी जियारत कर सकेंगे। जश्न के लिए दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। जश्न का आगाज तिलावते कुराने पाक व हदीसे किसा से किया जायेगा। इसके बाद 110 बच्चे हजरत अब्बास (अ.स.) की शान में मनकबत पेश करेंगे। महफिल को मौलाना कल्बे जव्वाद और मौलाना हबीब हैदर सहित कई उलमा खिताब करेंगे।

# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र जरूरी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए नियम में बड़ा बदलाव किया गया है जिसके तहत अब फॉर्म 6 के साथ घोषणा पत्र भी देना होगा। नए नियमों के तहत आवेदक को वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं या अपने माता-पिता अथवा दादा-दादी/नाना-नानी में से किसी एक का विवरण देना होगा। इसमें संबंधित विधानसभा क्षेत्र, भाग संख्या और क्रम संख्या का उल्लेख अनिवार्य रहेगा।

यदि दिया गया विवरण सही नहीं पाया गया या निर्वाचन आयोग के डाटाबेस से मेल नहीं खाता है, तो आवेदक को नोटिस जारी किया जाएगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि फॉर्म-6 में आवेदक को अपना नाम, सही पता (शुद्ध वर्तनी में), नवीनतम स्पष्ट फोटो और मोबाइल नंबर अनिवार्य



रूप से दर्ज करना होगा। इसके साथ ही जन्म तिथि और जन्म स्थान के प्रमाण के लिए 13 में से किसी एक निर्धारित अभिलेख की मांग की जाएगी यदि कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं है, तो 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग के आवेदकों को माता-पिता के हस्ताक्षरयुक्त शपथ पत्र के साथ संबंधित अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना होगा। वहीं 21 वर्ष या उससे अधिक आयु के आवेदक केवल अपना घोषणा पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।निवास प्रमाण के तौर पर पानी, बिजली या गैस का बिल, आधार कार्ड, बैंक या डाकघर की पासबुक, पासपोर्ट, भूमि स्वामित्व से जुड़े अभिलेख, किराया अनुबंध या विक्रय विलेख स्वीकार किए जाएंगे। दस्तावेज उपलब्ध न होने की स्थिति में स्थलीय सत्यापन कराया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पात्र नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के आधिकारिक पोर्टल voter.eci.gov.in पर ऑनलाइन फॉर्म-6 और घोषणा पत्र भर सकते हैं। इसके अलावा ऑफलाइन आवेदन संबंधित बीएलओ (BLO) या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष भी जमा किया जा सकता है।

# 22, 24 और 26 जनवरी को यातायात परिवर्तित रहेगा

- इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस एंबुलेंस, शव वाहन, स्कूल वाहन और फायर ब्रिगेड को निकलवाएगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी में गणतंत्र दिवस परेड और रेहरसल को यातायात में परिवर्तन किया गया है। विधान भवन व चारबाग क्षेत्र में डायवर्जन लागू रहेगा, जबकि आपात सेवाओं को छूट दी जाएगी। 22 जनवरी को परेड का पूर्वाभ्यास और 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। 26 जनवरी को मुख्य परेड होगी। इसके लिए 22, 24 और 26 जनवरी को यातायात परिवर्तित रहेगा। इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस एंबुलेंस, शव वाहन, स्कूल वाहन और फायर ब्रिगेड को निकलवाएगी। इस दौरान चारबाग रेलवे स्टेशन और अमौसी एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करने की सलाह दी गई है।परेड मुख्यरूप से रविन्द्रालय, केकेसी तिराहा, छितवापुर चौकी, राणा प्रताप चौराहा, बर्लिंगटन (हुसैनगंज), बापू भवन (रॉयल होटल), विधानसभा मार्ग, हजरतगंज चौराहा, अल्का तिराहा, वाल्मीकि तिराहा, डीएम आवास, केडी सिंह बाबू स्टेडियम। तक होगी। वहीं आलमबाग/चारबाग से आने वाले वाहन : आलमबाग से चारबाग जाने वाले वाहन लाटूश रोड गुप्ता तिराहा से डाइवर्ट होकर बांसमंडी की ओर जा सकेंगे। डीएवी कॉलेज ओवरब्रिज और बांसमंडी से राणा प्रताप की ओर जाना प्रतिबंधित रहेगा। यह यातायात नत्था तिराहा, मवैया होकर जा सकेगा।

कैसरबाग से बर्लिंगटन या बापू भवन की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। इन्हें बांसमंडी, नत्था या परिवर्तन चौक की ओर डाइवर्ट किया जाएगा। सदर ओवरब्रिज से आने वाले वाहन कैंट, लालबत्ती, बंदरियाबाग और गोल्फ क्लब होकर जा सकेंगे।

गोमतीनगर से आने वाला यातायात सिकंदरबाग से हजरतगंज नहीं जा सकेगा। ये वाहन संकल्प वाटिका, हनुमान सेतु और सुभाष चौराहा होकर निकलेंगे। निशातगंज/महानगर से आने वाले वाहन संकल्प वाटिका से बैकुंठधाम, पीएनटी और जियामऊ होकर जा सकेंगे।

विधानसभा मार्ग हजरतगंज से रॉयल होटल पर यातायात 25 जनवरी की दोपहर 02:00 बजे से ही बंद कर दिया जाएगा, जो परेड समाप्ति तक जारी रहेगा।

बसे मवैया, कैंट, लालबत्ती, बंदरियाबाग, 1090 चौराहा और सिकंदरबाग होकर चलेंगी। कैसरबाग से ये बसें रॉयल होटल या हुसैनगंज नहीं आएंगी, बल्कि बांसमंडी या क्लार्क अवध, हनुमान सेतु होकर अपना रास्ता तय करेंगी।

एयरपोर्ट/रेलवे स्टेशन अमौसी एयरपोर्ट या चारबाग स्टेशन जाने वाले यात्री इस डायवर्जन को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त समय लेकर निकलें। एम्बुलेंस, फायर सर्विस और स्कूली वाहनों को चिकित्सा अपरिहार्यता की स्थिति में प्रतिबंधित मार्ग पर भी रास्ता दिया जाएगा।